राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-315
लखनऊ, शुक्रवार 05 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पौधों को लगाने से ज्यादा उन्हें बचाना जरूरी : केशव प्रसाद मौर्य 03

देश की सशस्त्र सेनाएं बदलाव स्वीकार करने के लिए रहें तैयार : सीडीएस 12

## कानपुर को केन्द्र सरकार व राज्य से मिला 206 करोड़ का इन्सेन्टिव

**कानपुर नगर निगम के सभी कार्य संतोष जनक : सुरेश खन्ना**

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एवं अच्छी रिकवरी करने की वजह से कानपुर नगर निगम को भारत सरकार से 106 करोड़ एवं राज्य सरकार से 100 करोड़ का इन्सेन्टिव मिला है।

यह जानकारी गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दी। मंत्री खन्ना गुरुवार को कानपुर भ्रमण पर पहुंचे और सर्किट हाउस के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक करने बाद बताया कि कानपुर नगर निगम के सभी कार्य संतोष जनक पाए गए।

उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सरकार से कुल 206 करोड़ का इन्सेन्टिव मिला है। ये खास तौर पर एयर क्वालिटी इंडेक्स को मिनि माइज करने के लिए है। मंत्री ने हाथरस में हुई घटना के संबंध में कहा कि जांच के निर्देश दिये गये है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएगी।

## विश्व कप विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए उमड़ा जन सैलाब

**विजय जुलूस के बाद वानखेड़े स्टेडियम पहुंची भारतीय टीम**

एजेंसी



**मुंबई।** टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस में मुंबई में जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया। मुंबई में जारी विजय जुलूस के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली काफी जोश में नजर आए। इस दौरान कोहली खुशी में थिरकते भी दिखे। वहीं, रोहित ने कोहली के साथ मिलकर प्रशंसकों के सामने ट्रॉफी उठाई जिससे वहां मौजूद लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया।

इस दौरान भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी रोहित और कोहली का उत्साह बढ़ाया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली विजय जुलूस के दौरान फैंस के सामने एक दूसरे से गर्मजोशी से गले मिले और काफी उत्साह में नजर आए। इन दो दिग्गज खिलाड़ियों को साथ देखकर वहां मौजूद प्रशंसक काफी उत्साह में नजर आए। फाइनल मैच जीतने के बाद कोहली और रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है और प्रशंसकों का टीम को लगातार समर्थन देने के लिए आभार जताया है। भारतीय टीम के सदस्य विजय जुलूस के दौरान इस पल को अपने कैमरे पर कैद करते नजर आए। दूसरी तरफ सड़कों के दोनों किनारे भारी संख्या में मौजूद प्रशंसक भी खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं और इस पल को अपने फोन पर कैद कर रहे थे।

**बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को सौंपा 125 करोड़ का चेक**

सम्मान समारोह समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों ने वानखेड़े स्टेडियम के चारों ओर चक्कर काटे और लैप ऑफ ऑनर लिया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने प्रशंसकों का आभार जताया और दर्शकों के साइन की हुई गेंदें दी। टीम की जीत के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारतीय टीम के सदस्यों के लिए 125 करोड़ रुपये की इनामी राशि की घोषणा की थी। कोहली ने रोहित के भावुक होने को लेकर कहा, मैं इंटरनेट ब्रेक करने के बारे में नहीं जानता, लेकिन 15 साल के करियर में मैंने रोहित को इतना इमोशनल होते हुए नहीं देखा। मैं ड्रेसिंग रूम जा रहा था और रोहित बाहर निकल रहे थे। दोनों इमोशनल थे और एक दूसरे को हग किया। वह पल मेरे लिए खास रहेगा।



ये खिलाड़ी क्या मायने रखते हैं। ये खिलाड़ी मेरे लिए परिवार हैं। इन खिलाड़ियों ने जो किया है, वह अतुलनीय है। यह कड़ी मेहनत का नतीजा है। रोहित ने इस टीम की कप्तानी की और मुझे गर्व है कि मैंने इस टीम को कोच किया। मैं इस प्यार को मिस करूंगा। जब से हमने लैंड किया है, लोगों ने जो प्यार दिया है, वह शानदार है। – राहुल द्रविड़, मुख्य कोच भारतीय टीम

## संक्षिप्त समाचार

**वरिष्ठ नेता आडवाणी को मिली अपोलो अस्पताल से छुट्टी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को गुरुवार की शाम दिल्ली के अपोलो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार लाल कृष्ण आडवाणी (96) को बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई थी। उन्हें कुछ दिनों पहले ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था।

**शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर सेंसेक्स हुआ 80 हजारी**

**मुंबई।** अमेरिकी आंकड़ों के आधार पर सितम्बर में फेड रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की संभावना कम होने के बाद विश्व के शेयर बाजारों के रिकॉर्ड ऊंचाई को छूने की बदौलत स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, दूरसंचार, ऑटो और टेक समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज सेंसेक्स 80 हजारी हो गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 62.87 अंक बढ़कर पहली बार 80 हज़ार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,049.67 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 15.65 अंक उठकर 24,302.15 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

**कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने लगाई फांसी**

**कोटा।** राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मूल रूप से बिहार के नालंदा निवासी संदीप (16) 11वीं की पढ़ाई करने के अलावा ज्वाइंट इन्टरेंस एग्जामिनेशन (जेईई) की प्रवेश परीक्षा की भी पिछले 2 साल से कोटा में महावीर नगर तृतीय इलाके में पीजी होस्टल में रहकर तैयारी कर रहा था। उसका एक भाई संजीत भी कोटा में ही कोचिंग ले रहा था, लेकिन वह अलग जगह दादाबाड़ी में रहता था। मिली जानकारी के अनुसार संदीप कल रात मेस से खाना खाकर अपने कमरे में चला गया और उसके बाद वह वापस नहीं निकला। सुबह दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खोलने के बाद उसके साथी छात्र ने रोशनदान से झांका तो उसे पंखे से लटका हुआ नजर आया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोलकर भीतर प्रवेश किया और शव को नीचे उतरने के बाद कोटा मेड़किल कॉलेज के संलग्न चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया।

**ब्लास्ट केस में एनआईए ने दायर की पहली चार्जशीट**

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को 2022 में भूपतिनगर (पश्चिम बंगाल) में हुए ब्लास्ट केस में पहली पहली चार्जशीट दायर की। इसमें तीन मृतकों, राजकुमार मन्ना, बिश्वजीत गायेन और बुद्धदेव मन्ना के नाम शामिल हैं। साथ ही पंचानन घोराई, मनोब्रत जाना और बलाई चरण माइति जैसे तीन अन्य आरोपितों के खिलाफ भी आरोप प्रस्तुत किए गए हैं। सभी राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे हैं। एनआईए ने इन आरोपितों को भारतीय दण्ड संहिता के विभिन्न धाराओं और ईएस एक्ट के तहत आरोपी ठहराया है। चार्जशीट में इस बात का जिक्र है कि इन आरोपितों ने क्रिमिनल साजिश के तहत भारी मात्रा में विस्फोटक बनाने के लिए विस्फोटक सामग्री आपूर्ति की थी, जिससे क्षेत्र में आतंक और हिंसा फैलाने की साजिश रची गई थी।

## पुलिस ने भगदड़ काण्ड में छह आयोजकों को किया गिरफ्तार

**आईजी अलीगढ़ ने कॉन्फ्रेंस कर गिरफ्तारी की दी जानकारी**

समृद्धि न्यूज



**जरूरत पड़ी तो बाबा से भी होगी पूछताछ : आईजी**

आईजी ने बताया कि हादसे के बाद से अब तक की पुलिस कार्रवाई में बाबा से पूछताछ अभी तक नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे से जैसे-जैसे जांच की प्रक्रिया बढ़ेगी, उसकी जद में आने वाले हर शख्स से पूछताछ और कार्रवाई की जाएगी। जांच के आधार पर जरूरत पड़ी तो बाबा से भी पूछताछ की जाएगी।

**हाथरस।** यूपी के हाथरस में सत्संग समागम में हुई भगदड़ की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार पुरुष और दो महिलाएं हैं। ये सभी आयोजन समिति के सदस्य हैं और सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। यह जानकारी अलीगढ़ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शलभ माथुर ने दी माथुर ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग आयोजन समिति के सदस्य हैं।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में राम लड़ैते पुत्र रैबारी सिंह यादव निवासी भानपुरा थाना, कुरावली जिला मैनपुरी, उपेन्द्र सिंह यादव पुत्र रामेश्वर सिंह एटा रोड थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद, मेघ सिंह निवासी दमदपुरा कस्बा थाना सिकन्दराराऊ जिला हाथरस, मुकेश कुमार पुत्र मोहर सिंह निवासी दमदपुरा कस्बा थाना सिकन्दराराऊ जिला हाथरस, मंजू यादव पत्नी सुशील कुमार निवासी कचोरा थाना सिकन्दराराऊ जिला हाथरस और मंजू देवी पत्नी किशन कुमार यादव निवासी कचोरा थाना सिकन्दराराऊ जिला हाथरस हैं। जानकारी में पता चला है कि ये सभी लोग चंदा इकट्ठा करने और भीड़ जमा करने का काम करते हैं।

गिरफ्तार लोग कार्यक्रम में सभी तरह की व्यवस्था प्रमुख की भूमिका में रहते हैं और बंदोबस्त कराते हैं। आईजी ने बताया है कि विवेचना में एक सेवादार द्वारा सत्संग में आई भीड़ का वीडियो बनाने पर डाटा जा रहा है और उसे मोबाइल बंद रखने की बात कही जा रही है या डराया व धमकाया जा रहा है। इसको देखते हुए सेवादार प्रकाश मधुकर के ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया जा रहा है।

**बाबा कहीं भागे नहीं हैं, जांच में कर रहे सहयोग : एपी सिंह**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में बाबा भोले की सत्संग में भगदड़ मचने के कारण 123 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद लोगों ने बाबा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस बीच बाबा के वकील एपी सिंह ने गुरुवार को अलीगढ़ के दीनदयाल हॉस्पिटल में पहुंचकर घायलों और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। बाबा के वकील एपी सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बाबा कहीं भागे नहीं हैं, वह जांच में सहयोग कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश में ही हैं। मेरे जरिए बाबा ने अपना संदेश भेजा है और मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में सीजीएसटी निरीक्षक को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वत लेने के आरोप में गुरुवार को राजकोट में तैनात केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर सीबीआई ने आरोपित निरीक्षक नवीन धनकर के विरुद्ध 3 जुलाई को मामला दर्ज किया था। आरोपित निरीक्षक ने शिकायतकर्ता से ढ़ाई लाख रुपये रिश्वत के तौर पर मांगे थे।

सीबीआई के मुताबिक सीजीएसटी निरीक्षक नवीन धनकर पर आरोप है कि उसने एक निजी फर्म के मालिक से यह कहते हुए रिश्वत की मांग की थी कि वे गलत व्यवसाय कर रहे हैं। अगर वे व्यवसाय जारी रखना चाहते हैं तो उन्हें यह रिश्वत देनी होगी। अन्यथा उनका जीएसटी नंबर रद्द कर दिया जाएगा। इस शिकायत के बाद सीबीआई ने आरोपित को शिकायतकर्ता से 2.50 लाख रुपये रिश्वत लेने के दौरान रंगे हाथों पकड़ लिया। सीबीआई की टीम ने राजकोट में आरोपित के परिसर की तलाशी भी ली।

## व्यवधान पैदा करने के बजाय अदालत की सहायता करें वकील

**हाईकोर्ट वकील के काम में बाधा डालने पर 10 हजार रुपए जुर्माना**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश पारित कर कहा कि न्यायालय में अधिवक्ताओं की दोहरी जिम्मेदारी है। वकीलों को कोर्ट में व्यवधान पैदा करने के बजाय न्यायालय की सहायता करनी चाहिए। न्यायालय ने जमानत याचिका की कार्यवाही के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने वाले अधिवक्ता अरुण कुमार त्रिपाठी पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। मामला एक आपराधिक केस में जमानत को लेकर था।

थाना जरछ, जिला गौतमबुद्ध नगर के मोहन ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी। मोहन के खिलाफ आरोपों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 और 354 (सी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत गम्भीर अपराध शामिल थे। आरोप था कि मोहन ने एक महिला का नहाते समय वीडियो रिकॉर्ड किया, उसे ब्लैकमेल किया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि मोहन ने शारीरिक संबंधों के आगे के कृत्यों को रिकॉर्ड करके इस व्यवहार को जारी रखा। जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद, अदालत ने पाया कि मोहन के मोबाइल फोन से संबंधित वीडियो बरामद किया गया है और उसे फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा गया है। आरोपों की गम्भीरता और प्रस्तुत साक्ष्यों को देखते हुए, अदालत ने आवेदक को जमानत देने में कोई योग्यता नहीं पाई और खारिज कर दी। हाईकोर्ट के इस निर्णय के बावजूद अधिवक्ता अरुण कुमार त्रिपाठी ने अपना पक्ष रखना जारी रखा, जिससे कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न हुआ। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता का यह व्यवहार आपराधिक अवमानना के समान है। लेकिन कोर्ट ने अवमानना कार्यवाही शुरू करने से परहेज किया।

## यूपी में आठ जुलाई तक होगी जमकर बारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बारिश ने दस्तक दे दी है। कई इलाकों में जमकर बादल बरस रहे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इसी बीच मौसम विभाग से जानकारी मिली है कि बारिश का यह सिलसिला अगले कई दिनों तक जारी रहेगा। विभाग ने राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में आठ जुलाई तक मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग का दावा है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी तेज बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक, जून महीने के मुकाबले जुलाई में जमकर बारिश होगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश के मध्यवर्ती एवं दक्षिणी हिस्सों में भी वर्षा की तीव्रता बढ़ेगी।

## रिहाई के बाद सोरेन ने राजभवन में ली झारखंड के सीएम पद की शपथ

एजेंसी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगभग पांच महीने बाद जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन ने गुरुवार को एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची के राजभवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष को पद की शपथ दिलाई।

झामुमो ने पहले दिन में कहा था कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा राज्य में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोरेन 7 जुलाई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सोरेन के आवास पर गठबंधन सहयोगियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बाद में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने फैसला किया कि सोरेन गुरुवार को शपथ लेंगे।



चंपई सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत पर बाहर चल रहे हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल राधाकृष्णन से मुलाकात की। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद मंत्री सत्यानंद भोक्ता और सीपीआई (एमएल)-एल विधायक विनोद सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल में गांडेय विधायक और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल थी।

## अबू सलेम तलोजा जेल से भेजा गया नासिक जेल

**मुंबई।** मुंबई 1993 के सीरियल ब्लास्ट केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक सेंट्रल जेल में भेजा गया। सलेम को सुबह 11.30 बजे पुलिस वैन से तलोजा जेल से बाहर लाया गया। यह ट्रांसफर जेल अथॉरिटी की मांग पर किया गया। दरअसल जेल अधिकारियों ने स्पेशल कोर्ट को बताया था कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल में भेजने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल के अंदर हाई सिक्योरिटी सेल खस्ताहाल हो गई है, और उसकी तत्काल मरम्मत करवाए जाने की जरूरत है। गुरुवार को ठाणे और नासिक दोनों जिलों के शहरी और ग्रामीण इलाकों समेत पूरे रास्ते पर कड़ी सुरक्षा के बीच सलेम को ट्रांसफर किया गया। सलेम ने अपने जेल ट्रांसफर रोके जाने को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

## ईडी ने दो शराब कारोबारियों अरविंद व त्रिलोक ढिल्लन को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ईडी ने दो शराब कारोबारियों अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को विशेष पीएमएलए कोर्ट ने 6 जुलाई तक के लिए ईडी की रिमांड में भेज दिया है। दोनों पर आरोप है कि वर्ष 2019-2022 के बीच 2,161 करोड़ से अधिक के शराब घोटाले में वे शामिल रहे हैं।

ईडी ने अरविन्द को दूसरी बार और भिलाई निवासी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को पहली बार गिरफ्तार किया है। ईडी द्वारा गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार जांच टीम ने 1 जुलाई को रायपुर केंद्रीय जेल में बंद अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी की के बाद विषेष धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अदालत ने 6 जुलाई तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया है। छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने कुछ समय पहले दोनों शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से दोनों लोग जेल में बंद रहे। ईडी की जांच में धन शोधन मामला जनवरी में दर्ज ईओडब्ल्यू और एसीबी की प्राथमिकी से निकला था। इसमें पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड और अन्य सहित 70 व्यक्तियों और कंपनियों के नाम शामिल हैं। शराब घोटाला केस में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा के साथ-साथ कुछ अन्य नौकरशाहों और राजनेताओं को ईडी गिरफ्तार कर चुका है।




## चरक हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. रतन कुमार सिंह का निधन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चरक हॉस्पिटल व डायग्नोस्टिक परिवार के मुखिया डॉ. रतन कुमार सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। रतन सिंह लंबे समय से बीमार थे। डॉ. रतन कुमार सिंह ने 2002 में चरक हॉस्पिटल की स्थापना की थी। वो खुद त्वचा रोग विशेषज्ञ थे। पिछले 43 साल से डर्मेटोलॉजी के डॉक्टर के तौर पर काम कर रहे थे। चरक अस्पताल लखनऊ के हरदोई रोड पर सफेद मस्जिद के पास है। अस्पताल में 29 विशिष्टताओं और सुपर स्पेशलिटीज जैसे प्रसूति, स्त्री रोग, कार्डियोलॉजी, त्वचा विज्ञान, हेमेटोलॉजी सहित अन्य में उपचार भी होता है। यह अस्पताल न्यूरो, स्पाइन सर्जरी और उपचार के लिए जाना जाता है। चरक समूह नर्सिंग, पैरामेडिकल साइंस, डायलिसिस तकनीशियन आदि सहित कई व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी चलाता है।

## सपा के विधायक सोलंकी ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल की अपील

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** सपा विधायक इरफान सोलंकी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में आगजनी मामले में कानपुर कोर्ट से मिली 7 साल की सजा के खिलाफ अपील दाखिल किया है। सोलंकी को अगर हाईकोर्ट से राहत मिलती है और अदालत उनकी सजा पर रोक लगाती है तो उनकी विधानसभा की सदस्यता भी बहाल हो सकती है। आगजनी कांड में सजा पर रोक लगती है तो इससे उनकी विधानसभा सीट सीसामऊ पर होने वाला विधानसभा उप चुनाव भी रुक जाएगा।

याची विधायक ने अपील में दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने के फैसले को रद्द किए जाने की मांग की है। सजा को क्रिमिनल अपील दाखिल कर चुनौती दी गई है। इसके अलावा अदालत का अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और इस मामले में जमानत दिए जाने की भी गुहार लगाई है। हाईकोर्ट में एमपी एमएलए से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही जस्टिस राजीव मिश्रा की सिंगल बेंच में अगले हफ्ते अपील पर सुनवाई हो सकती है। कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी को 7 साल की सजा सुनाई है और उन पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने दोनों भाइयों व अन्य लोगों को जाजमऊ आगजनी केस में 3 जून को दोषी करार दिया था।



**अभियान** — पीएम आवास योजना के हर लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जा रहा सहजन का पौधा

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीएम ने रोपा पौधा

**नर्सरियों में तैयार हुए 54 करोड़ पौधे, सहजन के भी 55 लाख पौधे उपलब्ध**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देशवासियों को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए पूरे देश में पीएम ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभिनव आह्वान किया है। इसी श्रृंखला में मैंने आज मुख्यमंत्री आवास पर पेड़ लगाया है। इस अभियान के लिए प्रदेशवासियों की ओर से पीएम का हृदय से आभार प्रकट करते हुए अभिनंदन करता हूं। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं।



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने सरकारी आवास पर पौधा लगाने के उपरांत उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री योगी ने अपील की कि प्रदेश की आबादी के अनुसार हर व्यक्ति पौधारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर 20 जुलाई को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके लिए प्रदेश की नर्सरियों में हमने 54 करोड़ पौधे भी तैयार किए हैं। इनमें पर्यावरण के लिए उपयोगी हर प्रकार के पौधे (पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन, अमरुद, शीशम, सागौन) आदि हैं। सीएम योगी ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के घर पर निःशुल्क सहजन का पौधे उपलब्ध करा रहे हैं। सहजन हर किसी के लिए बहुत उपयोगी है। इसकी फली की सब्जी या सूप के उपयोग से कुपोषण दूर हो सकता है। हम लोगों ने दो वर्ष पहले भी पीएम आवास योजना के हर लाभार्थी के घर पर सहजन का पेड़ लगाया था। यह अब काफी बड़े भी हो चुके हैं। इस बार फिर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। हमारे पास सहजन के लगभग 55 लाख पौधे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अलग-अलग वैरायटी के पौधे पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे।

**महाभियान के तहत 30-35 करोड़ पौधे करेंगे रोपित**

सीएम योगी ने कहा कि इस महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करेंगे। यह कार्यक्रम अभी से प्रारंभ है। 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण कर वृक्षारोपण महाभियान के महापर्व में हर कोई हिस्सा लेगा। इन पौधों की देखभाल हो सके, इसके लिए भी समय-समय पर कार्यक्रम चलेंगे। सीएम ने आग्रह किया कि जो व्यक्ति पेड़ लगाए, वह उसकी सुरक्षा भी करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लाल चंदन का पौधा लगाया। सीएम ने सभी लोगों से भी इस अभियान के तहत पौधरोपण की अपील की।

# परिषदीय विद्यालयों के लिए डीएम ने अफसरों को जारी किए दिशा निर्देश

## सोमवार-गुरुवार को बेसिक स्कूलों में होगा रिवीजन-डे

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिले के परिषदीय विद्यालयों में पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीपीआरओ को निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिले में कार्यरत सफाई कर्मियों को निर्देशित करें कि ग्राम पंचायतों में संचालित परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित शौचालयों का सप्ताह में कम से कम 02 बार (सोमवार एवं गुरूवार) सफाई कराना सुनिश्चित करें। विद्यालय में अवस्थित शौचालयों में हैण्डवाश युनिट व शौचालय में भी पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें। विद्यालयों में पीने के पानी की शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करें। यदि किसी विद्यालय में जल भराव है तो विद्यालय में यथासम्भव छात्रों को सुगमगता से कक्षा-कक्ष तक पहुचने के लिए किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इस हेतु मिट्टी पटान / इण्टरलाकिंग के माध्यम से मार्ग बनाना सुनिश्चित करें। विद्यालय में यदि जल भराव है तो छात्रों को कीड़े-मकोड़ों से बचाव की समुचित व्यवस्था करायें। मिशन कायाकल्प के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में अवशेष पैरामीटर के कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करायें।



### सोमवार-गुरुवार को बेसिक स्कूलों में होगा रिवीजन-डे

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देशित किया कि सभी बीईओ अपने अधीनस्थ संचालित परिषदीय (प्राथमिक/उच्च प्राथमिक) विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्देशित करें कि सप्ताह में 02 दिवस (सोमवार एवं गुरुवार) को पिछले कार्य दिवसों में पढ़ाये गये अध्यायों का पुर्नआंकलन (रिवीजन) करायें। यथा सोमवार, मंगलवार व बुधवार को पढ़ाये गये अध्याय का पुर्नआंकलन (रिवीजन) गुरुवार को करायें एवं गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार पढ़ाये अध्यायों का पुर्नआंकलन सोमवार (रिवीजन) करायें।

### बाढ़ से नौनिहालों की प्रभावित न हो शिक्षा

- बीएसए उठाएं जरूरी कदम, डीएम ने जारी किए निर्देश
- टाइम टेबल में शामिल करें व्यायाम-खेलकूद

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि परिषदीय (प्राथमिक/उच्च प्राथमिक)विद्यालयों की समय सारिणी में प्रार्थना के पश्चात प्रथम 30 मिनट समस्त छात्रों के व्यायाम/ खेल-कूद के लिये अवश्य रखा जाये। निर्धारित पंजिकाओं का शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन किया जायें। ऐसे विद्यालय जो बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में अवस्थित है उन विद्यालयों के छात्रों हेतु शिक्षण कार्य के लिए नजदीकी विद्यालयों में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे उन छात्रों की शिक्षा प्रभावित न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी छात्र-छात्रा ऐसे विद्यालय भवन में न बैठे जो जर्जर अवस्था में हो या टपकता हो, उन्हे सुरक्षित स्थान पर बैठाये तथा यह भी सुनिश्चित करें कि जो विद्यालय पूर्ण रूप से बाढ़ग्रस्त है वहां के छात्र-छात्राओं को राहत शिविरों में शिक्षण की व्यवस्था व उनके पठन-पाठन हेतु पाठ्य पुस्तकें, कार्य पुस्तिकाओं एवं मिड-डे-मील की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

### न्यून अधिगम स्तर वाले छात्रों को उपचारात्मक शिक्षण प्रदान कर बनाएं दक्ष

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देशित किया कि निपुण भारत मिशन के तहत निपुण विद्यालय बनाये जाने के लिए वार्षिक कार्ययोजना 2024-25 के क्रम माह अक्टूबर 2024 तक लक्ष्य के सापेक्ष समयान्तर्गत निपुण विद्यालय बनाया जाना सुनिश्चित करें। इस हेतु स्पॉट एसेसमेन्ट नियमित रूप से सप्ताह में 02 दिन अवश्य करें, साथ ही अपेक्षाकृत न्यून अधिगम स्तर वाले छात्रों को उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करें। समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं शिक्षक-सन्दर्शिका के अनुरूप ही शिक्षण कार्य करें, जिससे छात्रों को निपुण बनाने में सहजता और शीघ्रता हो।



### मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज। थाना खमरिया सीताराम मनवार पब्लिक इंटर कालेज महरिया में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत एस आई/यू टी ज्योति मिश्रा, हेड कांस्टेबल आशीष वर्मा महिला कांस्टेबल नेहा दिनकर और महिला कांस्टेबल स्मृति चौहान मौजूद रहकर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलाए गए हेल्पलाइन नम्बर... 1090 - महिला हेल्पलाइन नम्बर 1076 - सीएम हेल्पलाइन नम्बर 112 - पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर व अन्य के बारे में जानकारी दी गई। उनकी समस्याओं को सुना गया और नये क़ानून बी0एन0 एस0, बी0एन0एस0एस0, बी0 एस0ए0बारे मे तथा बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया और पैंपलेट्स का वितरण किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बैंक में कभी भी बज उठता है सायरन




सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज। कस्बे के इंडियन बैंक की सायरन अपने आप बज उठता है। इससे आसपास के रहने वालों में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी स्थिति में एक प्रकार से चौक पर सन्नाटा पसर जाता है तथा सभी लोग बैंक की ओर देखने लग जाते हैं कि आखिर बैंक में कौन सी घटना घट गयी कि बैंक में लगी आपातकालीन सायरन बज उठी है। लेकिन जब बैंक अधिकारी से इस बाबत पूछा जाता है तो वह वायर में प्रोबलेम की बात कह कर इसे हल्के में ले लेते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि एक दिन इस बैंक में सायरन बजने पर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं होगा तो अपराधी घटना को अंजाम देकर निकलते बनेंगे। इस मामले में इंडियन बैंक के शाखा प्रभारी प्रबंधक राजीव गौड़ ने बताया कि वायर में गड़बडी या सेंसर के करीब चूहे वगैरह आने के कारण इस प्रकार सायरन बज उठती है वायर को दुरुस्त करने को लेकर कई बार प्रयास किया गया है जल्द ही इसको पूरा करवा दिया जाएगा।

### एक सप्ताह में वाहनों का कराएं फिटनेस

- बिना फिटनेस के वाहन से घटी घटना तो दर्ज होगा अपराधिक मुकदमा

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। जनपद लखीमपुर खीरी के समस्त विद्यालयों के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य एवं उनके संस्थान में सम्बद्ध वाहन के स्वामियों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अखिलेश कुमार द्विवेदी ने उनके वाहनों के फिटनेस वैधता को ठीक करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। बताया कि फिटनेस वैधता समाप्त वाहन के द्वारा स्कूली बच्चों का परिवहन किया जाना दंडनीय अपराध है तथा किसी भी अप्रिय घटना के उत्पन्न होने पर ऐसे विद्यालय के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा पंजीकृत कर दिया जाएगा। विद्यालय परिवहन यान नियमावली के अनुसार स्कूली बच्चों की सुरक्षा का संपूर्ण दायित्व विद्यालय प्रबंधन का ही होता है। बता दे लखीमपुर खीरी जिले में सैकड़ो की संख्या में संचालित विद्यालयों में तमाम ऐसे विद्यालय हैं जो मानकों को पूरा नहीं करते कुछ विद्यालयो में मान्यता भी पूर्ण नहीं होती है ऐसे कई विद्यालयों में संचालित वाहन का फिटनेस भी पूरा नहीं होता है ऐसे विद्यालय और वाहन स्वामियों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। वाहन से संबंधित सभी मानकों को पूरा करने के लिए प्रशासन ने एक सप्ताह का समय दिया है।

### पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी गिरफ्तार



इटावा, समृद्धि न्यूज। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर पुलिस अभिरक्षा से फरार इनामिया आरोपी को गिरफ्तार किया। वादी कैलाश सिंह हवालात प्रभारी द्वारा थाना सिविल लाइन पर सूचना दी गयी कि कचहरी परिसर से पेशी के दौरान आरोपी अजय उर्फ बड़े पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुये आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर अभिरक्षा से फरार आरोपी अजय उर्फ बड़े पुत्र रोशनलाल निवासी मुहल्ला रानी नगर थाना भरथना इटावा को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बड़ी निवाड़ी के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम तथा यशवन्त सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ.नि. ध्यानेन्द्र प्रताप, उ.नि. शराफत बेग, हे.का. मनोज कुमार, का. अमित कुमार, का. रामनरेश, का. अमित खोखर का सराहनीय योगदान रहा। आरोपी की गिरफ्तारी में विशेष भूमिका निभाने वाले एक उ.नि. एवं दो आरक्षियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा एक - एक रूपये से पुरस्कृत किया गया।

# सीडीओ ने एडिशनल डायरेक्टर संग दीप जलाकर की संपूर्णता अभियान की शुरुआत

- तरक्की की राह पर दौड़ेंगे आकांक्षी ब्लॉक, बनी रणनीति
- नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का सीडीओ ने किया शुभारंभ
- आकांक्षी ब्लॉक में चार जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा संपूर्णता अभियान

बांकेगंज /लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

विकास की दौड़ में पीछे रह गए जिले के 02 आकांक्षी ब्लॉक धौरहरा और बाकेगंज को बराबरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है। बांकेगंज ब्लॉक सभागार में गुरुवार को भारत सरकार के नीति आयोग के तहत संपूर्णता अभियान की शुरुआत हुई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने नीति आयोग की एडिशनल डायरेक्टर सौम्या गौतम संग दीप जलाकर 04 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान की शुरुआत की।

सीडीओ अभिषेक आनंद ने कहा कि नीति आयोग के आज से शुरू किए गए संपूर्णता अभियान के तहत विभिन्न विभागों के छह इंडिकेटर पर अफसर विशेष रूप से फोकस करते हुए बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी विभाग के अफसरों-कर्मचारियो को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित कार्यों को एक मास्टर प्लान बनाते हुए समुचित रूप से ससमय कार्य निष्पादन किया जाए। जिससे कि राज्य एवं केन्द्र स्तर पर दोनो आकांक्षी ब्लॉक का प्रदर्शन बेहतर हो सके। नीति आयोग के मार्गदर्शिका के तहत ऐसे ब्लॉक जिनका प्रदर्शन बेहतर होता है उन्हें केंद्र सरकार के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। सभी संबंधित विभाग एक साथ मिलकर टीम भावना से काम करे। निश्चित ही लक्ष्य को 03 माह से पहले ही पूर्ण कर लेंगे, ऐसा उन्हें विश्वास है। कार्यक्रम में बीडीओ बांकेगंज ऋषिकांत अहिरवार और बीडीओ धौरहरा सुमित सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान के तहत पूर्ण किए जाने वाले छह इंडिकेटर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए विस्तृत जानकारी दी। डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, जिला अर्थ एवम संख्या अधिकारी डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह सहित अन्य संबंधित विभाग मौजूद रहे।



### चिन्हित छह संकेतकों में हासिल करना है परिपूर्णता : सौम्या

नीति आयोग की सौम्या गौतम ने संपूर्णता अभियान की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। निर्देश दिए कि आज जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन करते हुए सभी इंडिकेटर में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सम्पूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी ब्लॉकों में पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांचे गए व्यक्तियों का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के मुकाबले सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत, ब्लॉक में कुल स्वयं सहायता समूहों के मुकाबले रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### विभागों ने लगाए स्टाल, सीडीओ ने किया अवलोकन

नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में ब्लॉक बांकेगंज में स्वास्थ्य, दिव्याग, बाल विकास, कृषि विभाग, स्वम सहायता समूह के विभिन्न स्टाल लगाएं गए। जिनका अवलोकन सीडीओ अभिषेक कुमार ने नीति आयोग की एडिशनल डायरेक्टर सौम्या गौतम के साथ किया।

# प्रशिक्षित 100 बच्चों को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र द्वारा मिला प्रमाण पत्र



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के माध्यम से 100 बच्चों को रोजगार परख बनाया गया है। इन सभी बच्चों को गुरुवार को एक कार्यक्रम के आयोजन के साथ चौकी इंचार्ज राहुल सिंह और महिंद्रा स्किल्स स्टेट हेड उत्तर प्रदेश अवनीश दीक्षित द्वारा सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र महिंद्रा स्किल्स ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर शैलेश त्रिवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल केंद्र के माध्यम से जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव आदि रोजगार परख कोर्स करने वाले बच्चों को विभिन्न जॉब रोल के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इन सभी को गुरुवार को महेवागंज चौकी इंचार्ज राहुल सिंह और महिंद्रा स्किल्स स्टेट हेड उत्तर प्रदेश अवनीश दीक्षित द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं।इस दौरान चौकी इंचार्ज राहुल सिंह द्वारा बच्चों को ट्रेनिंग के बाद प्लेसमेंट के लिए भी प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम में निकिता बाजपेई सहित महिंद्रा स्किल के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीवी से अनबन के चलते पति ने नहर में लगाई छलांग

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज। शारदा सहायक पोषक नहर में 30 वर्षीय लड़के ने छलांग लगा दी। 4 जुलाई को समय करीब 2ः30 पर धर्मेंद्र कुमार उर्फ तोताराम निवासी ग्राम चौधरी पुरवा मोहल्ला पटेल नगर थाना निघासन ने अपनी बीवी से अनबन के चलते ढखेरवा के नए पुल से छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही चौकी ढखेरवा से हेड कांस्टेबल नरेश गंगवार व कांस्टेबल सुनील कुमार ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मेहनत के बाद किसी तरह बाहर निकाल कर पूछताछ की तो मौके पर आए भाई अरुण कुमार व घनश्याम ने बताया कि पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके चलते नाराज होकर घर से बिना बताए निकला था हम दोनों भाई पीछे से पता लगाकर आए फिलहाल हालत ठीक है युवक को दोनो भाइयों के सुपुर्द कर के प्राथमिक उपचार हेतु निघासन के लिए भेज दिया है।

# चौकी प्रभारी के कमरे में निकला कोबरा सांप

- रेस्क्यू करा जंगल में छुड़वाया

अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली मोहम्मदी की पुलिस चौकी अमीरनगर में बुधवार को अचानक जहरीले कोबरा साँप के निकलने से अफरा तफ़री मच गई। यह कोबरा सांप चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी के कमरे में रेंगता हुआ दिखाई दिया।

जिसे देखकर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के होश उड़ गये। इसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंचे स्नैक सेवर रामसिंह निवासी कुम्भी ने कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा सांप का सफल रेस्क्यू कर उसे जंगल मे सुरक्षित छोड़ दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि बुधवार शाम करीब चार बजे जैसे ही वह अपने कमरे में घुसे उन्हें कमरे में काला कोबरा सांप रेंगता हुआ दिखाई दिया। जिसे देखकर वहां तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया।



आनन-फानन में इसकी सूचना स्नेक सेवर को दी। कमरे में कोबरा निकलने की बात सुनकर सभी पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए।इसके बाद उन्होंने स्नैक सेवर को बुलाया। जिसने कड़ी मशक्कत के बाद सांप का रेस्क्यू किया और सांप को जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सांप के सफल रेस्क्यू के बाद चौकी प्रभारी ने राहत की सांस ली। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में चौकी के आसपास खेत से रेंगकर जहरीले कीड़े मकोड़ों चौकी के अंदर आ जाते हैं, इससे पूर्व भी चौकी के अंदर कई बार सांप निकल चुके हैं।

# आरती श्रीवास्तव व टीम रेडक्रॉस को मिला सम्मान

- मां अमृतेश्वरी चेरीटेबल संस्थान एवं डा. राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस लखनऊ ने किया सम्मानित

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

मां अमृतेश्वरी चेरीटेबल संस्थान (MACS) एवं डा राम मनोहर लोहिया ऑफ मेडिकल साइंस लखनऊ द्वारा आरती श्रीवास्तव एवं टीम को मिला सम्मान

मां अमृतेश्वरी चेरीटेबल संस्थान (MACS) एवं डा राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस लखनऊ द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में आरती श्रीवास्तव सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखीमपुर खीरी एवं उनकी टीम को सम्मानित किया गया ।



कार्यक्रम में मुख्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में मोक्षमित्रा स्वामी नेशनल कोऑर्डिनेटर आयुध इंडिया, डा एम के सुंदरम IAS प्रिंसिपल सेक्रेटरी बेसिक एजुकेशन उत्तर प्रदेश, डा सी एम सिंह डायरेकर RMLIMS, डा सूर्यकांत त्रिपाठी हेड रेस्पिरेटरी मेडसिन चत्नरू गाइड एंड मेंटर MACA, डा वी. एस गोगिया हेड PMR डिपार्टमेंट, सुरेश कृष्णा कृष्णा कुटुंब आदि रहें।

यह सम्मान रेडक्रॉस खीरी को कम्युनिटी हेल्थ सर्विसेस के लिए दिया गया। डा प्रियंका यादव चीफ कोऑर्डिनेटर मेक्स ने रेडक्रॉस खीरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखीमपुर खीरी जिस तरह से निर्बल समुदायों, कुष्ठ रोगियों, क्षय रोगियो बाढ़ पीड़ितों, थारू जनजातियों, महिला बंदियों एवं गरीब बस्तियों की महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा और स्वच्छता हेतु जागरूक कर उनके उत्थान हेतु प्रयास कर रही है यह दुर्लभ और सराहनीय कार्य है।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस खीरी से डा रविंद्र शर्मा चेयरमैन रेडक्रॉस खीरी, अधिवक्ता अनुराग सक्सेना सदस्य प्रबंध समिति, स्वयंसेवी हरयंक सिंह एवं डा0 प्रियंका यादव डायरेक्टर मैक्स, प्रतिभा सिंह वाइस प्रेसिडेंट मैक्स, डा अमित रंजन एसोसिएट प्रोफेसर AIMS गोरखपुर आदि रहे।

# दो बाइकों की हुई जोरदार भिड़ंत में चार गंभीर रूप से घायल

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

गोला से बांकेगंज आ रही और बांकेगंज से गोला जा रही दो मोटरसाइकिलों की आपस में जोरदार भिडंत हो गई जिसमें दोनों बाइको पर सवार लोगो को गंभीर चोटे आई। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को बुलाया।

विद्या लाल निवासी देवीपुर अपने घर से गोला की ओर अपनी दो पहिया वाहन होंडा सीडी 110 से किसी काम से जा रहे थे उनके साथ बाइक पर 2 लोग और बैठे थे तभी सामने से दूसरी मोटर साइकिल हीरो सीडी डीलक्स पर सवार संदीप, कमलेश और अन्य 2 लोग बाजार से अपने घर पच्चापुर जा रहे थे तभी



अचानक दोनों बाइको की बाबूपुर के पास तिराहे पर जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों बाइको पर सवार लोगों को सिर हाथ और नाक में गंभीर चोटें आई। होंडा शाइन 110 पर 3 लोग सवार थे जबकि हीरो सीडी डीएलक्स पर चार लोग सवार थे। घटना के समय सीडी डीलक्स पर सवार 2 लोग जिनको कम चोटे आई थी मौके से भाग गए। किसी ने भी हेलमेट नहीं लगाया हुआ था। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया गया।

# निषादराज बोट सब्सिडी योजना : 21 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन, उठाएं योजना का लाभ

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिले में मछुवा समुदाय के व्यक्तियों को मत्स्य आखेट एवं नदियो जलाशयों में मत्स्य प्रबन्धन व संरक्षण के माध्यम से रोजगार एवं आजीविका के लिए जलाशयों, तालाबों, नदियों एवं अन्य जल संसाधनों में बिना इंजन की नाव (नॉन मोटराइज्ड), जाल, लाइफ जैकेट एवं आइसबॉक्स आदि उपलब्ध कराने के लिए निषादराज बोट सब्सिडी योजना के तहत आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। गुप्ता से की जानकारी सहायक निदेशक (मत्स्य) ने दी।

उन्होंने बताया कि निषादराज बोट सब्सिडी योजना के अन्तर्गत रु0 70350.00 की अधिकतम सीमा के अन्तर्गत बिना इंजर की नाव (नॉन मोटराइज्ड), जाल, लाइफ जैकेट एवं आइसबॉक्स आदि पर 40 प्रतिशत अनुदान की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

इस योजना के अन्तर्गत 0.400 हैक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्रफल के पट्टाधारक निजी तालाबों के स्वामित्व धारक तथा मत्स्य आखेट के साथ नौकायन में लगे हुए मछुआ समुदाय के व्यक्ति मत्स्य विभाग के पर ऑनलाइन आवेदन पत्र विभागीय पोर्टल http://fisheries .up. gov.in 01 जुलाई से 21 जुलाई तक आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# जनता दर्शन : डीएम ने सुनी फरियाद, निस्तारण को एसडीएम के नेतृत्व में भेजी अफसरों की टीम

- एसडीएम सदर ने फरियादी कांति देवी की समस्या का कराया समाधान

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनता दर्शन में प्रस्तुत होकर कान्ती देवी उर्फ गायत्री देवी ने नगर पंचायत खीरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पट्टी जयद्रथ की जमीन पर अतिक्रमण, अपने खेत गाटा संख्या 12 से रास्ता नहीं होने का प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी।

डीएम ने महिला के प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेकर एसडीएम सदर को स्वयं स्थलीय जांच के लिए भेजा। डीएम के निर्देश पर एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खीरी टाउन विनीत कुमार, नायब तहसीलदार, अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी (एनएच), राजस्व टीम के साथ स्थलीय जांच की। स्थलीय जांच में



पैमाइश के दौरान एसडीएम ने पाया कि गाटा संख्या 13 बंजर खाते में दर्ज है। नगर पंचायत खीरी द्वारा सरकारी जमीन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बाउन्ड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। गाटा संख्या 13 का सीमांकन मौके पर सही मिला। कोई अतिक्रमण नहीं पाया गया। शिकायतकर्ता के भूखण्ड को सरकारी भूखण्ड से पृथक कर दिया गया। शिकायतकर्ता को सहमति के आधार पर 03 मीटर का रास्ता दिलाते हुए समस्या का समाधान कराया गया।

एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि, भू खंड पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। यदि कहीं भी कोई भी सरकारी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश करता है, तो तत्काल प्रशासन को सूचना दें, प्रशासन त्वरित एक्शन लेगा।

## सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जा रहा है प्रार्थनी राजवंती देवी पत्नी राधेश्याम ग्राम पल्टीपुर मसकनवा जनपद -गोण्डा एवं पुष्पा देवी पत्नी राधेश्याम ग्राम पल्टीपुर मसकनवा जनपद - गोण्डा दोनों एक ही महिला के नाम है। घर में पुकारने का नाम रजवंती देवी है तथा बैंक और आधार कार्ड पर पुष्पा देवी नाम है भविष्य में मुझे पुष्पा देवी पत्नी राधेश्याम के नाम से ही जाना जाए।

## सूचना

मैं सितारा साहनी पुत्री सत्यनारायण साहनी, गुडंबा, लखनऊ की निवासी हूं। मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम सितारा लिख गया है, जबकि अन्य हर दस्तावेज में मेरा नाम सितारा साहनी है। मेरा सही नाम सितारा साहनी ही है।

# लखनऊ से बहराइच जा रही पूरी रोडवेज बस बेटिकट, संविदा कंडक्टर की सेवा समाप्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कैसरबाग बस स्टेशन से 43 यात्रियों को लेकर बहराइच जा रही बस में 42 यात्री बेटिकट पकड़े गए। कंडक्टर ने सभी से किराए के पैसे वसूल लिए थे, लेकिन टिकट सिर्फ एक का ही बनाया। परिवहन निगम मुख्यालय के जांच दल ने रात बाराबंकी टोल प्लाजा पर जांच की तो बगैर टिकट यात्रा का खेल उजागर हुआ। जांच में पता चला कि बस कंडक्टर ने यात्रियों को कम दूरी का टिकट देकर रोडवेज को प्रति यात्री 17 रुपये नुकसान पहुंचाया। बस में सवार 42 यात्रियों से पैसे पूरे लिए, लेकिन टिकट 17 रुपये कम का दिया। इससे रोडवेज के 714 रुपये कंडक्टर की जेब में गए थे।

रिपोर्ट के बाद संविदा कंडक्टर की सेवाएं खत्म कर दी। कैसरबाग डिपो की बस नंबर यूपी 77 एएन 22 बहराइच जा रही थी। कैसरबाग से यह 43 सवारियां लेकर निकली। मुख्यालय के प्रवर्तन दल ने बाराबंकी टोल पर चेकिंग के लिए रोका। परिचालक ने 42 यात्रियों का टिकट शार्ट डिस्टेंस का टिकट बनाया था। यात्रियों से मौके पर बयान लिया गया तो पता चला कि कैसरबाग बस अड्डे से सवार यात्रियों का टिकट कमता स्थित अवध बस स्टेशन से बनाया था। यात्रियों ने परिचालक से टिकट मांगा तो कहा अभी देता हूं, यह कहकर टरका दिया। जो टिकट दिया गया वह कमता से बना था। बीते दिनों कैसरबाग डिपो की बस में 52 यात्री बेटिकट मिले थे।

> संविदा बस कंडक्टर को मुख्यालय की रिपोर्ट पर बर्खास्त कर दिया गया है। कंडक्टर धीरेंद्र कुमार की धरोहर धनराशि जब्त कर संविदा नौकरी से बाहर करने का आदेश जारी कर दिया गया है।
> **अरविंद कुमार, एआरएम कैसरबाग**

# यूपी में जनवरी से अब तक कुल 352 डेंगू के केस आए सामने

### डेंगू तथा चिकनगुनिया की रोकथाम व नियंत्रण के लिए उठाये गए रणनीतिक कदम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य डेंगू तथा चिकनगुनिया रोग पर प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए व्यापक जन जागरूकता फैलाना तथा अन्य विभागों व जनसामान्य का सहयोग लेना है। सयुंक्त निदेशक मलेरिया एवं वी बी डी डॉक्टर विकास सिंघल ने बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए डेंगू रोधी माह मनाये जाने के निर्देश सभी जिलों को दिए जा चुके हैं। वैसे तो डेंगू का प्रसार पूरे प्रदेश में ही है लेकिन 8 (लखनऊ, झांसी, बरेली, अयोध्या, बाराबंकी, प्रयागराज, गोंडा एवं कानपुर नगर) जनपद संवेदनशील हैं। इस साल जनवरी से अब तक कुल 352 डेंगू के केस सामने आये हैं। डेंगू एडीज मच्छर से होने वाला रोग है। मानसून और उसके बाद की अवधि में डेंगू बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निवारक गतिविधियों में तेजी लाने पर जोर है जिससे कि किसी भी तरह के आउटब्रेक से बचा जा सके। डेंगू की जनजागरूकता पर इसलिए जोर है क्योंकि डेंगू की कोई वैक्सीन नहीं है। ऐसे में डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सोर्स रिडक्शन गतिविधियों में समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### सभी अस्पतालों में बनाए गए डेंगू वार्ड

डेंगू के प्रसार को रोकने हेतु डेंगू के मामलों में केस आधारित गतिविधि की जाती है जिसमें डेंगू के संभावित मरीजों और पुष्ट मरीजों के इलाज पर जोर दिया जा रहा है। सभी अस्पतालों में डेंगू वार्ड बनाये गए हैं जहाँ मच्छरदानी युक्त बेड हैं। इसके साथ ही डेंगू सहित अन्य वेक्टरजनित बीमारियों के मामलों की रिपोर्टिंग के लिए यूडीएसपी पोर्टल भी विकसित किया गया है जिसके बाद से मामलों की रिपोर्टिंग और प्रारंभिक निवारक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### डेंगू होने पर घबराने की जरूरत नहीं

डाक्टर सिंघल बताते हैं कि डेंगू के हर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं होती। ये जांच करने वाले चिकित्सक की सलाह पर निर्भर है। यदि मरीज को उल्टी आ रही है, पेट मे तेज दर्द है, सांस लेने में कठिनाई है, रक्तचाप गिर रहा है, घबराहट हो रही है, बहुत कमजोरी महसूस हो रही हो या शरीर मे कहीं भी रक्तस्राव हो रहा हो तो ऐसी दशा मे तुरंत भर्ती करा कर पूर्ण इलाज करना चाहिए। डेंगू में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न होने पाए क्योंकि पानी की कमी से मरीज शॉक में चला जाता है। इसलिए डेंगू होने पर ओ आर एस का घोल, तरल पेय पदार्थ का सेवन करें। डेंगू के उपचार में फ्लूड मैंजमनेट ही महत्वपूर्ण है। डेंगू की पुष्टि होने पर घबराने की जरूरत नहीं है। अधिकांश मामलों में इस बीमारी को आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### स्टेशन पर कुलियों ने किया आप सांसद संजय का स्वागत



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह का नेशनल फेडरेशन आफलाइसेंस पोर्टर के पदाधिकारियों व सदस्यो ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष राम सुरेश, एवम पूर्व अध्यक्ष फते मोहम्मद और समस्त कुलीमाणो ने लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन पर आप सांसद संजय सिंह का हार माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। आप सांसद संजय सिंह द्वारा राज्यसभा में दिनांक 01.07.2024 को देश के। आखों कुलियों की आवाज को उठाया था। उन्होंने सरकार को याद दिलाया था कि देश की सरकार ने वादा किया था कि कुलियों की दशा सुधारने के प्रयास किये जायेंगे एवं कुलियों के बच्चो को नौकरी दी जाएगी। जो अभी तक पूरा नहीं किया गया है। आप सांसद के इस कथन से कूली काफी उत्साहित है। संजय सिंह ने कहा कि कुलियों के हितों को देखते हुये केंद्रसरकार को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहिये। आम आदमी पार्टी सदैव समाज के वंचित वर्गो के साथ खड़ी है।

### बेकाबू बस ने डिवाइडर तोड़ा, कार को मारी टक्कर, चालक घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी ओर जा रही हौंडा अमेज कार में भिड़ गई। टक्कर लगने से कार सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, कार और बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हादसे के बाद सड़क की एक ओर जाम लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पीजीआई की ओर से आ रही रोडवेज बस मोहनलालगंज इलाके के हरिकंश गढ़ी के पास स्थित शंकर ढाबा के सामने अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी ओर कार से भिड़ गई। कार सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है और मौके पर पहुंची पुलिस जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया। बस में सवार यात्रियों को दूसरी बसों से अपने गंतव्य की ओर भेजा गया। कार ड्राइवर चालक का नाम हर्षित शुक्ला है। वह उन्नाव जनपद के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### छात्रों ने वन महोत्सव में धरती को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी 21 कैम्पसों के छात्रों ने वन महोत्सव सप्ताह ( 1 से 7 जुलाई) के अन्तर्गत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर जनमानस में पर्यावरण संवर्धन का अलख जगाया एवं धरती को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस समेत विभिन्न कैम्पस के छात्रों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्वता जताई तो वहीं दूसरी ओर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कोलाज मेकिंग, कविता लेखन आदि विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाया। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इसी कड़ी में आज सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस के छात्रों ने बड़े उत्साह से इण्टरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया और प्लास्टिक से बने थैलों की बजाय पेपर बैग अथवा कपड़ों के बैग को अपनाने की पुरजोर अपील की। छात्रों ने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे पर जनमानस को जागरूक करते हुए 'रिड्यूस, रीयूज एवं रिसाइकिल' की अवधारणा पर जोर दिया।

### जैन सन्त गणाचार्य श्री विराग सागर की समाधि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वर्तमान युग के महान जैन धर्म प्रवर्तक गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज 04-07-2024 को प्रातः 03 बजे समाधि मरण जिला जालना (महाराष्ट्र) के निकटवर्ती ग्राम देवमूर्ति सिन्धखेड़ा संघस्थ मुनिराजों और आर्यिका माताओं के मंत्रों सम्बोधन के साथ हो गया। विराग सागर महाराज ने सर्वाधिक 350 दिगम्बर मुनि दीक्षायें प्रदान की जिनमें से 09 मुनिराजों को आचार्य पद प्रदान कर गणाचार्य बनें। महाराजश्री स्वयं 75 मुनिराजों एवं अर्जिका माताओं के साथ 25 मई 2018 लखनऊ में पधारे और आशियाना जैन मन्दिर में धर्मसभा कर जैन धर्म संस्कृति को जयवन्त किया। आपके परम प्रभावी शिष्य आचार्य विशुद्ध सागर और आचार्य विमर्श सागर का मंगल आशीर्वाद लखनऊ वासियों को मिला। जैन समाज लखनऊ के मन्दिरों में सायंकाल महामंत्र णमोकार मंत्र की एक माला द्वारा आचार्य विराग सागर को विनयांजलि दी गयी।

### सत्य क्रांति पार्टी के अमरनाथ जदयू में शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा के चुनाव में बिहार में एनडीए गठबंधन को मिली सफलता और केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी सरकार में जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं सत्य क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय प्रभारी अमर नाथ सिंह ने जनता दल यूनाइटेड पार्टी की नीतियों एवं विचारों से प्रभावित होकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया है कि इनके पार्टी में आने से बस्ती सहित पूर्वांचल के मण्डलो में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने हेतु इस समय जिला इकाई के गठन का कार्य चल रहा है और प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी जिला कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से जिला इकाई के गठन हेतु जिला अध्यक्ष का चयन करेंगे। आज बदायूं में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा।

### उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को निर्देश देते हुए कहा

# पौधों को लगाने से ज्यादा उन्हें बचाना जरूरी

**ग्राम्य विकास विभाग के जिम्मे 12.59 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वृक्षों को लगाना बहुत जरूरी है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी उन्हें बचाना है । श्री मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस वर्ष ग्राम्य विकास विभाग के 12.59 करोड़ पौधों के रोपण के लक्ष्य को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि लक्ष्य को निर्धारित तिथि तक हर हाल में पूरा किया जाए। रोपित पौधों की जीवन्तता हेतु रोपण के पश्चात आगामी 3 वर्षो अथवा पौधों के वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक सुरक्षा एवं रखरखाव किया जाए। हमें बच्चों की तरह वृक्षों और पौधों की परवरिश करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करना होगा, तभी हम अपनी पीढ़ी को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे। पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के दृष्टिकोण से ही अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। हम सबको संकल्प लेना चाहिए की परमार्थ का भाव रखते हुए पौधारोपण करें और पौधों को बचाएं। वृक्षों की महत्ता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं, इनसे हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है और पर्यावरण संरक्षित रहता है। स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री ने जो संदेश दिया था, उसके परिणाम सार्थक और सकारात्मक परिणाम निखर कर आए हैं लेकिन अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दिए गये निर्देशों के क्रम में कि वृक्षारोपण को लेकर माइक्रो प्लानिंग की गयी है। साथ ही व्यक्तिगत लाभार्थियों को भी मांग के अनुसार नियमानुसार फलदार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। लक्ष्य के सापेक्ष प्रत्येक जनपद में ग्राम्य पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण स्थल का चयन करते हुए अग्रिम मृदा कार्य, गड्ढा खुदान, पौध की सुरक्षा, निराई, गुड़ाई, सिंचाई, एवं उचित खाद, कीटनाशक की आदि व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के पूर्व में ही निर्देश जारी किए गए हैं। मनरेगा योजनांतर्गत बांस का रोपण नदियों के किनारे करने के निर्देश दिये गये हैं। कहा गया है कि मनरेगा योजनान्तर्गत मास्टर सर्कुलर 2024-25 के प्रस्तर-7.6.10 निहित शर्तो के अनुसार पौधों की सुरक्षा हेतु कार्यवाही की जाय जहां तक सम्भव हो रोपित पौधों की देखभाल कृषि सखी व वृक्ष सखी के माध्यम से कराने पर विचार किया जाय। कृषकों की मांग के अनुरूप पौधों की उपलब्धता हो, इसे भी सुनिश्चित करने के कहा गया है। पौधारोपण में 20 प्रतिशत फलदार पौधों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त मात्रा में मोरिंगा प्लान्टेशन की कार्यवाही प्राविधानित की जाय।वन विभाग द्वारा ग्राम्य विकास विभाग को निरूशुल्क पौधे उपलब्ध कराये के निर्देश हैं। मनरेगा योजना से बांस का रोपण नदियों के किनारे पर किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।अमृत सरोवरों के चारों ओर फलदार, छायादार पौधों का रोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रोपण के पश्चात पौधों की देखरेख व प्रतिस्थापन सम्बन्धी कार्य में भी श्रमिकों को योजित किया जाय।

### संगठित रूप से करें पौधों को संरक्षित रखने का प्रयास

श्री मौर्य ने कहा हम सब लोग वातावरण को स्वच्छ रखने तथा वृक्षों को संरक्षित रखने की संगठित रूप से प्रयास करें, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे। उन्होने लोगों से अपील की है कि हम अपने मित्रों व आसपास के लोगों को पर्यावरण सुरक्षा हेतु प्रेरित करें व अधिक से अधिक पौधे लगाएं। केशव प्रसाद मौर्य ने आम जनमानस का आह्वान किया है कि सभी लोग पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दें तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। मौर्य ने कहा है कि लक्ष्य से अधिक उच्च गुणवत्ता प्राप्त करने वाले तीन जनपदों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व व निर्देशन में पौधारोपण को सफल बनाने हेतु ग्राम्य विकास विभाग पहले से ही सक्रिय है। विभाग को मिले लक्ष्य के अनुसार सभी जनपदों को भी लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।

# निर्यातकों को परिवहन अनुदान प्रतिवर्ष मिलेगा अधिकतम 20 लाख : दिनेश

**उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 में आंशिक संशोधन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 तृतीय संशोधन 2024 के तहत आंशिक संशोधन करते हुए अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके तहत कृषि उत्पादों एवं इनसे प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात पर परिवहन अनुदान वायु मार्ग, रेल मार्ग, सड़क मार्ग तथा जल मार्ग की अधिकतम सीमा वास्तविक भुगतान किये गये भाड़े का 25 प्रतिशत की गयी है। परिवहन अनुदान मद में हर साल अधिकतम 20 लाख रूपये प्रति निर्यातक,फर्म को दिया जायेगा। पूर्व में परिवहन अनुदान 10 लाख रूपये था। इस परिवहन अनुदान में मांस एवं चीनी के निर्यात पर कोई अनुदान देय नहीं होगा।

प्रदेश के उद्यान, कृषि निर्यात, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि यूपी लैंड लाफ्ट प्रदेश है, जो समुद्री तट से दूर स्थित है जिससे निर्यातकों को समुद्री तट वाले राज्यों से प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई होती है। वायु मार्ग से निर्यात करने पर खर्च बहुत ज्यादा आता है, इसको दृष्टिगत रखते हुए निर्यातकों को परिवहन अनुदान दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

यह निर्णय उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित एक राज्य स्तरीय स्वीकृत समिति में लिया गया।कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने निर्यातकों की व्यवहारिक समस्याओं को दूर करके उन्हें अधिक से अधिक निर्यात के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया है। निर्यातकों की सुविधा तथा आमदनी बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। यह अनुदान निर्यातक से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद दिया जायेगा कि उनके द्वारा अन्य किसी स्रोत, विभाग से इस प्रकार का कोई अनुदान नहीं लिया गया है। उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 तृतीय संशोधन 2024 के संशोधित प्राविधान 01 जुलाई से किये जाने वाले निर्यात पर लागू होगा और 01 वर्ष के उपरान्त इन नीतिगत संशोधनों की समीक्षा की जायेगी।

## पेपर लीक मामले को लेकर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा घेरने का ऐलान किया है। हालांकि पुलिस ने बैरिकेडिंग करके प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इसकी वजह से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि बीजेपी सरकार में देश और प्रदेश में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। सरकार ने वादा किया था रोजगार देने का, मगर पेपर लीक दे रही है। आज हमारे कांग्रेस के यूथ साथी युवाओं की आवाज उठाने के लिए विधानसभा जाने की कोशिश कर रहे थे पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ धक्का मुक्की किया और सबको जबरदस्ती हिरासत में लिया गया।

## छात्रा पर एसिड फेंकने वाला आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को नीट काउंसलिंग के लिए भाई संग जा रही छात्रा पर एक युवक ने एसिड से हमला कर दिया था। एसिड हमले में भाई और छात्रा दोनों झुलस गए थे। इसके बाद पुलिस ने टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। देर रात आरोपी अभिषेक वर्मा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसके एक पैर में गोली लगी है। आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार को चौक इलाके में एक छात्रा अपने भाई के साथ नीट काउंसलिंग के लिए जा रही थी, तभी एक युवक उसके पास आया और छात्रा से बात करने की कोशिश करने लगा। छात्रा और उसके भाई ने उसको वहां से भगा दिया। कुछ देर बाद युवक फिर लौटा और पास आकर छात्रा पर एसिड से हमला कर दिया। छात्रा को बचाने में भाई झुलस गया। राहगीरों ने दोनों को केजीएमयू में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया। परिजनों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी गुलाला घाट के पास छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने देर रात एक बजे गुलाला घाट पहुंची और कांबिंग शुरू की।

# डिप्टी सीएम खुद बनना चाहते हैं यूपी के मुख्यमंत्री

**सपा अध्यक्ष अखिलेश ने ब्रजेश पाठक पर साधा निशाना**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि वो चाहते हैं कि मुख्यमंत्री हट जाएं और वो खुद सीएम बन जाएं। मीडिया से अखिलेश यादव ने कहा कि हाथरस में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे आयोजनों में तय लोगों से ज्यादा की भीड़ पहुंचती है। अखिलेश ने कहा कि हाथरस में हुई घटना के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की तरफ से दूसरों पर पहले भी आरोप लगाए जाते रहे हैं, ये उनका पुराना काम है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में हम सबसे पहले जनता के पास गए और इसका हमें फायदा भी मिला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। उन्होंने कहा कि पता नहीं सीएम योगी इसको लेकर कुछ कर क्यों नहीं रहे हैं। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की मौजूदगी में सहारनपुर से बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने सपा ज्वाइन कर ली। उनके साथ क्षेत्र से आये हुए सैंकड़ों समर्थक भी समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

### रंजिश में सगे भाईयो ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली के खुजौली मजरा उदवतखेड़ा गांव निवासी कमल किशोर ने बताया बीते बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही अशोक ने अपने भाई प्रदीप व राजा के साथ गाली-गालौज करते हुये लाठी डंडो से जमकर पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।

### पीजीआई सीएमएस पर नियमों की अनदेखी व प्रताड़ित करने का आरोप

**लखनऊ।** लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ के बीच नया घमासान छिड़ गया है। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और नर्सिंग स्टॉफ एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष सीमा शुक्ला ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए सीएमएस पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की है। उन्होंने संस्थान के निदेशक को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना भी शुरू कर दिया। यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक नियमों के तहत काम नहीं शुरू होता है। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि सीनियर डॉक्टर यहां मरीज देखते हैं और जूनियर डॉक्टर प्रशासनिक कार्य करते हैं। पूर्व अध्यक्ष ने लिखा है कि जब तक सभी की ड्यूटी नियमानुसार नहीं लगती।

# विक्रेता अधिक मूल्य पर उर्वरकों का बिक्री न करें : सूर्य प्रताप शाही

**कृषि मंत्री ने खरीफ फसल की तैयारी को लेकर किया बैठक**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/वाराणसी।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सभी जिला कृषि अधिकारी अपने-अपने जिले में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सघन चेकिंग करते रहे। जिससे कालाबाजारी के साथ-साथ बिक्रेता अधिक मूल्य पर उर्वरकों का बिक्री न कर सके।

कृषि मंत्री गुरुवार को यहां विभागीय अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। वाराणसी एवं चन्दौली में संचालित नमामि गंगे योजना में कृषकों को समय से चयन के बाद कलस्टर का कार्य एवं प्रशिक्षण देने के लिए कृषि मंत्री ने जोर दिया। जिससे किसान कम लागत से अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकें। जैविक खेती को बढ़ावा देने का निर्देश देकर कृषि मंत्री ने कहा कि खेतों में मृदा परीक्षण कराकर कृषकों के खेत में कौन-कौन से पोषक तत्वों की कमी है इसकी उन्हें जानकारी भी दे। खरीफ फसल-2024 में विभिन्न प्रकार के बीजों यथा-धान, अरहर, उरद, मूंग इत्यादि के आवंटन के सापेक्ष शत-प्रतिशत उठान करते हुए वितरण करने के लिए निर्देशित किया। मिलेट्स योजनान्तर्गत मक्का, ज्वार बाजरा, रांगी, सांवा आदि बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने को कहा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिन जनपदों में आधार फीडिंग एवं ई-के0वाई0सी0 का कार्य अवशेष है।

### राहुल गांधी के खिलाफ थाने में दी गई तहरीर

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लखनऊ महानगर की इकाई के मंत्री और पूर्व पार्षद लखविंदर पाल सिंह ने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नासमझी से साहिब श्री गुरु नानक देव का अपमान हुआ है। राहुल गांधी ने सदन में गुरु नानक देव के चित्र को हाथों से उठाकर प्रदर्शन किया। लखविंदर पाल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने सदन में प्रदर्शन के बाद गुरु नानक देव के चित्र को टेबल पर रख दिया। जहां पर दूसरे कागज भी पड़े थे। राहुल की अश्रद्धा से करोड़ों नानक नाम लेवा संगत के दिलों में ठेस पहुंची है। हमारी धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। राहुल गांधी के खिलाफहजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र देने के बाद लखविंदर पाल ने कहा कि राहुल गांधी के विरुद्ध हमारी भावनाएं आहत करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हो और हजरतगंज पुलिस तत्काल ही कार्रवाई करे।

**सुविधाएं** | सात वर्षों में 4415.55 करोड़ से धार्मिक, अध्यात्मिक पर्यटन स्थलों का हुआ विकास

# पर्यटन स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता : जयवीर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सांसदों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग द्वारा 4415.55 करोड़ रूपये की लागत से प्रदेश में स्थित अध्यात्मिक, पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है। 2017-18 से 2023-24 तक प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं सृजित की जा रही है।

धार्मिक एवं अध्यात्मिक पर्यटन स्थलों पर देशी-विदेशी पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए राज्य सरकार पर्यटन सुविधाओं का प्राथमिकता से विस्तार कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विगत वर्षों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक पर्यटन स्थल को विकसित किया गया है। पर्यटकों, श्रद्धालुओं के उपयोग के लिए पर्यटक सुविधा केन्द्र, यात्री निवास, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, परिक्रमा मार्ग पर स्थित पड़ाव स्थल तथा घाट का निर्माण आदि कराये जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के अंतर्गत अयोध्या में चौदह कोसी मार्ग पर पर्यटक सुविधा की स्थापना 12.10 करोड़ रुपये से अयोध्या में 14 धार्मिक पर्यटन स्थलों रिर्षभ सरभ पनास मंदिर, सियाराम किला, दिगम्बर अखाड़ा, तुलसी चौराहा मंदिर, कौसल्या घाट मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकली मंदिर, मायूर मंदिर, भारत महल मंदिर, राम गुलेला मंदिर, हनुमान मंदिर के फसाड ट्रीटमेन्ट एवं पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का कार्य 19.19 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। अयोध्या में चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित कुंडों का पर्यटन विकास,निर्माण कार्य 17.72 करोड़ रुपये से, चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास,निर्माण कार्य 18.29 करोड़ रुपये से, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित पर्यटन स्थलों आश्रम का पर्यटन विकास,निर्माण कार्य 17.56 करोड़ रुपये से, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास,निमार्ण कार्य 18.67 करोड़ रुपये से, अयोध्या में ही 16 धामिर्क पर्यटन स्थलों करतलिया बाबा मंदिर, तिवारी मंदिर, वेद मंदिर, सिंघम मंदिर, गारापुर मंदिर, मनीराम दास की छ्वनी मंदिर, बरेली मंदिर, रंग महल मंदिर, सीताराज महल मंदिर, मोतिहारी मंदिर, टेढ़ी याती महादेव मंदिर, राम पुस्तकालय मंदिर, विद्या देवी मंदिर, देवीकाली कुण्ड, श्री सरोवर मंदिर, धन्याक्ष्य कुण्ड के फसाड ट्रीटमेन्ट एवं पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का कार्य 34.10 करोड़ से कराया जा रहा है। प्रयागराज तहसील सदर के बालसन चौराहा स्थित महर्षि भारद्वाज आश्रम का पर्यटन विकास 13.35 करोड़ से, प्रयागराज के ही श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क का पर्यटन विकास 42.51 करोड़ रुपये से मीरजापुर में विन्ध्य कॉरीडोर का निर्माण 128.95 करोड़ रुपये से सीतापुर स्थित नैमिषारण्य में ललिता देवी मंदिर के निकट तीर्थयात्री सुविधा एवं कॉरीडोर का निर्माण 47.96 करोड़ से, वाराणसी में ओवरआल टूरिज्म डेवलपमेंट के अन्तर्गत पंचकोसी परिक्रमा यात्रा पड़ाव का पर्यटन विकास 41.20 करोड़ रुपये से, वाराणसी में ओवर ऑल टूरिज्म डेवलपमेंट योजना के अन्तर्गत 24.32 करोड़ रुपये से, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर साउण्ड एवं लाइट शो तथा दर्शकों के बैठने हेतु स्थान का निमार्ण 15.86 करोड़ रुपये से किया जा रहा है।

# नीति आयोग की पहल पर जनपद गोण्डा में सम्पूर्णता अभियान का आगाज

- आकांक्षी ब्लॉक पंडरी कृपाल में नीति आयोग के प्रतिनिधि ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन
- जनपद के तीन आकांक्षी ब्लॉक, रूपईडीह, पंडरी कृपाल और बभनजोत में तीन महीने तक चलेगा सम्पूर्णता अभियान
- आकांक्षी ब्लॉकों में विकास के 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के हैं लक्ष्य : डीएम
- छह संकेतकों को पूर्ण करने के लिए तीन महीने की कार्य योजना होगी विकसित : सीडीओ



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

देश के आकांक्षी ब्लॉकों में विकास के छह प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता प्राप्त करने के उद्देश्य से नीति आयोग ने संपूर्णता अभियान की शुरुआत की है। जनपद गोण्डा के आकांक्षी ब्लॉक पंडरी कृपाल में गुरुवार को नीति आयोग के प्रतिनिधि आरिफ अख्तर ने दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत की। उन्होंने बताया कि तीन महीने तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण से लेकर सामाजिक विकास तक की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के उद्घाटन समारोह का आयोजन पंडरी कृपाल विकासखण्ड कार्यालय परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि श्री आरिफ अख्तर जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उनके साथ, परियोजना निदेशक चंद्रशेखर भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, स्वयं सहायता समूह, बाल विकास विभाग और जल जीवन मिशन द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। आईसीडीएस द्वारा 2 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से करवाई गई। इसके बाद सभी विभागों द्वारा प्राप्त लक्ष्यों पर चर्चा हुई।

आरिफ अख्तर ने अपने सम्बोधन में अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीति आयोग 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक 3 महीने का संपूर्णता अभियान आरंभ कर रहा है, जिसका उद्देश्य आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत देश भर के 112 आकांक्षी जिलों और 500 आकांक्षी ब्लॉकों में चिन्हित 6 संकेतकों में से प्रत्येक में परिपूर्णता हासिल करना है। अंत में, मुख्य अतिथि ने संपूर्णता अभियान के महत्व को स्पष्ट करते हुए सभी को शपथ दिलाई। परिसर में वृक्षारोपण के पश्चात हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

### छह संकेतकों पर आधारित रहेगा अभियान

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि सम्पूर्णता अभियान सभी आकांक्षी ब्लॉकों में 6 चिन्हित केपीआई पर ध्यान केंद्रित करेगा। इनमें, पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांचे गए व्यक्तियों का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के मुकाबले सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत और ब्लॉक में कुल स्वयं सहायता समूहों के मुकाबले रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मौली ने बताया कि देश के आकांक्षी ब्लॉकों के तेजी से विकास को सुनिश्चित करने के लिए नीति आयोग की ओर से इस अभियान की शुरुआत की गई है। सभी जिम्मेदार अधिकारियों को इसके संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को विशेष कार्ययोजना तैयार कर योजनाओं के क्रियान्वयन में सम्पूर्णता प्राप्त करने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

# आरआरसी सेंटर में लगा ताला जिलाधिकारी से हुई शिकायत

**रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



अधिकारियों के शिथिलता के चलते बेलवा बाजार में लाखों रुपए से बना आरआरसी सेंटर में ताला लगा होने के चलते गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा का ढेर लगा हुआ है।जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। गांव के अर्जुन पांडेय ने ट्विटर व जिलाधिकारी को एक पत्र देकर गांव में आरआरसी सेंटर बनाकर हैंडोवर करने की मांग की।

विकासखंड रुपईडीह के 106 ग्राम पंचायतों में करीब 70 आरआरसी सेंटर बनने की स्वीकृति मिली।जिस पर क्षेत्र के 20 करीब ग्राम पंचायतों में सेन्टर बन कर तैयार हो गया। परन्तु अधिकारियों के शिथिलता के चलते हैंडोवर नहीं हो सका। जिससे गांव में जगह-जगह एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा का ढेर लगा हुआ है और ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बेलवा बाजार के अर्जुन पांडेय ने गांव में बना आरआरसी सेंटर में ताला लगा होने की शिकायत ट्विटर एवं जिलाधिकारी को एक पत्र देकर आरसी सेंटर हैंडोवर करने एवं गांव के सार्वजनिक स्थानों पर लगे कूड़ा को आरआरसी सेंटर में संरक्षित करने की मांग की। जिससे लोग बीमारी से बच सके।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

- दफ्तियों में लिखे स्लोगनों से अभिभावकों को किया जागरूक

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के विकासखंड इटियाथोक के सिंघवापुर में स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई।

प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पाण्डेय ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि सभी अध्यापकों व अभिभावकों का कर्तव्य है कि अब कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटे नहीं। रैली के दौरान बच्चों ने दफ्तियों में लिखे स्लोगनों से अभिभावकों को जागरूक किया। पढ़ी-लिखी नारी घर की उजियारी, शिक्षा से देश सजाएंगे हर बच्चे को पढ़ाएंगे, दीप से दीप जलाएंगे शिक्षित समाज बनाएंगे, आदि नारों के साथ शिक्षा के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पाण्डेय, सहायक अध्यापक अरुण कुमार पाण्डेय, देवेंद्र कुमार, शिवांश मिश्र, मनोज गुप्ता, अनुदेशक राम पुजारी, रवि मौर्य, शिक्षामित्र पूनम मिश्र सहित सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बच्चों की मौत से हमलावर हुई मादा घड़ियाल, ग्रामीण भयभीत

- अज्ञात लोगों ने ईंट-पत्थर मारकर कुछ अंडे फोड़ दिए थे जिससे कुछ बच्चों की मृत्यु होने से हमलवार हुई घड़ियाल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



जिले के बिसवां बंधे के पास घड़ियाल ने कई अंडे दिए हैं। जिसमें से बच्चे निकलने लगे है। लेकिन अज्ञात लोगों ने ईंट-पत्थर मारकर कुछ अंडे फोड़ दिए और कुछ बच्चों को मार दिये है। इससे मादा घड़ियाल हमलावर हो गई है। वह निरंतर बंधे के पास पहुंच रही है। जिससे ग्रामीण भयभीत हैं।बहराइच वन प्रभाग के कैसरगंज रेंज में बेलहा बेहरौली तटबंध स्थित है। बिसवा गांव के निकट स्थित बांध के पास घड़ियाल ने नेस्ट बनाया था। दो माह पूर्व बने नेस्ट से बच्चे निकल रहे हैं। लेकिन इसकी निगरानी वन विभाग द्वारा नहीं की जा रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने खतरे को देखते हुए इन बच्चों को ही मार डाला। जबकि कई अंडे ईंट और पत्थर मारकर फोड़ दिये। घटना के कुछ देर बाद ग्रामीण फरार हो गए। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। निगरानी के लिए वन कर्मियों की टीम लगाई जा रही है। जिससे आम आदमी को नुकसान न हो।

# उधारी मांगने पर साढू ने दी जान से मारने की धमकी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



बॉर्डर पर तैनात रहकर देश की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले सैनिक ही जब असुरक्षित हों तो मित्र पुलिस और सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी हो जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित सैनिक द्वारा आरोप लगाया गया है कि इलाकाई पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है और दबंग उसे भद्दी-भद्दी गालियां तथा धमकी दे रहे हैं।

मामला जिले के वजीरगंज थान क्षेत्र के ग्राम सेहरिया का है। उक्त गांव निवासी सैनिक कुलदीप सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह का कहना है कि 20 नवंबर 2021 को उन्होंने दुर्जनपुर घाट निवासी अपने साढू राजेन्द्र सिंह पुत्र मनोगी को बेटी की शादी के लिए 04 लाख रूपए उधार दिया था। सैनिक कुलदीप का कहना है कि उसने यह रूपए अपने चचेरे भाई सुनील सिंह व दूसरे साढू राकेश सिंह की मौजूदगी में दोनों लोगों के समक्ष दिया था। शिकायतकर्ता सैनिक का आरोप है कि जब उसने अपने साढू राजेन्द्र सिंह से रूपये वापस मांगे तो उन्होंने 76,000 रूपए उसे वापस कर दिया। आरोप है कि शेष रूपए मांगने पर उसे राजेन्द्र सिंह व उसके बेटे प्रवीण सिंह ने भद्दी-भद्दी गालियां और धमकी दी। इसकी शिकायत सैनिक द्वारा 26 जून 2024 को वजीरगंज थाने पर की गई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर उसने 1 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को पूरे मामले से अवगत कराते हुए रूपए वापस दिलाने की गुहार लगाई। वृहस्पतिवार को पीड़ित सैनिक देवीपाटन रेंज के डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बात कह रही है जबकि वह अपने रूपये वापस चाहता है। रूपये देने का उसके पास सुबूत भी है और गवाह भी। फिर भी इलाकाई पुलिस आनाकानी कर रही है। इस संबंध जानकारी के लिए वजीरगंज के थानाध्यक्ष अभय सिंह को सीयूजी मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह अभी मीटिंग में हैं।

## खबरें एक नजर में

### सभासद व अंजुमन सज्जादिया के सदर इकबाल रजा का निधन, शोक का माहौल



**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कस्बे के अजेय सभासद व अंजुमन सज्जादिया कमेटी के सदर रहे इकबाल रजा कुरैशी 60 वर्ष का निधन हो गया। गंगा यमुनी तहजीब की मिशाल कहे जाने वाले अकबाल रजा कुरैशी अपने वालिद अलीरजा के इंतकाल के बाद से लगातार अंजुमन सज्जादिया कमेटी के निर्विवाद सदर रहे हैं तथा अपने मृदुल व्यवहार व लोकप्रियता के चलते वह वर्ष 1988 से अब तक लगातार 7 बार सभासद चुने गए। भंभुआ कोट परिवार के अति करीबी माने जाने वाले अकबाल रजा के आक्समिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। उनके इंतकाल की खबर पाकर नई बाजार आवास पर लोगो का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। नगर पालिका परिषद में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### सोशल आडिट टीम का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सोशल आडिट टीम के प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित सदस्यों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को ग्राम विकास संस्थान झंझरी में संपन्न हुआ। जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रशिक्षण के प्रशिक्षक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार मिश्रा,एल पी मिश्रा रहे। प्रशिक्षक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सभी सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों को ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत किए गए कार्यों, प्रधानमंत्री आवास, पारिवारिक लाभ एवं वृद्धा पेंशन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को शैक्षिक भ्रमण करते हुए ब्लॉक रुपईडीह के ग्राम पंचायत बनगाई में कार्य का सत्यापन एवं स्थलीय निरीक्षण कराकर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षक अभिषेक कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं किट वितरित किया। इसमें ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार गौतम, अशोक कुमार पाठक, राजेश पाठक, मलखान सिंह, रमेश पांडेय , बंशी प्रसाद गोस्वामी, सरोजनी सिंह, अंजना तिवारी, गुरु बचन शर्मा, विजय कुमार, घनश्याम, राम अनुज, त्रिशूल धारी दूबे, शिवकुमार, रामशरन, सच्चिदानंद तिवारी, विजय श्रीवास्तव, बछराज पासवान, ओम प्रकाश, सालिकराम ,हरिद्वार प्रसाद मिश्रा, नसरुद्दीन, रामफेर नायब सिंह, विश्वनाथ,घिराऊ सहित 41 सोशल आडिट टीम सदस्य रहे।

# सम्पूर्णता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर निकाली प्रभात फेरी



- कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम ने दिखवाई हरी झण्डी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के आकांक्षी विकास खण्ड में संचालित होने वाले सम्पूर्णता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित प्रभात फेरी को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, डीपीएम एनएचएम सरयू खान, डीईएसटीओ बृजेश कुमार सिंह सहित व अन्य संबंधित मौजूद रहे। प्रभात फेरी में नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। प्रभाम फेरी कलेक्ट्रेट से रवाना होकर महाराजा सुहेल देव स्वशासी चिकित्सा विश्वविद्यालय के नर्सिंग हाल तक जाकर सम्पन्न हुई।

# जनपद में सम्पूर्णता अभियान का समारोहपूर्वक शुभारम्भ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- नीति आयोग के इंडीकेटर्स पर आधारित बनाई गई रंग बिरंगी रंगोली
- जिलाधिकारी ने मौजूद लोगों को दिलाई सम्पूर्णता अभियान की शपथ

आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर में 30 सितम्बर 2024 तक संचालित होने वाले सम्पूर्णता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर सांवरिया रिसार्ट में आयोजित में समारोह का विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने विधायक कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, विधायक बलहा के प्रतिनिधि आलोक जिन्दल, जिलाधिकारी मोनिका रानी व सीडीओ रम्या आर के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के प्रा.वि. अकबरपुरा व यूपीएस पुलिस लाइन की बच्चियों द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ के उपरान्त अतिथियों ने अधिकारियों के साथ कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेशम, ग्राम्य विकास, पशुपालन, उद्यान, पंचायती राज, समाज कल्याण, आईसीडीएस व अन्य विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन किया तथा आरोग्य जन जागरूकता अभियान 3.0 के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा समारोह स्थल पर नीति आयोग के इंडीकेटर्स पर आधारित बनाई गई रंग बिरंगी रंगोली का अवलोकन करते हुए बनाई गई रंगोली की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मौजूद लोगों को सम्पूर्णता अभियान की शपथ दिलाई।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री वर्मा द्वारा अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ 05 बच्चों को अन्नप्रासन कराया तथा 05 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व ड्रग किट, 05-05 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड व राई बीज के मिनी किट, परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 01 व 02 के छात्र-छात्राओं को पुस्तक तथा स्वयं सहायता समूह की 05 महिलाओं को रिवॉल्विंग फंड का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक नानपारा श्री वर्मा ने भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजन के लिए डीएम सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि नीति आयोग के निर्देश पर आकांक्षी विकास खण्डों में निर्धारित कुल 40 सूचकांकों में से 06 सूचकांकों में सम्पूर्णता प्राप्त करने के लिए 30 सितम्बर 2024 तक अभियान संचालित किया जाना है। अभियान अन्तर्गत पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण, ब्लॉक में लक्षित आबादी की शत-प्रतिशत उच्च रक्तचाप व मधुमेह की जांच, आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जाएगा।

# गोला बनाते समय मकान में विस्फोट, महिला व बच्चा बेहोश

- पड़ोस के मकान को भी पहुंचा है नुकसान, पुलिस कर रही है घटना की जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के झाला गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां गुरुवार को गोला बनाते समय विस्फोट हो गया। जिसके चलते मकान में बीच से छेद हो गया। पड़ोस के लोग भी विस्फोट की जद में आ गए। एक महिला और बच्चा घायल होकर बेहोश हुए है। जिनका इलाज चल रहा है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाला निवासी भुद्दू के मकान में आतिशबाजी का गोला बनाने का काम होता है। गुरुवार को गोला बनाते समय मकान में विस्फोट हो गया। जिसके चलते मकान में बीच में छेद हो गया और आधा हिस्सा धराशाई हो गया। वहीं पड़ोस में रहने वाले अशफाक के मकान को भी नुकसान पहुंचा है। उनके मकान में गोले के टुकड़े कई जगह गिरे हैं। विस्फोट होने से पड़ोसी अशफाक के यहां शादी का कार्यक्रम भी बाधित हो गया। सभी में दहशत फैल गई। नानपारा से आए रिश्तेदार रईस ने बताया कि विस्फोट काफी तगड़ा था। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पूरी घटना की जांच चल रही है। वहीं विस्फोट के बाद एक महिला और बालक बेहोश हुआ है। जिनका इलाज चल रहा है। तहसीलदार अंबिका चौधरी भी पुलिस टीम के साथ जांच के लिए मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि गोला सुखाने के दौरान कुछ गोले दगे हैं। इनके पास आतिशबाजी बनाने का लाइसेंस भी है।

### दो लोगों की हो चुकी है मौत

झाला गांव में लगभग एक वर्ष पूर्व गोला बनाते समय विस्फोट हुआ था। जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी। जबकि पांच लोग घायल हुए थे। इतना ही नहीं तीन मकान भी पूरी तरह जमींदोज हो गए थे।

### आठ मुख्य आरक्षी को मिली उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक, निरीक्षक (नागरिक पुलिस) नियमावली-2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा जनपद में नियुक्त 08 मुख्य आरक्षी राजेश सिंह, गोपाल कन्नौजिया, रामप्रवेश पाण्डेय, सुदर्शन प्रसाद तिवारी,प्रभूनाथ यादव,सियाराम प्रसाद,अब्दुल हकीम,ध्रुव नारायण यादव को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किये गये। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के वाचक कार्यालय में नियुक्त मुख्य आरक्षी सुदर्शन प्रसाद तिवारी को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें तथा सभी पदोन्नत अन्य कर्मियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, प्रशिक्षणाधीन उपाधीक्षक हर्षिता तिवारी के साथ-साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी ने शुभकामनाएं दी।

# लाखों रुपए हुए खर्च लेकिन नहीं रिबोर हुए हैंडपंप

- हैंडपंप रिबोर के नाम पर ग्राम पंचायत में खर्च हो गए 10 लाख
- खराब हैंडपंप बयां कर रहे घोटाले की दुर्दशा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

फखरपुर विकासखंड में हैंडपंप मरम्मत कराए जाने के नाम पर लाखों का घोटाला सामने आया है। ग्राम पंचायत की ओर से हैंडपंप सही कराए जाने के नाम पर लाखों रुपए निकाल कर इसका एस्टीमेट भी लगा दिया गया है, लेकिन धरातल पर कहीं भी हैंडपंप सही नहीं हुआ। लोगों के द्वारा और सार्वजनिक स्थानों पर लगे खराब हैंडपंप घोटाले की दास्तां बता रहे हैं।

जिले के ग्राम पंचायत में लगे हैंडपंप को सही कराए जाने का जिम्मा ग्राम पंचायत पर है।फखरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास में लगभग दो दर्जन सरकारी हैंडपंप खराब हैं। चबूतरे टूटे हुए है, ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है। इधर सरकार ग्राम पंचायत की ओर से सरकार के लाखों रुपए नल रिबोर और मरम्मत के लिए खर्च कर दिए गए। यह पैसा भी निकाल लिया गया। जबकि आज भी ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर है। फखरपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास, चारीगाह, लोनियनपुरवा गांव में दो दर्जन से अधिक हैंडपंप कई वर्षों से खराब पड़े हैं। इनको रिबोर कराने की जरूरत है, एक ग्रामीण दबी जुबान में कहा की लाखों रुपए रिबोर करने के नाम पर खर्च हुए है, लेकिन आज तक इन्हें ठीक नहीं कराया गया। जिससे ग्राम प्रधान ग्राम सचिव की लापरवाही से कई हैंड पंप नल मिट्टी के नीचे दबकर रह गए हैं। कई जगह चबूतरे टूटे हुए है लोग दूषित जल पी रहे है। भीषण गर्मी और बाढ़ प्रभावित गांव होने के चलते भी ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। इन हैंडपंपों के अलावा दूर-दूर तक कोई अन्य हैंडपंप नहीं है। इस मामले ग्रामीणों ने डीएम से जांच की मांग की है।

### कहीं ढाई तो कहीं निकल गए 30 हजार रुपए

फखरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास में हैंडपंप सही कराए जाने के नाम पर ग्राम पंचायत की ओर से किसी हैंडपंप के नाम पर 2500 तो किसी के नाम पर 31000 रुपये निकाला गया है। जबकि मौके पर एक भी हैंड पंप सही नहीं कराया गया है। 10 लाख से अधिक के बजट को बंदरबांट कर दिया गया है।

### डीपीआरओ से करा रहे जांच

फखरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर बजट निकलने के बाद भी कार्य न होना गंभीर मामला है। इसकी जांच डीपीआरओ से करवाकर संभद्धित के विरुद्ध कार्यवाई की जायेगी।

**मोनिका रानी, डीएम बहराइच**

# एक छोटी पहल ने आसान कर दी गर्भवतियों की राह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- चटाई या चारपाई पर बैठकर टीकाकरण और जांच जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं देने को मजबूर थे स्वास्थ्यकर्मी

डीएम मोनिका रानी की एक छोटी सी पहल ने जनपद के ग्रामीण इलाकों में गर्भवती व नौनिहालों की जिंदगी को बेहतर बना दिया है। पहले, इन इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले कर्मियों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वे चटाई या चारपाई पर बैठकर टीकाकरण और जांच जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं देने को मजबूर थे। लेकिन डीएम मोनिका रानी की सूझबूझ ने इस स्थिति को पूरी तरह से बदल दिया है। इससे छाया ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस की सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और गर्भवती महिलाओं को अब सही समय पर उचित सेवाएं मिल रही हैं।

**ऐसे हुआ सुधार:-** ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियां (वीएचएसएनसी) के फंड का सही उपयोग करके डीएम ने एक नई राह दिखाई। इन समितियों को हर साल दस हजार रुपये मिलते हैं, लेकिन इस धन का उपयोग अक्सर सही तरीके से नहीं हो पाता था।

डीएम ने इस फंड का उपयोग कुर्सी, मेज, चटाई, बाल्टी, और जग जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था के लिए किया। अब हर माह होने वाली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में इस फंड के उपयोग की समीक्षा की जाती है। इससे बीपी मशीन, स्टेथोस्कोप, वजन मशीन और हीमोग्लोबिनो मीटर जैसे उपकरणों की खरीद और मरम्मत भी हो पाई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने के अनुसार, अब तक 719 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान और आशा कार्यकर्त्ता के संयुक्त खाते में जमा धन का सदुपयोग किया जा चुका है, और शेष 600 जगहों पर अभी प्रयास जारी है।

### स्वास्थ्य कर्मियों में खुशी

विशेश्वरगंज खैराजनूब उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम कंचन यादव ने बताया कि क्षेत्र के बरई पुरवा में पहले उन्हें चटाई पर बैठकर टीका लगाना पड़ता था, जो काफी मुश्किल था। अब कुर्सी और मेज की सुविधा से यह काम आसान हो गया है। इसके अलावा, लाभार्थियों के बैठने के लिए दरी की व्यवस्था भी की गई है, जिससे वे आराम से अपनी बारी का इंतजार कर सकते हैं। पहले की तुलना में अब छाया ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस में लाभार्थियों की संख्या में 30 त्न की वृद्धि हुई है।

### ग्रामीणों ने की सराहना

आशा कार्यकर्ता और ग्राम प्रधानों ने भी इस पहल की जमकर तारीफ की है। अब लाभार्थी बिना किसी संकोच के स्वास्थ्य सत्रों में भाग लेते हैं। रणवीर सिंह ग्राम प्रधान, गदामार कला ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मांग पर आवश्यक सामग्री और उपकरण की व्यवस्था कर दी गई है। भविष्य में जब भी आवश्यकता होगी, पूरा सहयोग मिलेगा।

### एक छोटी पहल, बड़ा बदलाव

चिकित्सक व एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने डीएम मोनिका रानी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ, बल्कि वर्षों से रुके हुए धन का भी सदुपयोग हो गया। यह पहल साबित करती है कि छोटी सी कोशिश भी बड़े बदलाव ला सकती है और समाज के कमजोर तबके के जीवन को बेहतर बना सकती है।

### हर माह आयोजित होते हैं 1319 दिवस

मातृत्व स्वास्थ्य, नवजात और बाल स्वास्थ्य, पोषण और किशोर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में हर माह औसतन 1319 छाया ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया जाता है , यह कार्यक्रम आशा कार्यकर्त्ता, आंगनबाड़ी, और एएनएम के सहयोग से माह के प्रत्येक बुधवार व शनिवार को आयोजित होता है।

**मिलती हैं सुविधाएं** गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण और प्रसवपूर्व देखभाल, नवजात शिशुओं और बच्चों का टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच, पोषण की खुराक और परामर्श, किशोरों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा और परामर्श, परिवार नियोजन के साधनों का वितरण और जानकारी

# आम जनता की थाली से गायब हो रहीं सब्जियां

**बढ़ते हुए दामों ने लोगों को सब्जियां खाने से किया दूर**



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बढ़ते हुए सब्जियों के दामों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ा इस समय पहाड़ी क्षेत्रों में जमकर बारिश होगा जिसके कारण से ट्रांसपोर्ट का कार्य में बाधा आने के कारण एवं बारिश की वजह से सब्जियों की पैदावार भी गिरी है तो दूसरी तरफ इस समय महाराजगंज क्षेत्र में जहां लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं बढ़ते हुए सब्जियों के दामों ने लोगों की थालियों से स्वाद बढ़ाने वाली सब्जियां गायब हो रही है जहां टमाटर लाल होता जा रहा है तो वही प्याज भी खूब रुला रहा है टमाटर सौ रुपए किलो आलू रु. 30 किलो प्याज रु.40 किलो हरी मिर्च120 रुपए किलो अदरक रु.20 पाव लौकी रु.40तोरई रु.30 किलो करेला रु.60 किलो सब्जी मे लगी आग से आम जनता परेशान नजर आ रही है ।और लोगों की थालियों से जायका बढ़ाने वाली सब्जी गायब होती नजर आ रही इस विषय पर व्यापारियों का कहना है कि जब ऊपर से ही सब्जियों के दाम बड़े हुए हैं तो हम सभी को महंगे रेटों पर सब्जियां बेचनी पड़ रही है सब्जियों के बड़े हुए दामों से ग्राहक दुकानों पर काम आते हैं और जो आते भी हैं वह कम मात्रा में सब्जियों को खरीदते हैं।

**सभी सब्जियों के दामों में उछाला**

आलू जहां 10और बीस रु किलो बिकता है वहीं आलू इस समय रु.30 किलो बिक रहा है बगैर आलू के गरीब अमीर किसी का नहीं चलता वही टमाटर स्वाद बढ़ाने के लिए जाना जाता है रु.100 किलो बिक रहा है हरी सब्जियों के रेट आसमान छू रहे है तोरई रु.30 किलो करेला रु.60 किलो और लौकी रु.40 किलो बिक रही है।

# आपराधिक कानून में बदलाव को लेकर नाराज वकीलों ने प्रकट किया सांकेतिक विरोध

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अदालतों में आपराधिक कानून में हुए बदलाव को लेकर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए हड़ताल कर अपना सांकेतिक विरोध प्रकट किया। जिला दीवानी व सत्र न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट न्यायालय के अधिवक्ताओं ने 1 जुलाई से हुए भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर नए आपराधिक कानून को लागू किये जाने के विरोध में हड़ताल कर अपना सांकेतिक विरोध प्रकट किया है। जिले की सबसे बड़ी अधिवक्ताओं की बार एसोसिएशन सेंट्रल बार ने आपराधिक कानून में बदलाव को लेकर बुधवार शाम को प्रस्ताव पारित करते हुए गुरुवार को अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य से विरत रहने का आह्वान किया। सेंट्रल बार के महामंत्री अमरेंद्र सिंह उर्फ रामू चौधरी ने आज बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही बड़ा बदलाव करते हुए भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानून लागू किये है।

इस कारण अधिवक्तागण इनके विरोध में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करते हुए पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। महामंत्री के अनुसार इस प्रस्ताव की सूचना जिला न्यायाधीश को भेजी गई है व उनसे अपेक्षा की गई है कि वह अपने अधीनस्थ न्यायालयों को भी इस सम्बंध में अवगत करा दें।

उधर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन की ओर से सुशील कुमार श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष पदम् प्रसाद ने आज बताया कि कलेक्ट्रेट में एसडीएम व सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में आपराधिक मामले चलते हैं और इन नए आपराधिक कानून के लागू होने से कई तरह की विसंगतियां उत्पन्न होने की संभावना है इसलिए इन बदलाव के विरोध में व दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता साथियों के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर रहे हैं। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन की ओर से इस प्रस्ताव की सूचना जिलाधिकारी व उनके अधीनस्थ न्यायालयों को भेजी गई है।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव में गुरुवार की दोपहर 4 बजे घर में बिजली का पंखा ठीक करते समय करंट की चपेट में आया दिहाड़ी मजदूर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत 7 सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेजा। गांव निवासी राजकुमार गौतम उम्र 38वर्ष पुत्र शीतल गौतम अपनी पत्नी नीलम के साथ मिलकर मजदूरी कर घर चलाता था जहां गुरुवार को काम ना होने के कारण राज कुमार घर मे ही था वही रोज कि तरह पत्नी नीलम मनरेगा में मजदूरी करने गई थी और पुत्री महक 13 वर्ष, वैष्णवी 3 वर्ष,पुत्र विराट 9 वर्ष घर के बाहर खेल रहे थे । तभी फर्राटा पंखा चलना बंद हो गया । राजकुमार पंखा ठीक करते समय पंखे में उतर रही करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। बाहर खेल रही पुत्री महक ने देखा तो शोर मचाया शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन सीएचसी लालगंज ले गए। जहां चिकित्सको ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया ।अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।वही इस घटना के बाद पिता शीतलदीन,पत्नी नीलम व बच्चों सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में खीरो थाना प्रभारी से बात करने पर बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं : डीएफओ




**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वन महोत्सव पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत ब्लू बर्ड इंटर कॉलेज में वृक्ष भंडारा एवं पौधारोपण का कार्यक्रम सामाजिक सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति इटावा द्वारा आयोजित किया गया। सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए कटिबद्ध, इसलिए वन विभाग पौधरोपण के साथ-साथ लोगों को संवेदनशील वृक्षारोपण के लिए प्रेरित कर रही है। वृक्ष भंडारा के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान बांटे गए पौधों को बच्चे अपने अपने घरों में लगा कर संरक्षित रखें। यह उद्गार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने आयोजित वृक्ष भंडारा एवं पौधारोपण कार्यक्रम में दिए। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग अतुल कान्त शुक्ला ने कहा की वन महोत्सव का उद्देश्य ही यही है कि हम सभी लोग कम से कम एक पौधा लगाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी हम शुद्ध हवा दे सकें। हर नागरिक से यही उम्मीद की जाती है कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे कल का भविष्य हैं और यह अगर एक बार पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील हो जाएंगे तो पूरी पृथ्वी हरी भरी हो जाएगी । विद्यालय प्रबंधक एस.एम.तिवारी, प्रधानाचार्य राजीव चतुर्वेदी,एस.एस. तिवारी ,वन क्षेत्रीय वनाधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार शर्मा, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रवल प्रताप सिंह,शिव प्रसाद एवं डी.पी.ओ. नमामि गंगे संजीव चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्मानीय व्यक्ति संजू चौधरी,चंदन पोरवाल, अशोक चौहान, विनीत पांडेय, राजेश प्रजापति वन दरोगा ताबिश अहमद,सुनील कुमार ,रविंद्र मिश्रा, अनिल चौहान एवं संतोष सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### राहुल गांधी का पुतला जलाने वालों पर हो कार्रवाई : कांग्रेस



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा को दिया। ज्ञापन में महामहिम राज्यपाल महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा गया कि देश के संसद में विगत दोनों नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सांसद द्वारा भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किया एवं भ्रष्टाचार, अग्निवीर योजना सहित नीट यूजी 2024 की परीक्षाओं में अनियमिताओं और पेपर लीक संबंधी मामला उठाकर सरकार का झूठा चेहरा जनता के सामने उजागर कर दिया। अपने झूठ का खुलासा देखकर भाजपाई इतना बौखला गए कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फोटो युक्त पुतले को पुलिस एवं प्रशासन के संरक्षण में जनपद में ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में जलने का घिनौना कार्य किया जो कि हमारे देश के लोकतंत्र की परंपराओं के खिलाफ हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा सत्ता पक्ष के लोगों को अपने संरक्षण में रखकर विपक्षी नेताओं की फोटो युक्त पुतला जलवाने की यह घटना अत्यंत निन्दनीय एवं स्वच्छ राजनीति के विपरीत है। हम कांग्रेसजन महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश से यह मांग करते हैं कि जनपद में जिन लोगों द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फोटो युक्त पुतला जलाने का घिनौना कार्य किया है उनके खिलाफ आवश्यक करवाई करने एवं जेल भेजने के लिए निर्देशित करें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव,शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे,पूर्व शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, आलोक यादव, प्रेम किशोर द्विवेदी, रामजीवन कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

प्रदेश के उद्यान, कृषि निर्यात, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने गुरूवार को जनपद रायबरेली में प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों व विकास कार्यो की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की।

उद्यान मंत्री ने बताया कि चुनाव पूर्व खेल प्रेमियों द्वारा अपेक्षा किये जाने पर मोती लाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली के विकास के लिए लगभग 25 करोड़ रूपये स्वीकृति कराकर अवमुक्त करा दिया गया है। विकास खण्ड लालगंज और सरेनी के मध्य एक बड़े स्टेडियम की स्थापना हेतु जिलाधिकारी रायबरेली, उपजिलाधिकारी लालगंज, जिला क्रीडा अधिकारी से भूमि उपलब्ध कराने तथा स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।



- मोती लाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली के विकास के लिए 25 करोड़ रुपये किये गये स्वीकृत
- विकास खण्ड लालगंज और सरेनी के मध्य स्टेडियम के लिए प्रस्ताव तैयार किये जाएं
- हरचंद्रपुर में औद्यानिक/कृषि महाविद्यालय का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश

ऊँचाहार और लालगंज में बन रही गल्ला मण्डियों के साथ-साथ रायबरेली जनपद में बन रही 18 उप मण्डियों की प्रगति की भी समीक्षा की। शहर में फिरोज गांधी चौराहे से दिवानी कचहरी जहानाबाद चौकी होते हुए त्रिपुला तक, रतापुर से जहानाबाद तक, सिविल लाईन से पी0ए0सी0 कालोनी तक, फिरोज गांधी चौराहे से सई नदी पुल तक सड़को के चौड़ीकरण व डिवाइडर रोड़ की प्रगति की समीक्षा की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित जिलें के प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्ष लगाने पर हुई चर्चा

जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्ष लगाने और वृक्ष बचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। आस्था के स्थलों सुरक्षित क्षेत्र समाज के विभिन्न वर्गों अधिवक्तओं, चिकित्सकों, व्यापारियों, पंचायत प्रतिनिधियों आदि से सहयोग लेने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि रायबरेली जनपद वासियों को उनकी इच्छा के अनुरूप पौधे लगाने हेतु पौधे उपलब्ध कराया जाए। शहर में श्रीश चन्द्र दीक्षित पर्यावरणीय पार्क के निर्माण और गुरू गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क, नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराये जाने, विद्युत उपभोक्तओं की समस्याओं का निदान कराने, उद्यान विभाग द्वारा जनपद के सलोन, सतांव, दरियापुर व शिवगढ़ में बन रही हाईटेक नर्सरियों की प्रगति की भी समीक्षा की।

### पानी की टंकी को शीघ्र संचालित करने के दिए निर्देश

फ्लोराइड युक्त पानी पीने पर हेतु मजबूर वहां के स्थानीय लोगों कों खीरों ब्लाक के भीतरीगांव में स्थापित पानी की टंकी को भी शीघ्र संचालित कराने के निर्देश दिये। डलमऊ में निर्माणाधीन वृहद गौशाला का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ कराने आदि के निर्देश दिया। हरचंद्रपुर में औद्यानिक/कृषि महाविद्यालय का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### चार माह के नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 15 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के अनुसूचित जाति/जनजाति (सबप्लान-ट्राइबल सबप्लान) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजनान्तर्गत युवक/युवतियों को स्वरोजगार के उद्देश्य से मेडिकल नर्सिंग (आया) एवं कम्प्यूटर साफ्टवेयर में 04 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उपयुक्त उद्योग ने कहा है कि अनुसूचित जाति/जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के इच्छुक महिला/पुरुष अभ्यर्थी जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य तथा विशेष ट्रेड के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण हो, आवेदन-पत्र आनलाइन वेबसाइट- https:// diupmsme. upsdc. gov.in/ पर 15 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

# सरदार पटेल पीजी कॉलेज में वितरित किए गए स्मार्टफोन



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सरदार पटेल पीजी कॉलेज सेंहगो तमनपुर में आज उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना डिजिटल इंडिया के तहत बीए के द्वितीय, चतुर्थ एवं सिक्स सेमेस्टर मे 687 स्मार्ट फोन छात्र एवं छात्राओ को वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अमर सिंह चौधरी, प्राचार्य डॉ. अभय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय सिंह, महाविद्यालय के अध्यक्ष सहदेव पटेल, महाविद्यालय के प्रवक्ता आलोक तिवारी, प्राची पटेल, प्रदीप, जगदेव सिंह, देशराज, दुर्गेश अविनाश, सुधीर, वीरेंद्र नेता आदि लोग मौजूद रहे।

### जहरीले जंतु के काटने से अधेड़ के बिगड़ी हालत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के चुरुवा गांव निवासी संतोष सिंह उम्र 48 पुत्र स्वर्गीय सूरजपाल गुरुवार सुबह आठ बजे अपने खेत काम करने गया था तभी किसी जहरीले जंतु ने उसे डंस लिया। कुछ ही देर बाद अधेड़ की हालत बिगड़ने लगी। तभी खेतों में काम कर रहे हैं अन्य किसानों ने सूचना अधेड़ के परिजनों को दी, मौके पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस की सहायता से उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को ठीक देखते हुए उसे घर भेज दिया है।

# राहुल गांधी के पोस्टर जलाए जाने से नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बनारस में राहुल गांधी के पोस्टर जलाए जाने से नाराज सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि रायबरेली सांसद व नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के द्वारा नीट परीक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितता व पेपर लीक का मुद्दा उठाने के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश करते हुए देश की जनता के सामने भाजपा का नकली वह बनावटी चैनल उजागर किया है जिसके फालतू भारतीय जनता पार्टी तिल मिलाई हुई है उसी में हताशा के सभी हदों को पार करते हुए भाजपा के लोगों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन की मिलीभगत से बनारस में प्रदेश अध्यक्ष राय के घर के सामने रायबरेली सांसद राहुल गांधी की फोटो जलाने का असफल प्रयास किया गया जिससे आक्रोशित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा।



### रास्ते की विवाद में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के केसर खेड़ा मुजरा मजरे थुलेडी गांव निवासी शिवदुलारी उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्री संतलाल, पार्वती उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी संतलाल, काजल उम्र लगभग 8 वर्ष पुत्री कैलाश जब दोपहर खेतों से घर वापस आ रही थी तो पड़ोसी रास्ते को बंद कर रहे थे, इन तीनों ने रास्ता बंद करने के विरोध किया, तभी पड़ोसी चार लोग लाठी व डंडे लेकर मारपीट पर आमादा हो गये। बातों ही बातों में विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। और पड़ोसी चार लोग लाठी व धंधे से शिवदुलारी, काजल, पार्वती को पीट दिया । चीख पुकार पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। तभी ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर अमित सिंह ने प्राथमिक उपचार कर एक की हालत गंभीर देखते हुए पार्वती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है तहरीर मिलने पर जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# सेंध काटकर पार किया लाखों का माल



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के शेखपुर समोधा गांव में बुधवार रात चोर ग्रामीण राममिलन पुत्र बृजभूषण के घर के पिछले हिस्से से सेंध काट कर घर में दाखिल हो गएद्य चोर घर में रखे जेवरात व बर्तन लेकर रफू चक्कर हो गए हैंद्य जब राम मिलन की पत्नी सुबह उठी और पंख रखना अंदर गई तो उन्हें घटना की जानकारी हुईद्य कुछ ही देर में मौके पर भारी मजमा लग गया, तत्पश्चात परिजनों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि सोने की झुमकी, हार, नथुनी , चांदी की पायल दो जोड़ी, बिछुआ एक जोड़ी, पीतल का बटुआ , पीतल का थारा , एक पीतल का चमचा, दो पीतल के कटोरे, व एक लोटा सहित नगदी रुपए चोरों ने चोरी कर लिया है। सभी सामान की अनुमानित कीमत दो लाख बताई जा रही हैद्य थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

### आईटीआई बछरावां में एक दिवसीय रोजगार मेला नौ जुलाई को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना ÷मिशन रोजगार÷ के अन्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बछरावां, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 09 जुलाई 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 04 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in/ पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

# वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत किया पौधरोपण




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर बछरावां विधानसभा में विधायक श्याम सुंदर भारती के नेतृत्व में बछरावां विकासखंड की रामपुर मोहिउद्दीनपुर ग्राम सभा में वृक्षारोपण किया गया। विधायक श्याम सुंदर भारती के साथ वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता प्रमोद चौधरी, फॉरेस्ट रेंजर नावेद सिद्दीकी, विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष देशराज यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महाराजगंज समर बहादुर यादव, पूर्व प्रधान रामपुर मोहद्दीनपुर जगन्नाथ यादव, नगर पंचायत के सभासद रमाकांत गुप्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे इस वृक्षा रोपण अभियान में वन विभाग ने वृक्षारोपण सप्ताह के तहत सहयोग करके वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया इस अभियान के तहत गांव में पाकड़, नीम, बरगढद, सरसई आदि पेड़ों को लगाया गया।

# पान कुंवर स्कूल में किया गया पौधरोपण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पौधारोपण अभियान के तहत पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में फलदार एवं छायादार पौधे आरोपित किए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है कि उसे पौधारोपण करना चाहिए तथा उसे पौधे के बड़े होने तक उसकी देखरेख एवं संरक्षण करना चाहिए। पौधारोपण करना बहुत ही अनिवार्य हो गया है।



विशिष्ट अतिथि डीआईओएस मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। यह एक ऐसी चीज है जो ना जल कर खत्म होती है और ना गल कर तथा पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाती है। डॉक्टर मुकेश यादव ने कहा कि पौधारोपण केवल अभियान के तहत ही नहीं कराया जाना चाहिए बल्कि इसे हमें अपने जीवन में समाहित कर लेना चाहिए तथा जब भी हमें अवसर मिले हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि पौधारोपण हम सब मिलकर के करते रहें तो हमारी प्रकृति अच्छी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में किसी भी खुशी के अवसर पर छात्र- छात्राएं एवं अध्यापक पौधा लगाकर खुशी मनाते हैं।साथ ही उनके बड़े होने तक उनकी देखरेख करते हैं। आज के समय में ऑक्सीजन को बढ़ाने के लिए तथा कार्बन डाइऑक्साइड के प्रकोप को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधों का लगाया जाना अति आवश्यक है।

### सावधान : बरसात के साथ ही शुरू हो गई है जहरीले सर्पों की हलचल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बरसात में खेतों या खाली प्लाटों में बने बिलों में पानी भर जाने से विभिन्न प्रकार के सर्प खेतों या खाली बेकार पड़ी जगह के बिलों को छोड़कर जमीन से बाहर आने लगते है और अपने भोजन की तलाश में या नए सुरक्षित ठिकाने को भी तलाशते हुए आपके घर, स्कूल या ऑफिस में प्रवेश कर सकते हैं। सबसे पहले सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति या महिला के हाथ या पैर में हल्का बन्ध अंगोछे से कलाई या कोहनी के ऊपर लगा दें। पैर में काटा हो तो एड़ी और घुटने के ऊपर बांध दें फिर उसे बाई करवट लिटाकर बिना हिले डुले सीधे बिना किसी देरी के जिला चिकित्सालय इटावा के कमरा नंबर तीन में ले जाएं और चिकित्सक के अनुसार उपचार कराएं।

# अधिवक्ताओं ने फूंका देवरिया डीएम का पुतला

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को देवरिया जनपद के जिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किए गए अपमानजनक दुर्व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा अधिवक्ताओं के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार को लेकर डलमऊ तहसीलबार एसोसिएशन अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को तहसील सभागार में एक बैठक की गई जिसमें पदाधिकारीयों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आक्रोश व्यक्त किया देवरिया के जिलाधिकारी के विरुद्ध मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर डीएम का पुतला फूंका इसके साथ ही शासन से डीएम को तत्काल हटाए जाने की मांग की संगठन के अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

अधिकारी दिन पर दिन अपनी मनमानी कार्यशैली से बेलगाम होते जा रहे हैं इसी क्रम में उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने बताया कि तहसील दफ़्तर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है उच्च अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं वहीं सुनील गुप्ता ने बताया की मनमाने आदेशों से न्याय का गला घोटा जा रहा है।

इस मौके पर अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह, महामंत्री मनोज सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, मोहित द्विवेदी, जितेंद्र यादव, राजू श्रीवास्तव, सुनील कुमार, सुनील श्रीवास्तव, सत्येंद्र त्रिपाठी, पवन त्रिपाठी, रमेश कुमार, संजय श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, संतोष कुमार, शिशिर श्रीवास्तव, कपिल श्रीवास्तव,सहित तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उपस्थित रहे

## आग से जूझते जंगल

दुनिया भर के जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा-वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं जो 2013 से दो गुनी हैं। इससे 30 लाख जीव-प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25त्न आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा-वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य समाज शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनियां की हवा, पानी और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति-आवश्यक हो गया है। जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बन डाई-आक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन-हॉउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, इस तरह एक घातक दुष्चक्र चल निकलता है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव-विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जलकर खुर-खुरी हो जाती है और बारिश में बहकर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भूजल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाति है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टेयर वृक्षारोपण क्षेत्र है, 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6.61 करोड़ रुपए का नुकसान अनुमानित है, हालांकि यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपए में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना होगा, ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है, बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घ-कालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआँ खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा और आग प्रतिरोधक स्थायी योजना बनानी होगी। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद इसका पता लग जाना चाहिए।

# राहुल गांधी ने हिन्दू समाज पर लांछन लगा किया पाप!



**हिन्दू तो उन महान ऋषियों के वंशज हैं जो संसार में अद्धितीय रहे हैं। इसलिए उन्हें हिन्दू होने का गर्व है और होना भी चाहिए। संपूर्ण विश्व पर हिन्दू समाज का महान ऋण है। सम्पूर्ण विश्व में हिन्दू ही ऐसे हैं जिन्होंने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया। हम दुनिया में शांति व सौहार्द का संदेश लेकर गए। दुनिया की पीड़ित मानवता को हिन्दुओं ने ही गले लगाया। ऐसे सर्वे भवन्तु सुखिनाः सर्वे सन्तु निरामयः और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना रखने वाले हिन्दू समाज को हिंसक बताया जा रहा है। हिन्दू समाज भी इतना उदार व सहनशील है कि वह भी अपने ऊपर लगने वाले आरोपों को सहन करता जा रहा है।**

**बृजनन्दन राजू**

जब कोई व्यक्ति अपने पूर्वजों के बारे में लज्जित होने लगे तब समझ लो कि उसका अन्त आ गया। सबको अपने पूर्वजों पर गर्व होना ही चाहिए। हिन्दू तो उन महान ऋषियों के वंशज हैं जो संसार में अद्धितीय रहे हैं। इसलिए उन्हें हिन्दू होने का गर्व है और होना भी चाहिए। सम्पूर्ण विश्व पर हिन्दू समाज का महान ऋण है। सम्पूर्ण विश्व में हिन्दू ही ऐसे हैं जिन्होंने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया। हम दुनिया में शांति व सौहार्द का संदेश लेकर गए। हमने किसी को अपना गुलाम नहीं बनाया। दुनिया की पीड़ित मानवता को हिन्दुओं ने ही गले लगाया। ऐसे सर्वे भवन्तु सुखिनाः सर्वे सन्तु निरामयः और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना रखने वाले हिन्दू समाज को हिंसक बताया जा रहा है। हिन्दू समाज भी इतना उदार व सहनशील है कि वह भी अपने ऊपर लगने वाले आरोपों को सहन करता जा रहा है। यह स्थिति वास्तव में हिन्दू समाज के लिए आत्मघाती है।

स्वामी विवेकानन्द कहते थे कि तभी और केवल तब ही तुम हिन्दू कहलाने के अधिकारी हो जब इस नाम को सुनते ही तुम्हारी रगों में शक्ति की विद्युत तरंग दौड़ जाए। हम अहिंसा के पुजारी जरूर हैं, लेकिन हमारे शास्त्रों का यह भी आदेश है कि यदि कोई तुम्हारे गाल पर थप्पड़ मारे और तुम उसका जवाब दस थप्पड़ों से न दो तो तुम पाप करते हो। हिन्दुस्थान का प्राण हिन्दू धर्म है। यदि हिन्दू धर्म पर आघात होगा तो वह राष्ट्र पर आघात माना जाएगा। इसलिए हिन्दुओं को अपने शौर्य को प्रकट करने की जरूरत है। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के तौर पर पहला भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में न केवल संसदीय गरिमा को तार-तार किया बल्कि हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताकर हिन्दू समाज को अपमानित करने का काम किया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। इस कृत्य के लिए राहुल गांधी को अविलंब माफी मांगनी चाहिए। वैसे इसके लिए राहुल गांधी को दोष देना ठीक नहीं है, क्योंकि उनको वही संस्कार ही मिला है।

भारत की प्रकृति और संस्कृति का उन्हें ज्ञान नहीं है। राहुल गांधी के पास स्वयं की चिंतन प्रतिभा कुछ है नहीं। कम्युनिस्ट व मैकाले पुत्रों की बुद्धि के आधार पर वह बोलते व आचरण करते हैं। कांग्रेस की संस्कृति शुरू से विघटनकारी रही हैं। वह हमेशा समाज को बांटने में विश्वास करती है। कांग्रेस कई बार टूटी। कई दल बने लेकिन उनका मूल स्वभाव यथावत है। भारत विभाजन से लेकर आज तक कांग्रेस की कार्य संस्कृति में बदलाव नहीं आया है। महात्मा गांधी की चलती तो कांग्रेस समाप्त हो गई होती। लेकिन गांधी के नाम का उपयोग करने वाले राहुल गांधी महात्मा गांधी का भी अपमान कर रहे हैं, जिन्होंने कहा था हिन्दुत्व सत्य की अनवरत खोज का ही दूसरा नाम है। 24 जनवरी 1948 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि हमें अपनी उस विरासत और अपने उन पूर्वजों पर गर्व है जिन्होंने भारत को बौद्धिक एवं सांस्कृतिक श्रेष्ठता प्रदान की। वैसे हिन्दुओं पर आक्षेप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत है। सदन में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत-नफरत, असत्य-असत्य-असत्य की बात करते हैं। इससे राहुल गांधी की मंशा जाहिर होती है। जबकि सच्चाई सबको पता है कि 1984 में सिखों का नरसंहार किसने किया था। 1975 में आपातकाल किसने लगाया था। सच्चाई ये है कि संतों पर गोलियां किसने चलवाई थीं? 2010 में तत्कालीन गृहमंत्री पी चिदंबरम ने हिंदुओं को आतंकवादी कहा था। 2013 में पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने भी हिंदुओं को आतंकवादी बताया था। 2021 में राहुल गांधी ने हिन्दुत्ववादियों को देश से बाहर निकालने को कहा था और आज सम्पूर्ण हिन्दुओं को असत्यवादी और हिंसक कहा। राहुल गांधी ने पहले भी कहा था कि मंदिर जाने वाले लड़कियों को छेड़ते हैं। संसद की बहस के दौरान ईश्वर के चित्रों को सामने रखना और राजनीति को इससे जोड़ना एक नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देता। हिन्दू संस्कृति विजय की उपासक है, पराजय की नहीं। हमारे यहां किसी धर्म संस्थापक को फांसी देने का उदाहरण नहीं है। क्या हमारे प्रभु श्रीरामचन्द्र जी या योगेश्वर श्रीकृष्ण का पराभव किसी ने देखा या सुना है। जिनकी हम पूजा करते हैं वह कभी पराभूत नहीं हुए।

यह हिन्दू धर्म पर आक्षेप है। इसे सहन नहीं बल्कि अपने धर्म की रक्षा के लिए डट जाने का समय है। धर्म के प्रति हमारे हिन्दू भाइयों की श्रद्धा कहां चली गई। संसद में खड़े होकर राहुल गांधी हिन्दू धर्म को हिंसक कहते रहे और हमारे सांसदों ने उन्हें बोलने दिया। वहीं दूसरे दिन जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाषण करने खड़े हुए तो पूरे भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। विपक्ष की यह संस्कृति किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए ठीक नहीं है। अगर अभी हम नहीं चेते तो आगे आने वाला समय और भयावह होने वाला है। हिन्दू शांतिप्रिय है। इसका मतलब यह नहीं है कि वह चुपचाप गाली सहन करता रहेगा। सहने की भी एक सीमा होती है। हिन्दुओं ने हिंसा फैलाने का काम कभी किया ही नहीं। हिन्दू समाज जिस दिन हिंसक हो जाएगा उस दिन भारत में राहुल गांधी जैसे दोगले नेताओं को पैर रखने की भी जगह नहीं मिलेगी।

अनेक आपत्ति-विपत्ति को सहकर भी हिन्दू आज भी जीवित है। भगिनी निवेदिता ने कहा कि हिन्दू धर्म एक ऐसे समाज का धर्म है जो कभी बर्बर नहीं बना। ज्ञान एवं शिक्षा के साथ कभी विरोध नहीं रहा। यदि नेता का आचरण और व्यवहार ठीक नहीं है तो उसे स्वीकार्यता नहीं मिल सकती। नेता की विशेषता होती है कि वह भिन्न मत रुचि व विचार और प्रवृत्ति के लोगों को उनकी भावनाओं के आधार पर एकत्र रख सके। वह व्यक्ति नेता कभी नहीं बन सकता जिसके मन में हिन्दुओं के प्रति ईर्ष्या है। अगर हिन्दू समाज हिंसक होता तो राहुल गांधी जैसे नेता हिन्दुओं को हिंसक बोलने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाते। यह हिन्दुओं को उत्तेजित करने और समाज को बांटने का प्रयास है। हिन्दू समाज उनके मंसूबों से वाकिफ है। हम सब एक हैं। सभी हिन्दू भाई-भाई हैं। वैसे राहुल गांधी के इस बयान से यह स्पष्ट हो गया है कि वह विपक्ष के नेता बनने की काबिलीयत नहीं रखते। बात शांति से नहीं बनी तो कुरुक्षेत्र भी झेला है। शिव हैं हम लेकिन शंकर बन, रौद्र रूप भी धारा है। जिन्हें भारत की एकता अखंडता व समृद्धि नहीं सुहाती। वह हमारी राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव बिगाड़ने का प्रयत्न करते हैं। इस प्रकार का कृत्य स्वामी विवेकानन्द, महर्षि अरविन्द व लोकमान्य तिलक का अपमान है। धर्म आधारित राजनीति का ही भारत में सम्मान था। निष्ठाहीन राजनीति समाज का भला नहीं कर सकती। कांग्रेस के नेता भारत माता की जय और वंदे मातरम बोलने से भी परहेज करते हैं। भूमि को माता के समान देखने की दृष्टि हमें वेदों से मिली है। जिन्होंने कहा माता भूमि पुत्रोहम पृथिव्याः।

## विचार

# पांच वर्ष में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दोगुना

**प्रहलाद सबनानी**



**भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा।**

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्ष में दोगुना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपये के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपये भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है, अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है।

अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401 योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है।

भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है।

इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपये की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार-चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है। भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है।

## संसद सत्र से उठे जरूरी सवाल

24 जून से शुरु हुआ संसद का विशेष सत्र 3 जुलाई को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। लेकिन अपने पीछे लोकतंत्र और संविधान के कुछ जरूरी सवाल छोड़ गया है, जिन पर राजनैतिक दलों के साथ-साथ जनता ने अभी मंथन नहीं किया और फिज़ूल के मुद्दों में उलझी रही तो इसका दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा पर प्रधानमंत्री मोदी ने जो भाषण दिया, उसमें वर्तमान हालात पर अपने विचारों को रखने की जगह वे 10 साल के अपने शासनकाल का जिक्र करते रहे और उनके निशाने पर हमेशा की तरह कांग्रेस और गांधी परिवार रहा।

अपने भाषण में जिस तरह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लिए श्री मोदी ने अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, उसकी भर्त्सना की जा रही है, हालांकि भाजपा में उनके कई समर्थक बालकबुद्धि जैसे शब्दों के साथ अब भी विपक्ष पर हमलावर हैं। इससे समझ आता है कि पिछले एक दशक से राहुल गांधी की छवि खराब करने का जो खेल दक्षिणपंथियों ने शुरु किया है, उस पर अब भी कोई रोक लगने नहीं वाली है। बहरहाल, लोकसभा के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर भाषण देने आए और यहां भी उनके निशाने पर विपक्ष, कांग्रेस और गांधी परिवार ही रहा। देश की मौजूदा समस्याओं पर गंभीर और सार्थक चर्चा करने की बजाए श्री मोदी 50 साल पुराने आपातकाल को लेकर कांग्रेस की निंदा कर रहे थे और यह बता रहे थे कि कांग्रेस ने संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर और उनके बनाए संविधान का किस तरह अपमान किया है। जबकि उनके शासनकाल में किस तरह संविधान को महत्व दिया जा रहा है। श्री मोदी की इन बातों पर जब नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपना पक्ष रखना चाहा, तो सभापति ने इसकी अनुमति उन्हें नहीं दी। जबकि यह विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है कि अगर उसके खिलाफ कोई आरोप लगाया जाता है तो उसे जवाब देने का मौका दिया जाए। जब राज्यसभा में विपक्ष को यह मौका नहीं मिला तो श्री खड़गे के नेतृत्व में समूचे विपक्ष ने वॉकआउट किया। श्री मोदी ने इस पर विपक्ष पर एक और आरोप लगा दिया कि वे सच से भाग रहे हैं। शायर ने कहा है- वही कातिल वही शाहिद वही मुंसिफ ठहरे।

अकरबा मेरे करें कत्ल का दावा किस पर। विपक्ष पर एकतरफा इल्जाम लगाकर उसे संविधान विरोधी कहना और फिर अपने पक्ष में बात भी न रखने देना, यही बताता है कि सरकार की मंशा विपक्ष को केवल कटघरे में खड़ा करने की है, संविधान को लेकर गंभीर विमर्श की नहीं। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने भी विपक्ष के बर्हिगमन पर कहा कि आज उन्होंने मुझे पीठ नहीं दिखाई, उन्होंने भारत के संविधान को पीठ दिखाई। उन्होंने मेरा या आपका अपमान नहीं किया, उन्होंने उस संविधान की शपथ का अपमान किया जो उन्होंने ली थी। अब सवाल ये है कि क्या संसद में अपनी बात रखने की मांग करना संविधान विरोधी आचरण है या उस मांग को पूरा न करना संविधान विरोधी है। संविधान की प्रतिष्ठा तो तब भी दांव पर लगी थी जब माननीय राष्ट्रपति महोदया ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर अपने हाथों से दही-चीनी खिलाई थी। अगर श्री मोदी को संवैधानिक मर्यादाओं का ख्याल होता तो वे इसके लिए स्वयं इंकार कर सकते थे। संविधान की प्रतिष्ठा तब भी दांव पर लगी थी जब लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिड़ला श्री मोदी को झुक कर नमस्कार कर रहे थे या राज्यसभा सभापति खुद को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकलव्य बता रहे थे। संविधान की रक्षा मणिपुर से लेकर नीट परीक्षा में धांधली के पीड़ितों को न्याय दिलाकर की जा सकती है और इसकी ताकत पूरी तरह से सरकार के पास ही है। लेकिन पिछले कार्यकाल की तरह संसद में इस बार भी विपक्ष को न्याय के लिए नारे लगाने पड़े और सरकार ने उन नारों की लगातार उपेक्षा की। लोकसभा में मणिपुर के नारों पर प्रधानमंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया और राज्यसभा में इस मसले पर बताया कि उनकी सरकार मणिपुर में शांति बहाली के लिए क्या प्रयास कर रही है। अब तक कितने हजार एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं, कितने हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# वास्तव में शिक्षा रुपी इत्र सबसे महंगा

**अतुल मलिकराम**



**शिक्षा और इत्र, दोनों ही अपने भीतर खूब खूबियां लिए हुए होते हैं। जब भी हम इन दोनों के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले ख्याल आता है व्यक्ति की संवेदनशीलता और सजीवता का। इत्र, जो अपनी खुशबू से वातावरण को जो महका दे और उसे जीवंत बना दे, और शिक्षा वह, जो व्यक्ति की विचारधारा में बदलाव ले आए। इसलिए शिक्षा की तुलना इत्र से करना कतई गलत नहीं होगा, जो अकेले दम पर पूरे समाज को महकाने का हुनर रखती है। यह इत्र सबसे महँगा है, जो किसी को मिल जाए, तो धन्य हो जाए पाने वाला भी और बाँटने वाला भी। शिक्षा के मायने सिर्फ पढ़ाई-लिखाई तक ही सीमित नहीं हैं यानि अक्षरों या शब्दकोशों की समझ होना ही शिक्षा लेने की परिभाषा नहीं है, बल्कि मानवीय मर्म या कर्म को समझना ही वास्तव मे शिक्षित होना है।**

फूलों का स्वभाव होता है खुद के साथ ही साथ अपने आसपास के वातावरण को भी महकाना और अपनी महक से सराबोर कर देना हर उस शख्स को, जिसने इसे छुआ है। फूलों से बने इत्र में खूबियां और भी बढ़ जाती हैं। बात महक की चली है, तो इसी पर आगे बढ़ते हैं। क्या महक का नाता सिर्फ फूलों और इत्र से ही है? मेरे मायने में नहीं, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति भी गुण यही रखता है। जी हां, उसका स्वभाव भी बिल्कुल ऐसा ही होता है। शिक्षा रुपी उसकी महक जितने लोगों को छूती है, सभी को महकाती चली जाती है।

शिक्षा और इत्र, दोनों ही अपने भीतर खूब खूबियां लिए हुए होते हैं। जब भी हम इन दोनों के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले ख्याल आता है व्यक्ति की संवेदनशीलता और सजीवता का। इत्र, जो अपनी खुशबू से वातावरण को जो महका दे और उसे जीवंत बना दे, और शिक्षा वह, जो व्यक्ति की विचारधारा में बदलाव ले आए। इसलिए शिक्षा की तुलना इत्र से करना कतई गलत नहीं होगा, जो अकेले दम पर पूरे समाज को महकाने का हुनर रखती है। यह इत्र सबसे महँगा है, जो किसी को मिल जाए, तो धन्य हो जाए पाने वाला भी और बाँटने वाला भी। ध्यान देने वाली बात यह है कि शिक्षा के मायने को लोग सिर्फ पढ़ने-लिखने की प्रक्रिया से जोड़कर देखते हैं, लेकिन शिक्षा के मायने सिर्फ पढ़ाई-लिखाई तक ही सीमित नहीं हैं यानि अक्षरों या शब्दकोशों की समझ होना ही शिक्षा लेने की परिभाषा नहीं है, बल्कि मानवीय मर्म या कर्म को समझना ही वास्तव मे शिक्षित होना है।

अच्छे संस्कार, अच्छी आदतें, किसी के काम आने का भाव, और यहाँ तक कि किसी को जीवन के लिए अच्छी सीख देना भी तो शिक्षा का ही रूप है। फिर यह भी जरुरी नहीं कि शिक्षित व्यक्ति ही हमें शिक्षा दे। कई बार जाने-अनजाने में अनपढ़ लोग भी हमें बहुत कुछ सिखा देते हैं। यह बात और है कि उनसे मिली हुई सीख को हम कभी सीख मानते ही नहीं हैं, क्योंकि हम में अहम् भाव कूट-कूटकर भरा हुआ है, यानि हम खुद को उनसे बड़ा मानते हैं। जीव तो कभी शिक्षा अर्जित नहीं करते, फिर भी ये हमें शिक्षित कर देते हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि इसे अर्जित करने की समझ हम में कितनी है। छोटी-सी मड़की हमें जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा देती है। वह जाला बनाने के दौरान बार-बार गिरती है, लेकिन थकती नहीं है और उतनी ही शिद्दत के साथ फिर दीवार के सहारे ऊपर चढ़ती है और फिर उसी जुनून के साथ जाला बुनने लगती है।

यह सिलसिला तब तक चलता रहता है, जब तक कि उसका जाला पूरी तरह बनकर तैयार नहीं हो जाता। हम में से अधिकांश लोगों में इस महँगे इत्र की महक ग्रहण करने की क्षमता का क्ष भी नहीं है। कभी नन्हीं-सी चींटी को एक जगह बैठे हुए देखा है? वह भी हमें कभी न रुकने और हमेशा अपनी राह पर आगे बढ़ते रहने की शिक्षा देती है। एक बात और, चींटियाँ अपने वजन से 10-50 गुना अधिक वजन उठा सकती हैं। इस नन्हें जीव की यह खूबी हमें सिखाती है कि भार सिर्फ और सिर्फ हमारे मन का, हमारी विचारधारा का है, शरीर की संरचना या वजन का इससे कोई लेना-देना नहीं है। क्या चींटी का यह गुण महकता इत्र नहीं है?

अंडे देने का समय नज़दीक आते ही नन्हीं-सी चिड़िया तिनका-तिनका बटोर कर घोंसला बनाने की प्रक्रिया में जूट जाती है। उसकी छोटी-सी चोंच में एक बार में एक ही तिनका आ पाता है, क्या इस बात की जानकारी उसे नहीं होती? बेशक होती है, फिर भी वह घबराती नहीं है और सैकड़ों बार उड़ान भरकर तिनके की तलाश में निकल पड़ती है, और तब तक तिनके बिनती रहती है, तब तक उसका घोंसला सबसे मजबूत स्थिति में नहीं आ जाता। इस इत्र की महक ने आपको महकाया या नहीं?

यह सबसे महँगा इत्र है, जिसकी खुशबू से सराबोर होने के लिए हमें एक रुपया भी खर्च नहीं करना पड़ता। लेकिन, वह कहते हैं न कि मुफ्त में मिला ज्ञान भी हर किसी को रास नहीं आता। थ्री इडियट्स के इस फेमस डायलॉग से भी हमें यही समझाने की कोशिश की गई है:-

**चारों तरफ ज्ञान बट रहा है, जहाँ से मिले लपेट लो**

ज्ञान लेने के लिए स्कूल की भारी-भरकम फीस भरने ही जरुरत थोड़ी न है, जो भी स्कूल पसंद है, उसकी यूनिफॉर्म खरीदो और जितना हो सके, ज्ञान बटोर लो। इस ज्ञान को गंभीरता से लेकर उसे अपने जीवन में उतारना सिर्फ हम पर ही निर्भर करता है। - **(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# कमरे में खून से लथपथ मिला वृद्ध का शव, हड़कंप

- सिर व पैर में है चोट के निशान, दूसरे कमरे में सो रहा पुत्र हुआ लापता
- पुलिस की शक की सुई गायब पुत्र की ओर

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।

कस्बा सुमेरपुर में बीती रात को घर के अंदर सो रहे दलित वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई, छत पर सो रही पत्नी जब सुबह नीचे आई तो कमरे में पति का रक्त रंजित शव देखा तो उसके होशोहवास उड़ गए, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद एसओ से घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। वही पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड के जरिए घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए, इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मूलरूप से थाना सुमेरपुर क्षेत्र के कैथी गांव का निवासी धनीराम वर्मा 55 वर्ष पुत्र जग्गू वर्मा करीब तीन दशक पूर्व गांव से आकर कस्बे के वार्ड नंबर तीन में आवास बनाकर रहने लगा था। बुधवार की रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। पत्नी उमा ने बताया कि रात में खाना खाकर वह कमरे में सो गए थे। सामने वाले कमरे में पुत्र धर्मेंद्र कुमार लेटा था। रात में गर्मी अधिक होने के कारण वह छत पर जाकर सो गई।



सुबह करीब 4 बजे जब वह नीचे कमरे में आई तो पति का शव लहूलुहान हालत में पड़ा था जबकि पुत्र धर्मेंद्र गायब मिला। इस पर उसने बगल में रह रहे अपने बड़े पुत्र सुनील कुमार को जानकारी दी। इस पर सुनील कुमार ने मौके पर आकर पिता के शव को देखा और पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेने के बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा व सीओ सदर राजेश कमल मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी एकत्र की। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। बड़े पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। घटना के बाद उसका छोटा भाई धर्मेंद्र कुमार घर से गायब है। जिस पर उसने किसी अनहोनी की आशंका जताई है।

वहीं घटना के बाद धर्मेंद्र कुमार के घर से गायब होने पर पुलिस की शक की सुई उसकी तरफ घूम रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी उमा देवी, पुत्र सुनील कुमार,राजकुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार व पुत्री रजनी व अंजनी को रोता बिलखता छोड़ गया है। सुनील ने बताया कि भाई राजकुमार व अमित कुमार परदेश में रहकर मेहनत मजदूरी करते है। बहनों की शादी हो चुकी है। जबकि धर्मेंद्र बांदा में रहकर ट्यूशन पढा कर खुद नौकरी के लिए तैयारी करता है गर्मियों की छूट्टीयों के कारण वह इस समय माता पिता के साथ ही रह रहा है।

# पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिए पौधरोपण हर खास और आम का कर्तव्य है : निरंजन

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।

प्राकृतिक परिवेश तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता का संदेश ही वन महोत्सव है और पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिए पौध रोपण हर खास और आम का कर्तव्य है। राजकीय गंगा सिंह इण्टर कालेज में आयोजित वन महोत्सव पर पोध रोपण के दौरान उक्त उदगार वन क्षेत्राधिकारी चरखारी श्रीराम निरंजन के व्यक्त करते हुए छात्रों को पौध रोपण तथा पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया।

राजकीय गंगा सिंह इण्टर कालेज में आयोजित वन महोत्सव पर वन क्षेत्राध्किारी श्री निरंजन' वन दरोगा शकील अहमद खां' कमलेश यादव' पुष्पेन्द्र सिंह' कर्मचारी मातादीन' प्रधानाचार्य अम्बिका प्रसाद पटेल प्रवक्ता मुहम्मद नफीस सहित शिक्षकों एवं छात्रों ने फलदार एवं सायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान श्री निरंजन ने कहा वन महोत्सव मनाए जाने के उदेदश्य पर चर्चा की साथ ही कहा कि भारतीय वन सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में सघन वनों का क्षेत्रफल घट रहा है। प्रधानाचार्य श्री पटेल ने कहा कि वन महोत्सव का अर्थ है वृक्षों का महाउत्सव है। वन न केवल जीव-जंतुओं की हजारों-लाखों प्रजातियों के प्राकृतिक आवास हैं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन में संतुलन बनाए रखने में भी इनकी भूमिका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। पोध रोपण के उपरान्त वन क्षेत्राधिकारी श्री निरंजन ने छात्रों को पोध रोपण एवं पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया तथा हर छात्र से पौध रोपण का आवाहन किया।



## खबरें एक नजर में

### डंफर व कार की टक्कर में तीन घायल

- कार के एयर बैग ने बचाई तीनों की जान

समृद्धि न्यूज़ घाटमपुर, कानपुर सागर नेशनल हाईवे पर गुरुवार दोपहर इनोवा कार व डंफर की आमने-सामने टक्कर हो गयी, हादसे मे इनोवा कार सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पीएनसी की एम एमबूलेस लाकर घाटमपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्रथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने घायलों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया, बताया जाता है कि कार सवार तीनो युवक कानपुर से हमीरपुर की ओर जा रहे थे,और जैसे ही सजेती के आगे आगे अजौरी के पास पहुचे कि तभी हमीरपुर से कानपुर की ओर जा रहे डंफर से जोरदार टक्कर हो गई। सूचना पाकर सजेती पुलिस मौके पर पहुंची, थाना अध्यक्ष सजेती ने बताया कि इनोवा कार सवार तीनो युवक अरतरा महोबा के रहने वाले हैं और महोबा जा रहे थे, घायल कमलेश व अंकित पुत्र रघुराज और कुलदीप की पुत्र विजय बहादुर को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि हदसा होने पर कार का एयर बैग तत्काल खुल गया जिससे कार के आगे बैठे लोगो की जान बच गयी, लोगों के मुताविक टक्कर जितनी जोरदार थी कि बडा हादसा हो जाता, उधर कार की पीछे वाली सीट में बैठे युवक को गंभीर चोट नही आयी है।

### खरेला मंगली बाजार मे दर्जनों दुकान में घुसा पानी



महोबा, समृद्धि न्यूज। जनपद महोबा के नगर पंचायत खरेला कस्बा में अचानक हुई मूसलाधार बारिश से मैन मंगली बाजार के लोगो का जीवन परेशान बना हुआ है। खरेला मंगली बाजार में अचानक मूसलाधार बारिश होने के कारण नगर पंचायत खरेला का समस्त इलाके का पानी नहर से होते हुए मंगल बाजार से पानी निकालने का मुख्य रास्ता बना हुआ है, जिसके कारण अचानक से नहर के पानी का बहाव तेज होने के कारण मंगली बाजार मैन रास्ता होते हुये निकालने के कारण दुकानों में अधिकतर हर वर्ष पानी दुकानो मे घुस जाता है। आज अचानक तेज बारिस में एक मोटरसाइकिल को आकाश गुप्ता पुत्र मेवालाल गुप्ता के द्वारा बहने से बड़ी मस्ककत कर बचाया गया, खरेला कस्बा के दर्जनो दुकानो मे पानी घुस गया एवं सैकड़ो दुकानदारो की सामग्री व मकान पानी के अभाव में आ जाते हैं, एवं क्षेत्र से आए हुए ग्राहकों का जीवन दुर्लभ हो जाता है। तेज बारिश के कारण क्षेत्र से आये ग्राहको का जीवन दुर्लभ बना हुआ है ग्राहको के दो पहिया मोटर साइकिल एवं चार पहिया वाहन कई बार बारिश में बह जाते हैं।

### स्वामी विवेकानंद को किया नमन




भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत अध्यात्म एवं जन जागरण के अग्रदूत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद सही मायने मे युवा ह्रदय सम्राट थे। देश और मानवता के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। ये प्रारंभ से ही सकारात्मक विचारवादी होने से युवा उम्र से ही गृह त्याग कर देशाटन मे निकल गये थे। पूरे देश का उस समय भ्रमण किया जब देश पराधीन था। पूरे देश मे जन जागरण करते हुये अमरीका के शिकागो मे 11 सितम्बर 1893 को विश्व धर्मसभा मे उनका भाषण बेमिसाल था जहां से स्वामी विवेकानंद विश्व विख्यात हो गये। गुरु स्वामी रामकृष्ण के नाम पर रामकृष्ण मठ की स्थापना की। कालांतर मे 39 वर्ष की उम्र मे 4 जुलाई 1902 को इनका निधन हो गया। इस कार्यक्रम मे संतोष प्रजापति, महावीर, सिद्धा, बाबूलाल, पंकज सिंह, भोलू, रिचा, आशुतोष, नितिन, प्रेमरंजन, दस्सी, अजय आदि शामिल रहे।

# वन विभाग ने किया पौधरोपण

समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।

घाटमपुर रेंज कार्यालय, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग द्वारा घाटमपुर में स्थित भदरस शिव मंदिर में 15 पौधों का और कुष्मांडा देवी मंदिर में 150 पौधों का पौध भंडारा का आयोजन किया गया।

घाटमपुर सहायक पुलिस आयुक्त रंजीत कुमार के द्वारा उनके कार्यालय में संयुक्त रूप से क्षेत्रीय वन रेज अधिकारी राकेश कुमार पांडेय द्वारा दस पौधों का पौधारोपण किया गया।

इस उपलक्ष्य पर घाटमपुर पुलिस विभाग के तथा रेंज कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



## कृषि निवेश मेला आयोजित

पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज। पनवाड़ी विकास खण्ड के सभागार में कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुधरीकरण एवं जागरुकता कार्यक्रम योजनांतर्गत कृषि निवेश मेला का अयोजन किया गया। मेला में किसानों के बीज अनुदान,खेत तालाब योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्राकृतिक खेती इत्यादि योजनाओ की जानकारी दी गई। विभाग से आए डा.अजय कुमार यादव ने किसानों को प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की उन्होने किसानों को कृषि उन्नत तकनीक प्रयोग को बढ़ावा देना बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.रामसेवक चौरसिया ने किसानों को पान की खेती करने की विस्तृत जानकारी दी है। इस मौक़े पर बीज गोदाम प्रभारी संजय कुमार,सुनील रावत,अनिल कुमार सहित बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर कार्यशाला आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें जनपद के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बैंक शाखा प्रबंधको को जनपद में गठित स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता एवं क्रेडिट लीकेज किए जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे समूह से जुड़ी हुई महिलाओं को अजीविका एवं रोजगार दिया जा सके एवं दीदीयों को लखपति बनाये जाने के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मिशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा समूह से जुड़े सभी सदस्यों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन बीमा योजना से लाभान्वित कराये जाने हेतु बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की एन आई आर डी से आये ट्रेनर एमपी सिंह एवं सुधाकर झा ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित किये जा रहे स्वयं सहायता समूहों को किस प्रकार वित्तीय साक्षर बनाया जा सके बताया। इस अवसर पर बैंक सखियों, ब्लॉक मिशन प्रबंधको को उत्कृष्ट कार्य करने पर जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



# अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए शिव भक्त



- बाबा बर्फानी के जयघोष से गूंज उठा रेलवे स्टेशन

भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।

भूखे को अन्न, प्यासे को पानी, जय बाबा अमरनाथ बर्फानी की यात्रा के लिए कस्बे से सात सदस्यीय पहला जत्था बृहस्पतिवार को सुबह पैसेंजर ट्रेन से रवाना हुआ। इन यात्रियों को रवाना होने से पहले कस्बा वासियों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया एवं यात्रा की कुशलता की कामना की।

बीते वर्षों की भांति इस साल भी अमरनाथ यात्रा के लिए कस्बा निवासी डॉ.नरेश शर्मा के नेतृत्व में सात सदस्यीय दल गुरुवार को सुबह खजुराहो कानपुर पैसेंजर ट्रेन से रवाना हुआ। यह जत्था लखनऊ से अमरनाथ एक्सप्रेस से जम्मू पहुंचेंगे। इन अमरनाथ यात्रियों को रवाना करने के लिए कस्बे के तमाम शिवभक्त स्टेशन परिसर में पहुंचकर उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। जत्थे में डॉ.नरेश शर्मा के साथ संदीप साहू, अमित कुमार, पप्पू कुशवाहा, अक्षय गुप्ता, ज्ञानेंद्र कुमार, बृजेश द्विवेदी शामिल है। रवाना होने से पहले स्टेशन परिसर बम बम भोले,जय बाबा बर्फानी बाबा के जयघोषों से गुंजायमान हो गया।

इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मुनीर खान, राधे शुक्ला, पंकज तिवारी, रतनदीप अवस्थी,बंटू सिंह, संतोष चक्रवर्ती, अखिलेश तिवारी, अज्जू मिश्रा, डॉ.पवन चौहान, मोनू दुबे, बिहारी मुनीम, लल्लू हलवाई, राहुल मिश्रा, संतराम शर्मा आदि मौजूद रहे।



## प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग के चलते रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण / मार्ग परिवर्तन / आंशिक निरस्तीकरण / पुनर्निधारण एवं रोककर चलाना

आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे द्वारा मुरादाबाद डिवीजन के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सैक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 07.07.2024 से 05.08.2024 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों को निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 14617 बनमनखी जं. – अमृतसर जं. जनसेवा एक्सप्रेस | 27.07.2024 से 07.08.2024 |
| 14618 अमृतसर जं. – बनमनखी जं. जनसेवा एक्सप्रेस | 25.07.2024 से 05.08.2024 |
| 12492 जम्मू तवी – बरौनी जं. मौर ध्वज एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 12491 बरौनी जं. – जम्मू तवी मौर ध्वज एक्सप्रेस | 28.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15211 दरभंगा जं. – अमृतसर जं. जननायक एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15212 अमृतसर जं. – दरभंगा जं. जननायक एक्सप्रेस | 25.07.2024 से 06.08.2024 |
| 22423 गोरखपुर जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 22.07. 29.07 से 05.08.2024 |
| 22424 अमृतसर जं. – गोरखपुर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 21.07, 28.07 से 04.08.2024 |
| 14603 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 14604 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 22551 दरभंगा जं. – जलंधर सिटी अंतोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 22552 जलंधर सिटी – दरभंगा जं. अंतोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 28.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 22453 लखनऊ जं. – मेरठ सिटी जं. राज्यराणी एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 05.08.2024 |
| 22454 मेरठ सिटी जं. – लखनऊ जं. – राज्यराणी एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 06.08.2024 |
| 14235 वाराणसी जं. – बरेली एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14236 बरेली – वाराणसी जं. एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 14307/14308 प्रयागराज संगम – बरेली – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15043 लखनऊ जं. – काठगोदाम एक्सप्रेस | 21.07, 22.07, 24.07, 25.07, 26.07, 28.07, 29.07, 31.07 एवं 01.08, 02.08, 04.08.2024 |
| 15044 काठगोदाम – लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 22.07, 23.07, 25.07, 26.07, 27.07, 29.07, 30.07 एवं 01.08, 02.08, 03.08, 05.08.2024 |
| 15904 चंडीगढ़ – डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस | 31.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15903 डिब्रुगढ़ – चंडीगढ़ एक्सप्रेस | 29.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 15119 बनारस – देहरादून एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15120 देहरादून – बनारस एक्सप्रेस | 24.07.2024 से 05.08.2024 |
| 14241 प्रयागराज संगम – सहारनपुर नौचन्डी एक्सप्रेस | 22.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14242 सहारनपुर – प्रयागराज संगम नौचन्डी एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 05.08.2024 |
| 13257 दानापुर – आनन्द विहार टर्मिनल जनसाधारण एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 04.08.2024 |
| 13258 आनन्द विहार टर्मिनल – दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस | 02.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15011 लखनऊ जं. – चंडीगढ़ एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15012 चंडीगढ़ – लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15073 सिंगरौली – टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 01.08, 03.08 एवं 06.08.2024 |
| 15075 शक्तिनगर – टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 31.07, 02.08, 04.08 एवं 05.08.2024 |
| 15076 टनकपुर – शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 30.07, 01.08, 03.08 एवं 04.08.2024 |
| 15074 टनकपुर – सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस | 31.07, 02.08 एवं 05.08.2024 |
| 15127 बनारस – नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15128 नई दिल्ली – बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 12203 सहरसा जं. – अमृतसर जं. गरीब रथ एक्सप्रेस | 04.08.2024 एवं 05.08.2024 |
| 12204 अमृतसर जं. – सहरसा जं. गरीब रथ एक्सप्रेस | 03.08.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15910 लालगढ़ जं. – डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 04.08.2024 |
| 15909 डिब्रुगढ़ – लालगढ़ जं. अवध असम एक्सप्रेस | 29.07.2024 से 01.08.2024 |
| 15654 जम्मू तवी – गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस | 02.08.2024 |
| 15653 गुवाहाटी – जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | 31.07.2024 |
| 12588 जम्मू तवी – गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 03.08.2024 |
| 12587 गोरखपुर – जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04.08.2024 |
| 15623 भगत की कोठी – कामाख्या एक्सप्रेस | 30.07.2024 एवं 06.08.2024 |
| 15624 कामाख्या – भगत की कोठी एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 15531 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 21.07, 28.07 एवं 04.08.2024 |
| 15532 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 22.07, 29.07 एवं 05.08.2024 |
| 12407 न्यू जलपाईगूड़ी – अमृतसर जं. कर्मभूमि एक्सप्रेस | 24.07, 31.07 एवं 07.08.2024 |
| 12408 अमृतसर जं. – न्यू जलपाईगूड़ी कर्मभूमि एक्सप्रेस | 19.07, 26.07 एवं 02.08.2024 |
| 15655 कामाख्या – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | 21.07.2024 एवं 28.07.2024 |
| 15656 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – कामाख्या एक्सप्रेस | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 04379 रोज़ा जं. – बरेली मेल एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 06.08.2024 |
| 04380 बरेली – रोज़ा जं. मेल एक्सप्रेस | 22.07.2024 से 05.08.2024 |
| 05459/05460 सीतापुर जं. – शाहजहाँपुर – सीतापुर जं. अनारक्षित स्पेशल | 22.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04305 बालामऊ जं. – शाहजहाँपुर एमईएक्स स्पेशल | 21.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04306 शाहजहाँपुर – बालामऊ जं. एमईएक्स स्पेशल | 23.07.2024 से 07.08.2024 |
| 04337/04338 सीतापुर सिटी – शाहजहाँपुर – सीतापुर सिटी एक्सप्रेस स्पेशल | 22.07.2024 से 06.08.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | गाजियाबाद जं. – कानपुर सेन्ट्रल – लखनऊ | 05.08.2024 |
| 15529 सहरसा जं. – आनन्द विहार ट. जनसाधारण एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 15530 आनन्द विहार ट. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 24.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15621 कामाख्या – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 25.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15622 आनन्द विहार टर्मिनल – कामाख्या एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी–आनन्द विहार टर्मिनल चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 21.07, 23.07, 25.07, 28.07, 30.07 एवं 01.08, 04.08.2024 |
| 14010 आनन्द विहार टर्मिनल – बापूधाम मोतिहारी चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 22.07, 24.07, 27.07, 29.07, 31.07 एवं 03.08.2024 |

### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहां रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन जिनके के बीच रेलगाड़ी रद्द रहेगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथियां (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 12369 हावड़ा जं. – देहरादून कुंभ एक्सप्रेस | लखनऊ पर | बरेली – मुरादाबाद – लक्सर जं. – हरिद्वार जं. – देहरादून | 31.07, 01.08, 03.08 एवं 04.08.2024 |
| 12370 देहरादून – हावड़ा जं. कुंभ एक्सप्रेस | लखनऊ से | देहरादून – हरिद्वार जं.–लक्सर जं. – मुरादाबाद – बरेली | 01.08, 02.08, 04.08 एवं 05.08.2024 |
| 12327 हावड़ा जं. – देहरादून उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ पर | बरेली – मुरादाबाद – लक्सर जं. – हरिद्वार जं. – देहरादून | 02.08.2024 |
| 12328 देहरादून – हावड़ा जं. उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ से | देहरादून – हरिद्वार जं.–लक्सर जं. – मुरादाबाद – बरेली | 03.08.2024 |
| 04319 लखनऊ – शाहजहाँपुर एक्सप्रेस स्पेशल | बालामऊ जं. पर | मसीत – करना – हरदोई – कौढ़ा – बेहटा गोकुल – टोडरपुर – आंझी शाहबाद – ऐगवाँ – कहिलिया – रोज़ा जं. शाहजहाँपुर | 06.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04320 - शाहजहाँपुर – लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल | बालामऊ जं. से | शाहजहाँपुर – रोज़ा जं. – कहिलिया – ऐगवाँ – आंझी शाहबाद – टोडरपुर – बेहटा गोकुल – कौढ़ा – हरदोई – करना – मसीत | 07.07.2024 से 06.08.2024 |

### रेलगाड़ियों का पुनर्निधारण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | पुनर्निधारण रेलगाड़ियाँ |
|---|---|
| 12392 नई दिल्ली – राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 05.08.2024 को नई दिल्ली से 13:10 के स्थान पर 14:10 बजे (60 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 03.08.2024 को नई दिल्ली से 11:25 के स्थान पर 12:40 बजे (75 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 20506 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को नई दिल्ली से 11:25 के स्थान पर 12:40 बजे (75 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 02.08.2024 एवं 03.08.2024 को कोलकाता से 11:45 के स्थान पर 01:45 बजे (120 मिनट देरी से) एवं दिनांक 04.08.2024 को 11:45 के स्थान पर 15:45 बजे (240 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 13152 जम्मू तवी – कोलकाता एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को जम्मू तवी से 20:30 बजे के स्थान पर 22:30 बजे (120 मिनट देरी से), दिनांक 02.08.2024 एवं दिनांक 03.08.2024 को 20:30 बजे के स्थान पर 00:30 बजे (240 मिनट देरी से) एवं दिनांक 04.08.2024 को 20:30 बजे के स्थान पर 02:30 बजे (360 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 12332 जम्मू तवी – हावड़ा जं. हिमगिरी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे के स्थान पर 01:45 बजे (180 मिनट देरी से), दिनांक 04.08.2024 को 22:45 बजे के स्थान पर 05:45 बजे (420 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |

### रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमित रेलगाड़ी |
|---|---|
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 19.07.2024 से 22.07.2024 तक रास्ते में 60 मिनट के लिए रोक कर चलाई जाएगी। |
| 12204 अमृतसर जं. – सहरसा जं. गरीबरथ | रेलगाड़ी दिनांक 20.07.2024 एवं 21.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी | रेलगाड़ी दिनांक 23.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15044 काठगोदाम – लखनऊ एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 23.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी – आनन्द विहार ट. चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 07.07.2024 एवं 11.07.2024 को 30 मिनट और 09.07.2024 को 60 मिनट रास्ते में रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15621 कामाख्या – आनन्द विहार ट. एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 11.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13307 धनबाद जं. – फिरोजपुर कैंट जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को रास्ते में 60 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15119 बनारस – देहरादून एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 05.08.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15652 जम्मू तवी – गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 31.07.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13005 हावड़ा जं. – अमृतसर जं. मेल एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को रास्ते में 60 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 12326 नंगल डैम–कोलकाता गुरुमुखी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 03.08.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा विधायक ने पौध रोपित कर मनाया वनमहोत्सव

**विधायक दिनेश रावत बोले, पेड़ पौधे हमे आक्सीजन प्रदान करते हैं लकड़ी को ईंधन के रूप में उपयोग करते है**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

एक जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाने हेतु वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बाबा टीकाराम स्थल (गौरी शंकर मंदिर प्रांगण) पर वन वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि दिनेश कुमार रावत ,विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधा रोपित कर धरा को हरा भरा रखने का संदेश दिया। विधायक दिनेश रावत ने जामुन प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने नीम



का पेड़ तो वही अन्य लोगो ने नीम, जामुन, कंजी,पीपल ,बरगद, पाकड़,सहजन सहित सैकड़ों पौधो का रोपण किया गया।

इस दौरान विधायक दिनेश रावत ने कहा कि पेड़ पौधो हमे आक्सीजन प्रदान करते हैं लकड़ी को ईंधन के रूप में उपयोग करते हैं। पेड़ पौधे के विना जीवन संभव नहीं है। इसलिए आप सभी लोग अपनी खाली पड़ी भूमि पर पेड़ अवश्य लगाएं। वन क्षेत्राधिकारी राकेश तिवारी व वन दरोगा अनुज सिंह ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक दिनेश रावत व रामदेव सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट देकर उनका स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बेहटा कुसमा देवी,राम किशोर मिश्रा, प्रधान सीठुमऊ मनोज कुमार मिश्रा, अंजनी तिवारी ,अशोक कुमार सिंह ,बाबा टीकाराम महंत श्री कमलेश दास मिश्रा ,उपप्रभागीय वनाधिकारी अजय कुमार पांडे ,वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी, डिप्टी रेंजर उमेश कुमार कनौजिया वन दरोगा अनुज कुमार सिंह,अभय कुमार गौतम,सुमित यादव ,शैलेंद्र सिंह,रामविलास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र से गुजरे लखनऊ- बनारस रेलवे ट्रैक पर गुरुवार की शाम ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक ने जान दे दी। सुल्तानपुर से लखनऊ जा रही महाकाल एक्सप्रेस के चालक ने शाम लगभग छः बजे हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोक कर स्टेशन अधीक्षक को घटना की जानकारी दी। यह घटना हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग से लगभग 200 मीटर दूर पूरब में हुई। मृतक युवक का सिर धड़ से अलग होने के साथ ही क्षत विक्षत हो जाने के कारण चेहरे की पहचान मिट गई है। पैंट शर्ट व हवाई चप्पल पहने मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जाती है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

# पत्रकार का पेड़ से लटकता मिला शव, कोहराम

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना टिकैटनगर क्षेत्र के सोनिकपुर गांव निवासी पत्रकार अजय कुमार चौधरी का संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर फांसी के फंदे पर शव लटकता पुलिस ने बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वही बगल में मौके पर ही एक मोबाइल फोन व एक रस्सी पाई गई। घटना की जानकारी मिलने पर घर वालों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनो ने मुताबिक बुधवार की बीती रात 11 बजे अजय अपने घर से खाना खाकर परिजनों से ये कहकर घर से बाहर गया था कि मैं थोड़ी देर में अभी वापस आऊंगा। लेकिन सुबह तक अजय घर वापस नहीं आया। सुबह 5 बजे गांव के लोगों ने गांव के बाहर झील के किनारे अजय को पेड़ से लटकते हुए देखा। खबर मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया वहीं घटना की जानकारी पुलिस को हुई। घटना की सूचना उच्चधिकारियों को दी गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी संजीत कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र मौके पर पहुंचे।

क्षेत्राधिकारी की सूचना पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने मौके साक्ष्य इकट्ठे किए है। पुलिस का कहना है की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना का खुलासा किया जायेगा।

## मोहर्रम में साफ-सफाई को लेकर शिया संप्रदाय ने दिया प्रार्थना पत्र

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** अगले सप्ताह से आरम्भ हो रहे मोहर्रम को लेकर नगर में साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु एक प्रार्थना पत्र अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा को शिया संप्रदाय की ओर से गुरूवार को दिया गया। दिए गए पत्र में कहा है मोहर्रम 07 जुलाई से शुरू हो रहा है। जिसमें पूर्व के वर्षों की भांति साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता रहती है। मोहर्रम के आरंभ होने से पूर्व कर्बला एवं सिया कब्रिस्तान व जुलूस के रूप एवं ताजिया के चौक के सामने साफ सफाई एवं प्रकाश प्रकाश की व्यवस्था की अत्यंत आवश्यक है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उतरौला द्वारा आश्वासन दिया गया कि आने वाले मोहर्रम पर्व में साफ सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी।

## सटरिंग का पैसा मांगना पड़ा भारी,दबंग ने पीटा मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** सटरिंग का पैसा मांगने पर दबंग युवक ने लात घूसों व ईंट पत्थरों से मारा पीटा जान से मारने की धमकी दी पीड़ित द्वारा जैदपुर थाने में शिकायत करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

बताते चलें कि अतुल कुमार उर्फ बिक्कू पुत्र स्व हरीराम सिंह ग्राम दियानत नगर थाना सतरिख सटरिंग का काम उदयभान उर्फ़ झब्बू पुत्र जगभवन सिंह के साथ करता था।और मजदूरी का बकाया पैसा मांगने हेतु मेहंदीपुर थाना जैदपुर के पास पहुंचा तो विपक्षी ने लात घूसों ईंट पत्थर डंडों से जमकर मारा पीटा। जिसकी शिकायत जैदपुर थाने में पीड़ित द्वारा करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# श्यामा प्रसाद व अंबेडकर के सपनों को पूरा कर रहे हैं पीएमः संजय राय

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस (23जून) से लेकर उनके जन्म जयंती(6 जुलाई) तक विशेष पखवाड़ा मना रही है।जिसके तहत गुरुवार को अयोध्या - लखनऊ हाइवे स्थित एसके मैरिज लॉन में उनके कृतित्व एवम व्यक्तित्व विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा में डॉक्टर श्यामा प्रसाद के योगदान को विस्तार से समझाया।कहा कि श्यामा प्रसाद का ओजस्वी व्यक्तित्व भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।देश के महान सपूत, प्रख्यात विचारक और शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने



मां भारती की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। कहा कि प्रधानमंत्री पंडित नेहरू द्वारा जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू करने के विरोध में डॉक्टर मुखर्जी ने उद्योग एवम आपूर्ति मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया।उन्होंने नेहरू की तुष्टिकरण नीति एवम गुलामी वाली मानसिकता को नेस्तनाबूद करने के उद्देश्य से 1951 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ जनसंघ की स्थापना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त करके डॉ मुखर्जी के एक प्रधान,एक विधान और एक निशान के सपने को पूरा किया है। कहा कांग्रेस शुरुआत से ही संविधान विरोधी रही है। आपातकाल की घटना को याद करते हुए उन्होंने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। कहा,चुनाव में षड्यंत्र करके संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर को कांग्रेस ने हरवाया। कहा प्रधानमंत्री मोदी ने आंबेडकर के सम्मान में उनके जीवन से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया।पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत,पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने आभार ज्ञापित किया।संचालन शील रत्न मिहिर ने किया।मुख्य अतिथि ने संगोष्ठी के पूर्व भाजपा जिला कार्यालय पर पौध रोपित किया।संगोष्ठी के उपरांत क्षेत्रीय प्रभारी ने सुधीर कुमार सिंह सिद्धू के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। इस अवसर पर अमरीश रावत, गुरु शरण लोधी,प्रमोद तिवारी, विजय आनंद बाजपेई, करुणेश वर्मा,राकेश पटेल, दिलीप मिश्रा, बृजेश रावत, राजेश वर्मा, गिरिधर गोपाल, प्रवीण सिसौदिया, शिवस्वामी वर्मा, पूजा सिंह,रचना श्रीवास्तव, सीए अश्वनी श्रीवास्तव सहित सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

## दो बैटरी रिक्शा आठ बैटरी लेकर चोर फरार

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के सारी चंदेल गांव में दुकान से बीती रात दो बैटरी रिक्शा व आठ बैटरी अज्ञात चोर उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। इधर-उधर खोजबीन के बाद पीड़ित ने मुकामी थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के मुताबिक सरांय चंदेल निवासी सालिक राम पुत्र बेचेलाल की दुकान गांव के पास है आप है कि हमारे दो बैटरी रिक्शा व आठ बैटरी दुकान में मौजूद थे।

बीती रात अज्ञात चोरों ने सभी सामान उठा ले गए चोरी की इस बड़ी वारदात से गांव सहित आसपास गांव में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। थाना प्रभारी का कहना है पुलिस जल्द ही चोरों को पड़कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाएगी।



## शामे गजलमे शायरों ने पेश किए नगमे

**बाराबंकी।** फखरुद्दीन अली अहमद कमेटी के सहयोग से जीजी वेलफेयर ट्रस्ट ,लेखपेड़ा बाग मैरिज लॉन में शामे गजल का प्रोग्राम आयोजित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में फखरुद्दीन अली अहमद कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय सैयद अतहर सग़ीर जैदी (तुरस जैदी) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ रामकुमारी मौर्य, पंकज गुप्ता पनकी, प्रशांत मिश्र, सुनील कुमार मौर्या, शैल कुमारी मौर्या उपस्थित रहे निजामत शायर हुसैल लालपुरी ने की और सदारत एस एम हैदर ने की संस्था के संरक्षक प्रदीप सारंग ने कार्यक्रम का आगाज सभी खुसूसी मेहमानों की गुलपोशी करकर तथा शाल उढाकर की और हुसैन लालपुरी ने संस्था के संरक्षण प्रदीप सारंग की गुलपोशी करके इस्तकबाल किया। कारी वकील ने कुरान की आयत पढ़कर प्रोग्राम का आगाज किया कुरान की आयत के बाद दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम मुख्य अतिथि के हाथों से कराया गया। नासीर अंसारी ने अपने कलाम में पेश किया हम मोहब्बत में नुमाइश के नहीं है कायल ।इश्क में चारगिरेबा नहीं होने देंगे और सगीर नूरी साहब ने बहुत खूबसूरती से अपना कलाम पेश किया।

## खबरें एक नजर में

### मादक पदार्थ तस्कर को कारावास, लगा अर्थदण्ड

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना जैदपुर पर मादक पदार्थ तस्करी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सीताराम पुत्र शंकर निवासी अमराईगांव शुण्ड रामनगर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0- 10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 04 माह का कठोर कारावास व 2,000/ रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### अपर उपजिलाधिकारी उतरौला के कोर्ट का बहिष्कार स्थगित

**उतरौला,बलरामपुर।** अधिवक्ताओं द्वारा दो सप्ताह से चल रहा अपर उपजिलाधिकारी उतरौला के कोर्ट का बहिष्कार स्थगित कर दिया गया है। अधिवक्ता शुक्रवार से अपर उपजिलाधिकारी के न्यायालय पर कार्य करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि शुक्रवार से अपर उपजिलाधिकारी के न्यायलय पर कार्य करने का फैसला लिया गया। इस मौके पर परशुराम यादव,सफीउल्ला खां,अब्दुल मोईद सिद्दीकी,मारकण्डेय मिश्रा,राम चन्द्र जायसवाल,नीरज गुप्ता, राजन श्रीवास्तव,आशीष कशौधन,विजय श्रीवास्तव, जय करन भारती, नसीम अहमद समेत तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### गोंडा मोड़ तिराहे पर पुलिस बूथ रखवाने की मांग की

**उतरौला,बलरामपुर।** गोंडा मोड़ तिराहा के पास सार्वजनिक सुलभ शौचालय, वाटर आरओ कूलर, मोबाइल यूरिनल एवं पुलिस बूथ की आवश्यकता है। वार्ड के इस स्थान पर लोगों का सबसे अधिक जमावड़ा व आवागमन रहता है। लेकिन उक्त सुविधा न होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस स्थान पर प्रतिदिन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहती है। चाहे जाड़ा हो या गर्मी अथवा बरसात हो प्रतिदिन सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी रहती जो खुले में बैठने को विवश रहते हैं। उनके बैठने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। नगर के बाशिंदों ने गोंडा मोड़ तिराहे पर एक पुलिस बूथ व मोबाइल यूरिनल रखवाने की मांग की है।

### तालाब की हो रही खुदाई, जिम्मेदार मौन

**बलरामपुर।** श्री दत्तगंज ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत करमा अमारे भरिया में तालाब की खुदाई जेसीबी से प्रधान प्रतिनिधि लालबाबू वर्मा द्वारा किया गया। कानून के अंतर्गत इस तालाब की खुदाई मनरेगा के तहत होना चाहिए। मैं विभाग के तमाम अधिकारियों को अवगत कराना चाहता हूं की अगर प्रधान प्रतिनिधि पर कोई आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई तो मैं इस बात को न्यायालय तक ले जाऊंगा। इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच करवाके कार्यवाही की जाएगी।

### बीडीसी सदस्यों के निधन पर प्रमुख ने व्यक्त किया शोक

**रामनगर बाराबंकी।** क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हुए निधन पर रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की परिजनों को ढांढस बंधाया। शेखपुर अलीपुर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य अजमल का निधन हो गया था इसके अलावा भरसंवा सिलौटा से निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य रमई काका की मृत्यु हो गई थी। दोनों क्षेत्र पंचायत सदस्यों के निधन पर रामनगर ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की परिजनों को ढांढस बंधाया।

# अधेड़ को डम्फर ने पीछे से कुचला, मौके पर मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> मृतक के घर वालों को शक होने पर उन लोगों ने थाने जाकर शव की पहचान की

चक्की से आंटा पिसवाकर घर लौट रहे एक अधेड़ व्यक्ति को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसरांय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डम्फर चालक मौके से फरार हो गया डम्फर को पुलिस पकड़कर कोतवाली ले आयी।

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम टिकरी निवासी अवधराम यादव पुत्र सुंदरलाल शाम को करीब 6 बजे मरकामऊ से साइकिल से आटा पिसवाकर घर लौट रहे थे। मरकामऊ गणेशपुर तिराहे के पास रामनगर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने पीछे से कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।आटा सड़क बिखर गया। मृतक का चेहरा इतनी बुरी तरीके से कुचल गया था कि उसकी पहचान मौके पर नहीं हो पाई। पुलिस शव का पंचनामा भरकर कोतवाली बदोसराय ले आयी। उसके बाद घटना की जब चर्चा फैली तब मृतक के घर वालों को शक हुआ और वह लोग थाने जाकर शव की पहचान किया।

## पुत्र-पुत्रवधू की धमकी से वृद्धा पहुंची पुलिस की शरण में

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी वृद्धा राजकुमारी पत्नि स्व. रामप्रसाद ने गुरुवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 10 वर्ष पूर्व पति के निधन हो जाने के बाद से वह पति की 11 बीघा कृषि भूमि की स्वामिनी है। उसका बेटा और बहू उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करते रहते हैं और उसकी पूरी कृषि भूमि से प्राप्त रुपये रख लेते हैं और उसे एक पाई भी नहीं देते हैं। आर्थिक और शारीरिक रूप से परेशान होकर बीते 2 माह से वह मायके स्थित अपने भाई के घर पर रहने को मजबूर है लेकिन यहां भी फोन कर बेटा और बहू उसके भाई को देख लेने की धमकी देते रहते हैं। बेटे ने उसकी कृषि भूमि पर बैंक से कर्जा भी ले रखा है। मामले को लेकर वृद्धा ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# लापता हुई दो महिलाओं की खोज में जुटी पुलिस

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग मामलों में दो महिलाएं लापता हो गई हैं। परिजनों ने उनके लापता होने की सूचना कोतवाली में दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा करौंदी निवासी अनीस खां ने पुलिस को बताया कि उनकी माताजी साबिरा (74) उनके भाई रामकुंड उरई निवासी आलम के यहां कुछ दिन रहने के लिए गई थीं। वहां से उन्हें वापस घर आना था। जिसके लिए भाई ने बुधवार की सुबह उन्हें बस में बैठा दिया। लेकिन शाम तक वह घर नहीं पहुंची। जिसके बाद उनकी तलाश शुरू की। लेकिन सभी जगहों पर तलाश करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। उधर, उन्नाव निवासी दीपक शुक्ला ने बताया कि उनकी पत्नी सुलेखा (40) कुछ दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव में अपने मायके में रहने के लिए आई थी। बीती एक जून को वह मायके से वापस घर लौट रही थीं। घर आते समय उन्होंने बताया था कि वह निकल चुकी हैं। शाम तक उन्नाव पहुंच जाएंगी। लेकिन तब से अब तक उनका कहीं पता नहीं है। काफी तलाश करने के बाद भी उनकी कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

## मिष्ठान दुकान का टट्टर तोड़ 26 हजार चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई)।** मिठाई की दुकान में पीछे से टट्टर तोड़कर चोर अंदर घुस आए। चोरों ने दुकान की गोलक में रखे 26 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर उसके रुपये बरामद किए जाने की गुहार पुलिस से लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी राजाबाबू कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उसकी दुकान नगर के देवनगर चौराहे पर स्थित है। प्रतिदिन की भांति वह बुधवार की रात करीब 10 बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान के पीछे का टट्टर टूटा पड़ा था और गोलक में रखे 26 हजार रुपये गायब थे। बताया कि उसकी दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है।

# ऑपरेशन कायाकल्प की कच्छपि गति पर डीएम ने लगायी फटकार

> अधूरे पड़े कार्यों को समय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**





जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति व निपुण टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत दिव्यांग शौचालय व टाईलीकरण आदि निर्माण की प्रगति कम होने नाराजगी प्रकट करते हुए जिला विकास अधिकारी समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अधूरे कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता से पूरा कराएं, अधूरे निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए यदि कहीं कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसे उनके संज्ञान में लाया जाए, जिन विद्यालय में दिव्यांग शौचालय व टायलीकरण काम अधूरा है वहां खंड शिक्षा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते हुए युद्ध स्तर पर गुणवत्तायुक्त कार्य को पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि जिला टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के सदस्य अनिवार्य रूप से विद्यालय के निरीक्षण को पूर्ण करते हुए अपनी अद्यतन आख्या बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भिजवाए। उन्होंने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी अपने आवंटित ब्लॉक में अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण को बढ़ाते हुए उपस्थित को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करें।

## गश्त के दौरान पुलिस ने तीन पशु तस्करों को पकड़ा

**कोंच (जालौन)।** नदीगांव थाना पुलिस ने गश्त के दौरान 3 पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लोडर में लदे 7 मवेशी बरामद हुए हैं। अभियुक्तों के खिलाफ 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नदीगांव थानाध्यक्ष अशोक कुमार पुलिस बल के साथ बुधवार की रात गश्त पर थे तभी एक लोडर में मवेशी लदे दिखाई दिए। पुलिस ने लोडर रोककर उसमें सवार लोगों से जब मवेशियों के बाबत पूछताछ शुरू की तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने लोडर से 5 भैंस और 2 पड़े बरामद करते हुए 3 अभियुक्तों आशिक पुत्र नजर अहमद, रशीद पुत्र गुलाम नबी व चांद कुरैशी पुत्र नसीम कुरैशी सभी निवासी मुहल्ला आराजी लेन कोंच को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया।

# डीएम के निर्देश पर दो फर्मो की जांच में टीम ने पकड़ी कर चोरी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

> व्यापार स्थल से जांच टीम द्वारा पेपर्स को किया सीज

राज्य कर विभाग के कर संग्रह में आ रही कमी को देखते हुए आज पुनीत अग्निहोत्री डिप्टी कमिश्नर जीएसटी के नेतृत्व में हरदोई राजा जालौन स्थित दो फर्मो की जांच जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर झांसी स्थित विअनुशा इकाई द्वारा की गई। फर्म की जांच में यह पाया गया कि फर्म द्वारा लोहे के कारोबार एवं गैस चूल्हा की बिक्री का कार्य किया जाता है एवं उनके साथ-साथ फर्म द्वारा अपने ट्रकों से स्वयं के फर्म के साथ-साथ अन्य फर्मो के माल की ढुलाई भी की जा रही थी परंतु फर्म द्वारा उस माल ढुलाई पर नियमानुसार कर जमा नहीं किया जा रहा था जांच टीम द्वारा इस कमी से फर्म को अवगत कराया गया जिसे फर्म द्वारा स्वीकार किया गया प्रथम दृष्ट्या 10 लाख का करापवंचन जांच टीम द्वारा पकड़ा गया है।

व्यापार स्थल से जांच टीम द्वारा पेपर्स को सीज किया गया है। जिसकी छानबीन टीम द्वारा की जा रही है। जांच टीम में विपिन सोनकर असिस्टेंट कमिश्नर एवं राज्य कर अधिकारी तेज प्रताप संदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# आईजीएल-कार्टेवा एग्रीसाइन्स के तत्वाधान में मना मक्का कटाई दिवस

> इंडिया ग्लाईकॉल्स लि. आसवनी ने कार्टेवा एग्रीसाइन्स के साथ मिलकर सौ एकड़ में कराया मक्का बुवाई

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



सहजनवा गोरखपुर इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड एवं कार्टेवा एग्रीसाइन्स के तत्वाधान में संयुक्त रूप से लगाए गए मक्का की फसल की कटाई के उपलक्ष्य में मक्का कटाई दिवस का उत्सव मनाया गया। आईजीएल के बिज़नेस हेड एवं अध्यक्ष यूपीडीए एसके शुक्ल के प्रोजेक्ट में मक्के का उत्पादन उत्तर प्रदेश की सभी आसवनियों के परिक्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है, जिससे पेट्रोलियम के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के परिपेक्ष्य के अन्तर्गत भारत सरकार के मिशन एथेनॉल 20 प्रतिशत ब्लैंडिंग के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके और आसवनियों के परीक्षेत्र के किसानो को सशक्त एवं संमृद्ध बनाया जा सके। इसी के क्रम में उत्तर प्रदेश में पहली बार इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड आसवनी ने अपने परिक्षेत्र में कार्टेवा एग्रीसाइन्स के साथ मिलकर लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में मक्का बुवाई कराया। जिसमे अच्छी उपज के लिए समय समय पर कार्टेवा एग्रीसाइन्स के विशेषज्ञों द्वारा किसानो को सही जानकारी प्रदान किया गया।

उक्त कार्यक्रम का संचालन कार्टेवा एग्रीसाइन्स के हेड गवर्नमेंट अफेयर्स आशीष पालीवाल ने किया।

# जल निकासी की सुविधा न होने से नारकीय जीवन जी रहे हैं वार्डवासी

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला आर्य नगर के वार्ड संख्या चार नई बस्ती में आशीष कसौधन के घर के पीछे व सामने जल निकासी की सुविधा न होने के कारण लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। सड़क किनारे एकत्रित कूड़े से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। वार्ड में बिछाई गई सीवर लाइन के कारण सड़कें ऊबड़ खाबड़ हो गई हैं। छुट्टा जानवर मोहल्लेवासियों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। वार्ड में एक भी वाटर आरओ न होने व अधिकतर इंडिया मार्का हैण्डपम्प खराब होने के कारण लोग बाजार से डिब्बा बंद पानी खरीद कर पीने को विवश हैं। नई बस्ती मोहल्ले में जल निकासी की सुविधा नहीं है। मोहल्ले की सड़कों व इधर-उधर खाली पड़े स्थानों में जल भराव की समस्या बनी रहती है। गंदा पानी लोगों के घरों के निकट भरा है। वार्ड का कूड़ा भी सड़क किनारे एकत्रित रहता है। कूड़ा व गंदा पानी से तीव्र दुर्गंध उठता है। जिससे वार्ड वासियों में संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना रहता है।आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला इस समस्या से अंजान बना हुआ है। मोहल्ले में वाटर सप्लाई काफी धीमी गति से होती है। सुबह शाम पानी आने का समय निर्धारित है। रोजमर्रा कार्य के लिए लोगों को इसका इंतजार करना पड़ता है।

# बगैर कागजात चार वाहनों को एआरटीओ ने पकड़ा

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

परिवहन अधिकारी ने गुरुवार को नगर की सड़कों पर भ्रमण कर तीन अलग अलग स्थानों से चार वाहनों को पकड़ा है। पकड़े गए वाहनों के आवश्यक कागजात न होने पर जुर्माना की कार्रवाई की गई है। साथ ही पकड़े गए वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने गुरुवार को चुर्खी बाबई मार्ग, औरैया मार्ग व कोंच मार्ग पर चौकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान उन्होंने बाजरा के बीज व मसालों से भरी दो पिकअप को पकड़ा है। इसके साथ ही ईटा से भरी एक ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली व मिनी सवारी वाहन को पकड़ा है।



अधिकारी ने जब वाहन चालकों से आवश्यक प्रपत्र वाहन का रजिस्ट्रेशन, बीमा, प्रदूषण, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस आदि मांगे तो वह नहीं दिखा पाए। मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने पर चारों वाहनों के खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग ने पकड़ी गई पिकअप पर 31-31 हजार रुपये, ईटा के ओवरलोड ट्रेक्टर ट्राली पर 50 हजार व सवारी वाहन पर 5 हजार का जुर्माना लगाया गया है। पकड़े गए वाहनों पुलिस के सुपुर्द कर कोतवाली परिसर में खड़ा करा दिया गया है। उधर, एआरटीओ ने उरई चौराहे से देवनगर चौराहे तक ऑटो गैराज भी चौक किए और सड़क किनारे अतिक्रमण कर खड़े वाहनों को चौक किया। साथ ही चेतावनी दी कि सड़क किनारे कतई अतिक्रमण न किया जाए। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ वकीलों का फूटा गुस्सा

- लायर्स बार व न्यू बार के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी
- बैठक कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का किया ऐलान



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के खिलाफ गुरूवार को तहसील अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। तहसील की लायर्स बार एसोसिएशन व न्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। व्याप्त अनियमितताओं व भ्रष्टाचार लगाम कसने की मांग रखी। बाद में अधिवक्ताओं ने एक बैठक कर सुधार न होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया। विदित हो कि लायर्स बार एसोसिएशन ने पिछले दिनों एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय व कोर्ट में चल रही धांधली व भ्रष्टाचार के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन देकर अनियमितताओं पर रोक लगाए जाने की मांग रखी थी। करीब एक सप्ताह के बाद भी कोई सुधार न होने पर गुरूवार को लायर्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत व न्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपू यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में अनियमितताओं के खिलाफ संघर्ष करने का ऐलान किया गया। इसके बाद दोनो एसोसिएशन के एक सैकड़ा से अधिक अधिवक्ता एकजुट हुए और एसडीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने लगे। करीब आधा घण्टे तक नारेबाजी करने के बाद सभी अधिवक्ताओं ने फिर से एक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए न्यू बार एसोसिएशन संरक्षक नीरज त्रिपाठी ने कहा कि नामान्तरण के मुकदमों को लेकर लेखपालों द्वारा निर्धारित समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती। जिससे मुकदमो में अनावश्यक बिलम्ब होता है। पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा कि नायब तहसीलदार तिर्वा व हसेरन कार्यालय में मुकदमों से संबंधित कई पत्रावलियां गायब है। न्यायालय में पेशकार की तैनाती भी नहीं है। न्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपू यादव ने आरोप लगाया कि नामान्तरण के मुकदमो में आदेश के बावजूद भी कम्प्यूटर पर फिडिंग का काम नहीं किया जाता है। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।

लायर्स बार के संरक्षक सतीश राजपूत ने कहा कि मेड़बंदी के मुकदमों में राजस्व निरीक्षक द्वारा हजारों रूपए की वसूली रिपोर्ट लगाने के नाम पर की जाती है। कई बार इन समस्याओं की ओर अफसरों को ध्यान दिलाया गया, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इन समस्याओं को लेकर सभी अधिवक्ता गुरूवार से अनिश्चित काल हड़ताल पर जा रहे हैं।

# सेवानिवृत्त परिषदीय शिक्षक करेंगे पौधरोपण

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के केंद्रीय कंपोजिट विद्यालय में हुई वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके तय किया गया की समस्त सेवानिवृत्त परिषदीय शिक्षक पौधारोपण करेंगे।

एक अन्य प्रस्ताव में कहा गया कि समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष 3 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की तिथि 30 जून व 31 दिसंबर के ठीक अगले दिन अर्थात 1 जुलाई व 1 जनवरी को वेतन वृद्धि नियत होने पर ऐसे कर्मचारी की पेंशन की गणना हेतु एक नेशनल वेतन वृद्धि जोड़े जाने के संबंध में अविलंब संशोधन करने की कृपा करें। साथ ही उक्त नेशनल वेतन वृद्धि मूल वेतन में जोड़कर नियमानुसार पेंशन निर्धारण किया जाए। इस अवसर पर समिति के संरक्षक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के जिला प्रभारी सत्यराम यादव ने योग के महत्व पर बल दिया जबकि भारत सिंह प्रजापति, बालिस्टर सिंह यादव व सुरेश चंद्र शास्त्री ने भी विचार व्यक्त करते हुए वृद्धावस्था में खुश रहने का मंत्र दिया। राष्ट्रपति से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य भारत सिंह के संचालन में हुई बैठक में जीवालाल यादव, ओमप्रकाश यादव, प्रकाशचंद्र यादव, दर्शन सिंह, महेशचंद्र, सियासिंह पाल, जबरसिंह पाल, रामप्रकाश अग्निहोत्री, जसवंत सिंह, वेदप्रकाश चतुर्वेदी एवं राजकिशोर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।



## लंबित मुकदमे जल्द निपटाएं उपनिरीक्षकः एसपी

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र में हुए अपराधों की समीक्षा को लेकर गुरूवार की शाम पुलिस अधीक्षक ने मौजूद उपनिरीक्षकों व विवचेनाधिकारियों के पेच कसे। लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निपटाने व वांछितों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द गुरूवार की शाम तिर्वा कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होने मौजूद उपनिरीक्षकों एक जुलाई से लागू हुए नए कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। नए कानूनों के तहत ही अब रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होने मौजूद उपनिरीक्षकों को निर्देश दिए कि थाने में आने वाले फरियादियों की समस्या का गंभीरता से निस्तारण करें। इसके अलावा उन्होने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जो मुकदमे लंबित पाए गए, उनके विवेचनाधिकारियों को जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। बांछित अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# भाकियू के जिला अध्यक्ष बने राजू अंसारी

- भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति बढ़ा उन्नति की ओर

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सौरीख रोड पर स्थित एक मैरिज होम में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति द्वारा एक मीटिंग रखी गई जिसमें प्रदेश, मंडल कानपुर ,मंडल आगरा समेत कई जिलों के पदाधिकारी गण मौजूद रहे मंडल अध्यक्ष कानपुर सत्येंद्र अवस्थी की मौजूदगी में राजू अंसारी को फूल माला पहनकर एवं मिठाई बांटकर बड़े हर्ष उल्लास के साथ युवा जिला अध्यक्ष मनोनित गया। नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष राजू अंसारी ने कहा मैं हमेशा किसानों के हित में कार्य करूंगा और किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा एवं अपने संगठन को आगे बढ़ने का हर संभव प्रयास करूंगा। इस दौरान सत्येंद्र अवस्थी मंडल अध्यक्ष कानपुर, गिरीश चंद्र त्रिपाठी जिला अध्यक्ष कन्नौज, गंगा चरण यादव मंडल प्रभारी कानपुर ,सुरेश चंद्र राजपूत जिला मुख्य सचिव कन्नौज ,राकेश कुमार राजपूत जिला महामंत्री कन्नौज ,अनुज कुमार राजपूत जिला मीडिया प्रभारी कन्नौज, राधेश्याम वर्मा जिला सचिव कन्नौज ,अनुज कुमार यादव जिला अध्यक्ष कानपुर, मैनपुरी जिला अध्यक्ष पवन सक्सेना ,युवा जिला अध्यक्ष मैनपुरी कन्हैया, आगरा मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा गोल्डी गौतम ,जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी अनस अंसारी ,राखी सैनी जिला अध्यक्ष मैनपुरी महिला मोर्चा ,प्रमुख प्रदेश सचिव मीरा सक्सेना ,सीमा मिश्रा प्रमुख सचिव मैनपुरी, अरमान मलिक, अनुज प्रजापति ,मोहम्मद आमिर, नासिर वारसी ,अफजल कुरेशी, इनायत, मजहर, फैसल ,निहाल मुशाहिद अली, फरमान कुरैशी, कदीम, जुनैद खान ,अमन प्रधान ऋषभ ठाकुर , अंबर दुबे आदि पदाधिकारीगढ़ मौजूद रहे।

# ईओ की लापरवाही से दबंगों के हौसले बुलंद

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आदर्श नगर पंचायत तालग्राम में तहबाजारी के नाम पर हो रही मानक विहीन वसूली को बंद कराने तथा वसूली कर्ताओं पर कठोर कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र। गुरुवार को जिला कलेक्टर पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर दिया शिकायती पत्र की जांच व मानक विहीन वसूली को बंद कराने की मांग।प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि नगर पंचायत तालग्राम में तहबाजारी के नाम पर गुंडा टैक्स की भांति अवैध तरीके से दबंगई में मानक विहीन वसूली की जा रही है। वसूली के दौरान यदि कोई वसूलीकर्ताओं से रसीद या प्रमाण मांगता है तो वसूलीकर्ताओं द्वारा उनसे अभद्रता व गाली गलौज की जाती है, यहां तक वसूलीकर्ता मारपीट के लिए भी आमादा हो जाते हैं और धमकी देते हैं कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता उनके ऊपर चेयरमैन मोहसिन खान उर्फ जानू का हाथ है उनकी शिकायत चाहे मुख्यमंत्री से कर दो जाकर उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। जिससे आम जनमानस भयभीत हो जाती है। उक्त प्रकरण को लेकर 11 जून को अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था परंतु अधिशासी अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई जांच व कार्यवाही नहीं की गई। जिससे वसूलीकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं और निरंतर मानक विहीन तरीके से वसूली जारी है। इस दौरान भाकियू (स्वराज) जला उपाध्यक्ष अन्नू यादव व अतुल तिवारी भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गौवंश कचरे की ढेर से भर रहे हैं अपना पेट



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सरकार द्वारा भारी भरकम व्यवस्था करते हुए कई गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है लेकिन कर्मचारियों की मनमर्जी के चलते गोवंश कचरे के ढेर से पेट भर रहे हैं। शहर वा ग्रामीण क्षेत्र में गोवंश खुलेआम घूम रहे हैं गौशाला में गौवंश बहुत कम मात्रा में जिम्मेदार अधिकारी ए सी में बैठकर योजनाएं बनाते हैं नीचे के कर्मचारी अधिकारी कगजो में खाना पूर्ति करते हैं गौशालाओं में भी जो गौवश उनको भी पेट भर भोजन नहीं मिल रहा है गौशालाएं अवस्था के भेंट चढ़ी हुई है।

### नगर पालिका परिषद सभागार में दिलाई गई शपथ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में इंटर प्लास्टिक फ्री- डे पर नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों एवं नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक न करने के लिए आम जनमानस को प्रेरित किया एवम सपथ दिलाई पॉलिथीन से होने वाले हानिकारक परिणाम जैसे नाला नालियोयों में इकट्ठे होकर जाम लग जाना गाय भैंस जानवरों खाने से बीमार पड़ जाना दुष्परिणाम देखने को मिलते हैं जिससे जागरूक होना बहुत जरूरी है जिसने संजय सिंह, नीरज मिश्रा,अमरदीप, अंकित, प्रदीप कश्यप, रमेश चंद्र, रमेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रवेश,निर्मल देवी, वर्षा निगम, सुषमा, सरिता देवी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### व्यक्ति रैबीज से संक्रमित हो तो वैक्सीनेशन ही बचा बचा सकता है जानः मुख्य चिकित्साधिकारी

**उरई,जालौन।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि रैबीज एक संक्रामक बीमारी है, जो संक्रमित कुत्ते, बिल्ली, बन्दर, घोडे आदि के काटने, खरौचनें या लार आदि के माध्यम से फैलती है। इसमें बैक्सीनेशन ही बचाव है। अगर व्यक्ति रैबीज से संक्रमित हो जाये तो मृत्यु निश्चित है। इसलिये जब भी किसी व्यक्ति को कुत्ता बिल्ली, बन्दर, घोड़े आदि काटते है, तो सबसे पहले घाव को बहते हुये साफ पानी एवं साबुन से 15 मिनट तक धोए एवं नजदीकी चिकित्सालय में जाकर रैबीज का वैक्सीनेशन जरूर कराये। किसी झांड-फूक के बारे में न पड़े और न ही घाव पर मिर्च पाउडर एवं तेल का प्रयोग करें। घाव को पट्टी से न बांधे। कुत्ते को अकारण न छेड़े, अपने पालतु कुत्तों का टीकाकरण जरूर कराये तथा पालतु कुत्ते को आवारा कुत्तों के साथ न घूमने दे। आपके आवासीय क्षेत्र में कुत्ते, बिल्ली, बन्दर एवं अन्य जंगली जानवर अधिक हो तो नगर पालिकाध्नगर पंचायत में जाकर सूचना दे। जनपद की समस्त चिकित्सा ईकाइयों पर रेबीज की वैक्सीन उपलब्ध है। चिकित्सा इकाइयों में प्रशिक्षित चिकित्सकों, फारर्मासिस्ट एवं स्टार्फ नर्स द्वारा वैक्सीनेशन किया जाता है। पिछले वर्ष जनपद में 45043 लोगों को कुत्ता बिल्ली, बंदर, घोड़े आदि द्वारा काटा गया जिन्हें मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, सीएससी एवं पीएससी पर रेबीज बीमारी से बचाव हेतु टीके लगाये गये।

# गायत्री परिवार ने कैंडिल जलाकर दी श्रद्धाजंलि

- हाथरस की घटना को लेकर आयोजित हुई श्रद्धाजंलि सभा

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के दुर्गानगर मोहल्ले में गायत्री परिवार द्वारा एक श्रद्धाजंलि शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित श्रद्धाजंलि शिविर में गायत्री परिवार के लोगों व मोहल्ले के लोगों ने हाथरस की घटना को लेकर मृतक आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

तीन दिनों पहले हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में एक सैकड़ा से अधिक भक्तों की मौत हो गई थी। इसको लेकर गायत्री परिवार के लोगों ने गुरूवार को दुर्गानगर मोहल्ले में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान गायत्री परिवार के करीब दो दर्जन लोगों ने मोमबत्ती जलाकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।



मृतक आत्माओं को श्रद्धाजंलि अर्पित करते गायत्री परिवार के लोग

इस मौके पर गायत्री परिवार के तिर्वा के ब्लाक समन्वयक राजू चौहान, दिलीप सक्सेना, रामू चौहान, रामाराम शर्मा, रामऔतार मनवसिया, बंगाली प्रधान, रामअवतार यादव, जगपाल सिंह चौहान, हरदेव सिंह ड्यूक, आशीष बाथम, पिंकी सिंह, विमला तिवारी, अमन सिंह, निशांत सिंह, शिवानी सिंह राजावत, अक्षत भदौरिया व मानी चौहान मौजूद रहे।

# हाथरस कांड के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हाथरस कांड में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी है। गुरुवार को सपा के पूर्व सदर ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित शोक सभा में उन्होंने कहा कि हाथरस कांड में हुई हृदय विदारक घटना से पूरा देश दुखी है। प्रदेश सरकार की लापरवाह नीतियों के कारण यह घटना हुई है।

हाथरस का पुलिस प्रशासन यदि सतर्क होता तो यह घटना नहीं घटती। इस दौरान रामसेवक बाथम, अब्दुल सत्तार कुरैशी, विकास गुप्ता, गुड्डू दीक्षित, रामनिवास सविता, विपिन यादव, राजेश गुप्ता, कुलदीप वर्मा, शकील अहमद, सरफुद्दीन दादा, मनी गुप्ता, मोहित पाठक, अरुण शर्मा, मकबूल अहमद, संजीव मिश्रा, सागर सेजवार, अनुज राजपूत, नासिर सिद्दीकी, नवाब गुप्ता, संजेश यादव, पुष्पेंद्र यादव, रामनिवास यादव, रासकेंद्र यादव, सुमित पाठक, ऋतिक पाठक आदि मौजूद रहे। उधर गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में वरिष्ठ कांग्रेसी ओमकार नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने हाथरस कांड पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हाथरस कांड में मारे गए लोगों को प्रदेश एवं केंद्र सरकार 50-50 लाख का मुआवजा दे एवं प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इससे पूर्व उन्होंने कैंण्डिल जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह, अतुल मिश्रा, सतीश कुमार, राम प्रकाश, सुरेंद्रनाथ मिश्रा, कमलेश कुमार एवं आदि मौजूद रहे।



## शराब पीकर गाली-गलौज व मारपीट करने की हुई शिकायत

**जालौन (उरई)।** अलग अलग मामलों में शराब पीकर गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी मोंटू ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ऋषभ एवं ग्राम एदलपुर निवासी शांति देवी ने बताया कि उनके गांव के दिनेश कुमार उनके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। आरोप लगाया कि गुरूवार की सुबह ऋषभ एवं दिनेश कुमार शराब के नशे में उनके बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहे थे। जिसके चलते आने जाने वाले लोग परेशान हो रहे थे।

# शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनायें त्योहारः आलोक दुबे

- कोतवाल ने पीस कमेटी की बैठक में नागरिकों से मांगे सुझाव

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्रावण मास की कांबड यात्रा एवं मोहर्रम के त्योहारों से पूर्व कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक ने मौजूद सर्व धर्म के लोगों से आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने की अपील करते हुए सुझाव मांगे।

गुरूवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में कोतवाली निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने संभ्रांतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि



कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग।

कोतवाली क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए एक दूसरे के त्योहारों का सम्मान करें।

कहा कि अराजकता एवं नफरत फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहा कि बगैर परमीशन कोई भी धार्मिक कार्य करनें पर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, सरायप्रयाग चौकी प्रभारी राहुल पाल सहित राम मंदिर के महंत पं. राकेश चन्द्र दुवे, शहर काजी हाफिज जुम्मन, विहिप नेता नीरज मिश्रा, मुनीर कुरैशी, प्रधानप्रतिनिधि मो. इरफान उर्फ राजू, सभासद प्रतिनिधि शहंशाह, सुगम दुवे, व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फ चन्दन आदि मौजूद रहे।

# एमीम जिलाध्यक्ष ने व्यक्त की शोक संवेदना

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- हत्यारोपियों पर की जाये कड़ी कार्रवाई इशरत खॉन

एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने गुरसहायगंज स्वीमिंग काण्ड में मृतक अरबाज के परिजनों से मिलकर शोक संवेदनायें व्यक्त कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस दौरान उन्होनें प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इसे हत्याकांड या फिर मॉबलिंचिंग कहा जाए। गुरूवार को समर्थकों के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर पहुंचे एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन ने कहा कि इस हत्या में शामिल जितने भी हत्यारे हैं। उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए सजा दिलवाई जाए। जिससे भविष्य में समाज में ऐसा दोबारा अपराध करने से पहले अपराधी कांप जाए। वहीं शासन से मांग करते हुए कहा कि मृतक अरबाज के घर वालों को पचास लाख रुपए मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाए और जो अपराधी अभी तक गिरफ्त में नहीं आए हैं। उनको जल्द से जल्द गिरफ्तार करके जेल पहुंचाने का काम प्रशासन करे, जिससे समाज में पुलिस प्रशासन का भरोसा बना रहे और समाज में एक दूसरे से सौहार्द बना रहे। इस मौके पर मौजूद रहे भाकियू प्रदेश सचिव जावेद हुसैन, जिला प्रवक्ता वसीम खान, जिला युवा अध्यक्ष अकबर खान, नगर अध्यक्ष छिबरामऊ सभासद आसिफ इकबाल, विधानसभा अध्यक्ष छिबरामऊ जीशान सिद्दीकी, सभासद राजू भाई ओवैसी, जिला सचिव नौशाद खान, जिला संयुक्त सचिव शानू सलमानी, जिला सचिव सजिबुल आफ्ताब, जियाउल रिजवान खान आदि मौजूद रहे।

# युवक ने लगायी नदी में मौत की छलांग, मछुआरों ने बचाया

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार सुबह नशे में धुत युवक ने यमुना पुल से छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गम्भीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया है।

विगत कई वर्षो से यमुना पुल सुसाईड का प्वाईन्ट बन गया है जहां से अक्सर महिला पुरूष जान देने की कोशिश में छलांग लगाते रहते हैं हालांकि इसमें ज्यादातर की मौत हो जाती है पर कुछ किस्मत के धनी लोग बच भी जाते हैं और गुरूवार सुबह भी ऐसा ही मामला सामने आया है। सूत्रों की माने तो नगर के मुहल्ला इंदिरा नगर निवासी मयंक चौधरी पुत्र अशोक चौधरी बिगत कई वर्षो से बाहर रहता है और अभी कुछ दिनों पहले अपनी दादी की मौत पर घर आया हुआ था जो शुक्रवार को होनी है लेकिन गुरूवार सुबह उसने यमुना पुल से छलाँग लगा दी लेकिन मौके पर मौजूद मछुआरों ने उसे डूबने से बचा लिया था और मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया है लेकिन हालत अच्छी न देख डाक्टरों ने उसे रिफर कर दिया है। सूत्रों की माने तो कूदने वाला युवक शराब का लती है और उसके माता पिता की मौत भी हो चुकी है।

# एक वृक्ष मां के नाम लगाने के महाअभियान को मिली गति

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

एक वृक्ष मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण महाअभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को मां के नाम से एक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी हरिकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में वृक्षारोपण महाभियान चलाया जा रहा है।

जिसमें एक वृक्ष मां के नाम थीम पर लोगों को अपनी मां के नाम गांव, कस्बे या नहर में एक-एक वृक्ष रोपने के लिए प्रेरित किया जार रहा है। इसी थीम के तहत हिमालयन पब्लिक स्कूल में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यालय में पर्यावरण व वृक्षारोपण को लेकर निबंध एवं कला प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने धरती को हरा भरा रखने के लिए अपनी कल्पना से जमकर रंग उकेरे। जिसकी मौजूद लोगों ने काफी सराहना की। प्रतियोगिता के बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कराया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि विद्यालय के निकट ही नैनापुर वन ब्लाक माडल 5 है। जिसको बाल वन के रूप में निर्मित किया जा रहा है। इसका निर्माण पूरा होने पर बच्चों को खेलों से इतर गतिविधियां निभाने का भी मौका मिलेगा। इस स्थान पर बच्चों द्वारा पौधों का रोपण भी कराया गया और बच्चों को पौध का भंडारा कराया गया। इस मौके पर प्रबंधक ऋषभ पोरवाल, ब्लॉक प्रमुख कुठोंद अनिरुद्ध द्विवेदी, रूद्र प्रताप सिंह, मुबारक अली, अजीत कुमार, परशुराम, महेश आदि मौजूद रहे।





## धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कोंच, जालौन।** धोखाधड़ी के एक मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली है। मुहल्ला भगतसिंह नगर निवासी मानसिंह पुत्र मातादीन ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि मुहल्ला आराजी लेन निवासी गौस मोहम्मद उर्फ नन्नू राजा पुत्र सब्बार ने 28 जनवरी 2022 को पैसे के लेनदेन में उसके साथ धोखाधड़ी कर दी थी लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसकी प्राथमिकी दर्ज नहीं की थी। वहीं गुरुवार को उच्चाधिकारियो के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने गौस मोहम्मद के खिलाफ धारा 420, 406 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## अंडरपास सड़क में कीचड़ होने से राहगीर परेशान

**कालपी (जालौन)।** तहसील भवन एवं इंडस्ट्रियल एरिया के लिए आने जाने वाले रेलवे अंडरपास की सड़क में अंधेरा तथा जलभराव होने के कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क में कीचड़ होने के कारण बाइक सवार गिरकर चुटहिल हो रहें हैं। कालपी नगर से तहसील भवन, न्यायिक भवन, इंडस्ट्रियल एरिया, तरीबुलदा, गुलौली तथा बगिया जाने के लिए रेलवे अंडरपास से होकर जाना पड़ता है। बार संघ अध्यक्ष गयादीन अहिरवार तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अपूर्व शरद श्रीवास्तव ने बताया कि अंडरपास के नीचे सड़क में जलनिकासी का कोई उचित प्रबंध नही है। सड़क के दोनों किनारों में मिट्टी भी बहकर अंडरपास के नीचे जमा हो गई हैं। बरसात का पानी अंडरपास सड़क के ऊपर से होकर निकलता है, जिस कारण अंडरपास सड़क में कीचड़ हो जाता हैं। पैदल चलना तो दूर बाइक से निकलना भी दूभर हो जाता है, बाइक चालक गिरकर आये दिन चुटहिल हो जाते हैं। हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, राजू पतारा आदि उद्यमियों ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया के कारखानों में दिनरात उद्यमियों, कारोबारियों तथा मजदूरों का आना जाना लगा रहा है। कीचड़ युक्त अंडरपास होने से आवागमन में काफी समस्या होती हैं। अंडरपास के नीचे लाइट ना होने से अंधेरा छाया रहता हैं। उन्होंने कहा कि अंडरपास में रोशनी तथा सफाई की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।

# डकैती मामले में छह को दस-दस वर्ष का कारावास

- 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने राजेश उर्फ पटेला पुत्र कन्हैया निवासी कोपर झुंझुन राजस्थान, महेंद्र उर्फमहेश पुत्र ओमीराम ख्वाजा कालोनी वीछवाल बीकानेर राजस्थान, कालिया पुत्र भरती निवासी झाकड़ी बेहाल भिवानी हरियाणा, मनोज उर्फ छोटू पुत्र भूरा निवासी झुग्गी बस्ती अलवर राजस्थान, विनोद उर्फ छोटू पुत्र गंगाराम निवासी दुजाना थाना वेरी झज्जर हरियाणा, रामवीर पुत्र अमर सिंह निवासी भवानी खेड़ा रेलवे फाटक पलवल हरियाणा को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारवास व 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। बीते 6 वर्षो कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं अपने घर पर बच्चों व परिवार के साथ सोया था, तभी 25/26.01.2018 को रात्रि करीब 12.40 बजे करीब 7-8 बदमाश घर में घुस आए। जो अपने हाथों में नाजायज असलाह लिए थे।

घर में घुसते ही सभी को मारना पीटना शुरू कर दिया। कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर बक्से में रखा सामान बहू के कानों के झाले, पैरों की पाजेब व हाथों की छपक छल्ले व बेटी की झुमकी सोने की, पैरों की पाजेब तथा चार हजार की नकदी चुरा ले गये। जाते समय पीड़ित के लड़के फहीम को पकड़कर ले गये। बाकी को कमरे के अंदर बांधकर बंद कर गए। उपरोक्त घटना के संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 376डी, 395 आई.पी.सी. व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

विवेचक ने साक्ष्य के गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार डकैती के मामले के तहत राजेश, महेंद्र, कालिया, मनोज, विनोद, रामवीर को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास व पचास-पचास हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। साक्ष्य के अभाव से धारा 376डी आई.पी.सी. व पाक्सो एक्ट के मामले में दोष मुक्त कर दिया। जेल में बिताई गयी अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी।

# चारा काटते समय करंट लगने से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

करंट लगने से युवक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम घाटमपुर निवासी आदेश पुत्र माधवराम उम्र करीब 32 वर्ष सुबह 5.30 बजे घर में लगी पावर चारा मशीन से चारा काटने गया था। चारा काटते समय आदेश को जोरदार करंट लग गया। आनन-फानन में परिजन गम्भीर हालत में आदेश को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे।

जहां डियूटी पर तैनात डाक्टर ने आदेश को मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी। युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

# बसपा की विधान सभा कमेटी घोषित


नव निर्वाचित पदाधिकारी

- उपेंद्र सिंह लोधी फिर बने कायमगंज विधानसभा अध्यक्ष

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा क्षेत्र कायमगंज सुरक्षित 192 की कमेटी गठित की गयी है। जिसमें उपेंद्र सिंह लोधी फिर कायमगंज विधान सभा अध्यक्ष बने। गुरुवार को विधानसभा कायमगंज में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन कार्यक्रम में प्रथम बार विधान सभा क्षेत्र कायमगंज आगमन पर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रामदत्त बौद्ध व जिला प्रभारी विजय भास्कर व रामरतन गौतम एवम् जिला कार्यकारिणी सदस्य सीताराम का स्वागत किया गया।

वहीं घोषित की गयी कमेटी में पार्टी के निर्देशानुसार युवा पदाधिकारियों को भी शामिल किया गया है। 5 सदस्यीय कमेटी में कुछ लोग पहली बार जिम्मेदारी संभालेंगे। बसपा विधान सभा अध्यक्ष उपेंद्र सिंह लोधी, आयुष कांत विधान सभा उपाध्यक्ष, गौरव सिद्धार्थ महासचिव, अजीत पाल सचिव, नेम सिंह कोषाध्यक्ष, रामौतार गौतम व अहिवरन सिंह लोधी को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। गोपी चंद्र को बीवीएफ व पूनम देवी को बामसेफ का विधान सभा संयोजक बनाया गया है।

# मोहर्रम-सावन को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते एसडीएम, सीओ व मौजूद संभ्रांत नागरिक

थाना पर आगामी त्योहार मोहर्रम एवं सावन को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें नगर के व्यापारी, संभ्रांत लोग तथा मोहर्रम कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए एसडीएम सदर गजराज सिंह तथा क्षेत्राधिकार अमृतपुर रविंद्र नाथ राय ने कहा किसी भी प्रकार की किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी लोग त्योहार आपस में मिलजुल कर मनाएं।

यदि अराजकतत्वों के द्वारा त्योहारों में गड़बड़ी की जाती है तो आप तुरंत जिसकी सूचना थाने पर दें। वहीं सीओ रविंद्र नाथ राय ने कहा की कमालगंज में तो हर त्यौहार लगभग गंगा जमुनी तहजीब से मनाया जाता है और आगे भी हम अपेक्षा करते हैं कि आप लोग इसी तरह से अपने-अपने त्योहारों को मनाएंगे वहीं मोहर्रम कमेटी से आए लोगों ने बताया कि गंगा गली में ताजिया ले जाते वक्त पीपल के पेड़ की डाल नीची होने के कारण उसमें ताजिया फंस जाता है इसके बाद उच्च अधिकारी एसडीएम तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने मौके पर जाकर ग्रामीणों की मदद से पीपल की डालों को मौके पर ही कटवा दिया, ताकि आगे कोई समस्या ना रहे।

बताते चले आपको की एक साल पहले का मोहर्रम कमेटी तथा पीस कमेटी की तरफ से समझौता लिखा हुआ थाने में पहले से ही रखा है। जिसमें लिखा गया है कि सावन आने से पहले या ताजियों के समय से पहले यदि पीपल की डाल नीची हो जाती है तो उसको कटवा दिया जाएगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार शंखवार, प्रधान सिंघी रामपुर, पिंटू यादव उर्फ अवनीश, शेरपुर सराय प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र कुमार, नगर के व्यापारीगण केशव चंद्र गुप्ता, अजय महेश्वरी, डॉ0 शिवकुमार गोयल तथा मोहर्रम कमेटी से वसीम फारुकी, रानू फारुकी, इजाजत, सभासद व नगर पंचायत के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कमीशनखोरी को लेकर सचिव व ग्राम प्रधानों में ठनी

- प्रधानों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे अधिकारी
- जांच मिली सही, बोले रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपेंगे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


जांच करते अधिकारी

ग्राम सचिव के तानाशाही रवैया से नाराज ग्राम प्रधानों ने जिला अधिकारी तथा सीडीओ से शिकायत की थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पीडी तथा एआई जांच करने पहुंचे।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमापुर दबीर, अलाहदादपुर सैथरा में तैनात ग्राम सचिव धर्मेंद्र पाल के तानाशाही रवैया से ग्राम प्रधान इतने आहत हुए कि जब से उनकी तैनाती हुई है तब से कमीशन के बंटवारे को लेकर ग्राम प्रधानों से विवाद चला आ रहा है।

जिस पर ग्राम सचिव ने ग्राम पंचायत का सारा विकास कार्य रोक दिया और तो और ग्राम सचिव ने ग्राम पंचायत रमापुर दबीर के लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल तथा मृत्यु प्रमाण पत्र भी देना उचित नहीं समझा। जिसकी कई ग्रामीणों ने भी शिकायत की। शिकायत के आधार पर ग्राम प्रधान रामापुर दबीर पवन यादवस ग्राम प्रधान अलाहदादपुर दिनेश यादव, ग्राम प्रधान सितारा, हर्षित गंगवार ने जिले के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में जिले के परियोजना निर्देशक पीडी तथा तकनीकी विभाग से एई जांच करने पहुंचे। जांच में ग्राम प्रधानों द्वारा लगाए गए आरोप सत्य पाए गए। जो रजिस्टर में मृत प्रमाण पत्र तथा परिवार रजिस्टर की नकल के लिए लाभार्थी द्वारा आवेदन किया जाता है वह आवेदन रजिस्टर में अंकित मिले, लेकिन उसके बाद भी ग्राम सचिव ने कोई भी किसी लाभार्थी को परिवार रजिस्टर की नकल तथा मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं दिया। जिस पर जांच करने आए अधिकारियों ने बताया कि यह रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। इसके आधार पर अधिकारी जो भी कार्रवाई करेंगे वह अमल में लाई जाएगी।

## सीएचसी प्रभारी को देख झोलाछाप डॉक्टर फरार


जांच पड़ताल करते सीएचसी प्रभारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** सीएचसी प्रभारी ने गुरुवार के क्षेत्र में कई झोलाछाप चिकित्सकों की दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान झोलाछाप चिकित्सक फरार हो गये। सीएचसी प्रभारी ने उन्हें नोटिस जारी किये हैं।

जानकारी के अनुसार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आरिफ सिद्दीकी ने शिकायत पर रतनपुर पमारान स्थिति झोलाछाप चिकित्सक बबलू के यहां छापा मारा, लेकिन झोलाछाप चिकित्सक दुकान बंद कर भाग गया। जिस पर सीएचसी प्रभारी ने नोटिस चस्पा करते हुए तीन दिन के अंदर जवाब देने की बात कही है। वहीं गूजरपुर पमारान में भी झोलाछाप चिकित्सक उत्तम से पूछताछ कर तीन दिन में मेडिकल डिग्री दिखाने की बात कही है। डा0 आरिफसिद्दीकी ने बताया है कि कई एक जगह छापेमारी की गई। एक झोलाछाप चिकित्सक भागने में सफल रहा। जिसे नोटिस दिया गया है।

# नशे में धुत सिपाही ने हलवाई व उसके सहयोगियों को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव लखनपुर निवासी अजय सिंह पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह मीना गेस्ट हाउस से हलवाई गिरी का काम करके लगभग 1 बजे अपने साथियों के साथ बाहर निकला, तभी गेस्ट हाउस के गेट के बाहर पहले से मौजूद कांस्टेबिल अंकित गंगवार जो कि शराब के नशे में धुत थे ने सभी को रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गन्दी-गन्दी गाली देने लगे और हम लोगों की जेब में रखे रुपये निकाल लिये।

जब अजय सिंह ने गालियाँ देने से मना किया, तो कांस्टेबिल अंकित गंगवार ने लात-घूसों व डण्डों से मारपीट की। जिसकी सूचना अजब सिंह ने डायल 112 पुलिस को दी। कांस्टेबिल ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया।

# डॉक्टर दंपति के खिलाफ दर्ज मुकदमें की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

- आई.एम.ए. के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


एसपी को ज्ञापन देने के बाद चिकित्सक

आईएमए के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर डाक्टर दंपति के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

जानकारी के अनुसार बीते दिन फतेहगढ़ नगलादीना स्थित डॉ. हेमेंद्र श्रीवास्तव व डॉ. अंजली श्रीवास्तव के घर में काम करने वाली युवती ने तीसरी मंजिल पर बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस पर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने डाक्टर दंपति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। गुरुवार को आईएमए के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी कि डॉ. हेमेंद्र श्रीवास्तव व डॉ. अंजली श्रीवास्तव के ऊपर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच करायी जाये। चिकित्सकों के अनुरोध पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ. विपुल अग्रवाल, सेक्रेटरी डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. एम.बी. सक्सेना, डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. उदयराज सिंह, डॉ. नरेश शर्मा और डॉ. सतीश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# नीति आयोग व कमिश्नर के कार्यक्रम में चकरघिन्नी बने ब्लाक अधिकारी

- पीडी ने बीडीओ के साथ कई गांवों का किया निरीक्षण
- अधीनस्थों को व्यवस्थायें दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


ब्लाक का निरीक्षण करते अधिकारी

आकांक्षात्मक विकास खंड होने पर एक साथ दो कार्यक्रम लगने पर विकास खंड कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गये। पीडी ने खण्ड विकास अधिकारी को साथ लेकर कई गांवों का निरीक्षण किया।

गुरुवार को नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पहुंचे जिला परियोजना निदेशक पीडी कपिल कुमार तथा अधिशासी अभियंता अमरेंद्र श्रीवास्तव ने पहुंचकर विकास खंड कार्यालय तथा परिसर का निरीक्षण किया। बताते चलें कि जिले में दो आकांक्षात्मक ब्लाक हैं जिसमें एक राजेपुर पर तथा दूसरा नवाबगंज आकांक्षात्मक ब्लॉक बनाया गया है। जिस पर जिले के अधिकारियों की तथा उच्च अधिकारियों की हर समय विकास कार्यों पर निगाह रहती है। ऐसे में पहले से ही गृह मंत्रालय के तहत नीति आयोग के लोगों ने अपना कार्यक्रम लगा दिया था।

नीति आयोग का कार्यक्रम लगने से पहले से ही अधिकारी परेशान थे, लेकिन एकाएक अचानक कमिश्नर का भी कार्यक्रम लग गया। जिससे विकास खंड के लोगों के हाथ पांव फूल गए। वहीं परियोजना निदेशक ने क्षेत्र की साहबगंज गौशाला तथा कई ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया और कमिश्नर के निरीक्षण तथा नीति आयोग के अधिकारियों के निरीक्षण से पहले सारी व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास खंड कार्यालय पर परिसर में फैली गंदगी को भी साफ करने के निर्देश एडीओ पंचायत को दिए। जिस पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने आधा सैकड़ा से अधिक सफाई कर्मचारियों को लगाकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास खंड की व्यवस्था सुदृढ़ करवाई।

पीडी ने विकास खंड अधिकारी को साथ लेकर साहबगंज गौशाला, फतनपुर पानी की टंकी, वीरपुर, लखनपुर, अमिलैया सहित कई गांव का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के बाद विकास खंड कार्यालय पर लौटकर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों को पूरी व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला परियोजना निदेशक कपिल कुमार, एई अमरेंद्र श्रीवास्तव, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, सुरेश चंद्र, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, राहुल चंदेल, नीति आयोग से आलोक कुमार, नियोजन विभाग से इंदल सिंह, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर सहित ग्राम पंचायत के कई सचिव मौजूद रहे।

# आगामी त्योहारों को लेकर थानाध्यक्ष ने लोगों से मांगे सुझाव


पीस कमेटी की बैठक लेते थानाध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्योहारों मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर थानाध्यक्ष ने संभ्रात लोगों की बैठक ली तथा उनसे सुझाव मांगे। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार ने आगामी त्योहार मोहर्रम तथा कावड़ यात्रा, रक्षाबंधन को लेकर संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार ने कस्बे के तथा आसपास ग्रामीण लोगों से आये संभ्रांत लोगों से सुझाव मांगे। वहीं कुछ लोगों ने कस्बे में बीच बाजार में चल रहे मीट के व्यापार पर रोष जताया। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने थाना पुलिस को निर्देशित किया कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनको नोटिस दिए जाएं। उन्होंने बताया की सावन के महीने में किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं होनी चाहिए। यदि नोटिस देने के बावजूद लोग नहीं मानते हैं, तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं कस्बे में निकल रहे मोहर्रम जुलूस के ताजिए तथा कावड़ यात्रा व रक्षाबंधन के बारे में कई लोगों से सुझाव लिए।

इस मौके पर अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, फारूक अली, जाफर नगर की नूरी मस्जिद के पेश इमाम नजमुल कादरी, इदरीश सिद्दीकी, आफाक अली, जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य, करुणेश यादव, कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, आकाश ठाकुर सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति तथा समस्त नगर पंचायत के सदस्यगण के अलावा थाना प्रभारी अमोद कुमार, थाने के एसएसआई संतोष कुमार, वीरेंद्र सिंह, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


मृतकों को श्रद्धांजलि देते पदाधिकारी

## हाथरस घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय बौद्ध महासभा तहसील कायमगंज के पदाधिकारियों ने गुरुवार को अंबेडकर पार्क चिलौली में भोले बाबा के सत्संग में जिला हाथरस में हुए हादसे में मृतकों की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में सरकार से मांग की गई कि ऐसे आयोजनों की अनुमति न दी जाये। जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आयोजकों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाये तथा ऐसे बाबाओं को जेल भेजा जाये, ताकि पाखंडवाद पर अंकुश लग सके। श्रद्धांजलि सभा में सीपी सिंह बुद्धिस्ट, प्रताप सिंह, महेंद्र पाल सिंह, विजय सिंह, प्रदीप गौतम, सौरभ कुमार बुद्धिस्ट, अनुज गौतम, धर्मेंद्र राणा,गौरव सिद्धार्थ, राजन, गौरव कुमार, रजनीश कुमार, मयंक गौतम आदि मौजूद रहे।

# आपातकाल के विरोध में हुई संगोष्ठी लोकतंत्र सेनानी हुए सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोकतंत्र सेनानी व मिथलेश अग्रवाल आदि

तहसील सभागार में 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपात काल के विरोध में संगोष्ठी का आयोजन किया गया तथा उस सम जेल गये लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान वह कक्षा 1 के छात्र थे।

भारत देश की जनता में पूर्ण रूप से भय व्याप्त था। लोगों को जबरदस्ती पकड़ कर नसबन्दी कराई जा रही थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक देशभक्तों को ढूंढ-ढूंढकर जेल भेजा जा रहा था। पूरे देश में लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों को जेल भेजा गया। इस दौरान 22 लोगों की जेल में ही मृत्यु हो गयी। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही डा0 मिथलेश अग्रवाल ने बताया कि जो लोग आज लोकसभा में संविधान की प्रतिमा लेकर देश की जनता को गुमराह कर रहे है और अपने को देश का सबसे बड़ा शुभचिंतक बता रहे हैं। एक समय रातोंरात आपातकाल लगाकर इन्हीं के द्वारा लोकतंत्र को अपमानित करने का काम किया गया था। डॉ. बी के गंगवार ने बताया उस समय इन्दिरा गांधी की तानाशाही इतनी चरम पर भी कि वो कहती थी इण्डिया इज इन्दिरा और इंदिरा इज इडिया और खुद को भी समझने लगी थी और इसके खिलाफ पूरे देश में एक आक्रोश था। इस दौरान रातोंरात अपने मंत्री परिषद को बिना अवगत कराए आपातकाल राष्ट्रपति को दवाव में लेकर लगा दिया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी रामसिंह, राधेश्याम राजपूत, कृष्णवीर सिंह गंगवार, कैलाश चन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया।

# जलज परियोजना के तहत प्राकृतिक साबुन निर्माण का दिया गया प्रशिक्षण

▸ महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नमामि गंगे एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के जलज परियोजना अंतर्गत कमालगंज प्रखंड नगला खेम रैंगाई गांव के पंचायत भवन परिसर में गंगा प्रहरियों की चार दिवसीय प्राकृतिक साबुन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। 20 महिलाओं को प्राकृतिक साबुन निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में हल्दी चन्दन, चावल के आटे और शहद, मुल्तानी मिट्टी, चुकंदर, उबटन, एलोवेरा, नीम, मसूर दाल आदि की साबुन बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षण के समापन के बाद प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के जलज टीम से प्रोजेक्ट एसोसिएट 2 राखी चंद्रवंशी, सहायक समन्वयक स्वाति सिंह, सहायक समन्वयक शुभम कटियार, जलज क्षेत्रीय सहायक गौरव कुमार, मुख्य प्रशिक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से दिया गया। प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान किए बगैर हानिकारक रसायन रहित साबुन का निर्माण कर समाज को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है और पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। समापन सत्र में प्रशिक्षक संतोष कुमार द्वारा पैकिंग, मार्केटिंग तथा साबुन बनाने के सभी बातों को बारीकी से पुनः बताया तथा अपने आस-पास जागरूकता अभियान चलाने का निवेदन किया गया।

# केएसआर इंटर कालेज में संचारी रोग जागरुकता प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केएसआर इंटर कालेज कम्पिल में संचारी रोग जागरुकता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीन दयाल के निर्देशन में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव व कुसुमलता निगम की देखरेख में संचारी रोगों के अन्तर्गत निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में कक्षा 6, 7, 8, 9 व 10 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में सभी ने संचारी रोग के प्रति चित्र उकेरे। निबंध प्रतियोगिता में साफ-सफाई आदि पर निबंध लिखे गये। शैलेन्द्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों के प्रति



संचारी रोग प्रतियोगिता में छात्र-छात्रायें

जागरुक करते हुए बताया कि साफ-सफाई रखे। घर और आसपास के लोगों को भी जागरुक करें। मच्छरों को पनपने न दें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। किसी प्रकार का मच्छर काटता है तो उसकी जांच कराये, आदि जानकारियां दी गई। कुसुमलता निगम ने स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। व्यवस्था व्यायाम शिक्षक राकेश कुमार ने देखी।

## मां से कहासुनी पर नाराज होकर चली गयी किशोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** परिजनों से नाराज होकर किशोरी कहीं चली गयी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गिरीश चंद्र पुत्र हरीराम निवासी रामपुर जसू थाना शमशाबाद द्वारा थाना पुलिस को तहरीर दी गयी है। जिसमें कहा गया है कि उनकी पुत्री सहेली दिवाकर उम्र 12 वर्ष जो गुरुवार को समय करीब 12.00 बजे दिन को अपनी मां रीना देवी से नाराज होकर कहीं चली गई है। जिसे काफी खोजा गया,पर नहीं मिली। जिसके संबंध में तहरीर के आधार पर थाना शमशाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 116/24 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# अटेवा द्वारा छह महीनों में पेंशन आंदोलन को किया जायेगा मजबूतः ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पेंशन के महानायक विजय कुमार बन्धु के आवाह्न पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा आगामी 6 महीनों में पेंशन आंदोलन को मजबूत करने की कार्य योजना बनायी गई है। जानकारी देते हुए अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक पेंशन आंदोलन को मजबूत बनाने एवं शिक्षकों, कर्मचारियों की ताकत को एकजुट करने के लिए ब्रह्द स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

जुलाई के पहले सप्ताह में एनएमओपीएस की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भोकस करने के लिए आंदोलन की रणनीति बनेगी।

अगस्त के पहले सप्ताह में लोकसभा का सत्र चलेगा। दिल्ली में पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। 1 अगस्त से 9 अगस्त तक सभी ब्लाकों में एनपीएस निजी करण देश के लिए घातक नाम से गोष्ठी का आयोजन होगा। सितम्बर या अक्टूबर के पहले सप्ताह में देश के सभी जिला मुख्यालय पर पेंशन मार्च किया जायेगा। नवम्बर व दिसम्बर में राजधानी लखनऊ में ऐतिहासिक पेंशन हुंकार कार्यक्रम होगा। जिसमें देश के सभी सांसद समर्थन पत्र जारी करने हेतु घेराव करेंगे। अटेवा की अपील है कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। एकजुटता के साथ ताकत का एहसास कराने के लिए अटेवा पेंशन बहाली मंच विभिन्न कार्यक्रम चलाकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेगा।



ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

# मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में हुआ स्वागतोत्सव




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य संदीप कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में छात्र-छात्रा स्वागत उत्सव का आयोजन किया गया। विभागीय आदेशों के अनुपालन में प्रधानाचार्य संदीप कुमार चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को विद्यालय उपयोगिता, विद्यालय क्यों आना चाहिए, नियमित क्यों आना चाहिए, छात्र-छात्राओं को विद्यालय में कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के शैक्षिक एवं पाठ्येत्तर वातावरण को अच्छा बनाये रखने के मूल मंत्र बताये गये। इस अवसर पर शिक्षक चन्द्रपाल, सतेन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र, कृष्ण मोहन, संतोष कुमार सरोज, संदीप कुमार, विवेक कुमार मिश्रा मौजूद रहे। यशपाल यादव ने व्यवस्था देखी।

# राहुल गांधी का फोटो जलाने के विरोध में भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्ण प्रकाश शुक्ला पुन्नी ने जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन तहसील पहुंचकर सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सांसद द्वारा भाजपा के नकली हिन्दुत्व का पर्दाफास किया गया। एवं भ्रष्टाचार सहित नीट यूजी की परीक्षाओं में अनिमियतताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर भाजपा का झूठा चेहरा देश की जनता के सामने उजागर किया गया था।

अपने झूठ का खुलासा देखकर भाजपाई इतना तिलमिला गये कि उन्होंने हमारे नेता की फोटो को पुलिस एवं प्रशासन की संरक्षण में जलाने की नाकाम कोशिश की।

इनके भय का आलम यह था कि इन लोगों ने वाराणसी जनपद में प्रदेश अध्यक्ष के पुस्तैनी घर जहां परिवार के लोग रहते है, पुलिस के संरक्षण में जाकर राहुल गांधी की फोटो जलाने की कोशिश की। हमारे देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं के खिलाफ है। पुलिस प्रशासन द्वारा सत्तापक्ष के लोगों को अपने संरक्षण में रखकर विपक्ष के नेता की फोटो जलाने की यह घटना अत्यंत निंदनीय एवं स्वच्छ राजनीति के विपरीत है। जिसकी कांग्रेसीजन निंदा करते है। इस घटना के विरोध में जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। कांग्रेसियों ने मांग की कि ऐसी अराजक गतिविधियां रोकी जाये। इस मौके पर शादाब हुसैन, राजीव, वीरेन्द्र मिश्रा, प्रभात, जुबैर अहमद, पप्पो, निक्की, सुनीता तिवारी, नसरीन, सबीनाज, विनोद, अभिषेक सारस्वत, आसिफ खां, हिलाल सफीकी आदि लोग मौजूद रहे।



तहसील में ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

## खबरें एक नजर में

### आबकारी टीम ने 50 लीटर लहन किया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी टीम ने संदिग्ध ग्राम में दविश देकर 50 किलो लहन बरामद कर नष्ट कर दिया। इस दौरान 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। टीम ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफएंव उप निरीक्षक सुनील कुमार ने कोतवाली कायमगंज पुलिस के साथ संदिग्ध ग्राम ममापुर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 50 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियोग पंजीकृत कियो गये। इस दौरान टीम ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट व सीसीटीवी कैमरों का परीक्षण किया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### श्रीप्रकाश उपाध्याय को बनाया गया चंदौली का सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड में तैनात रहे बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्याय को चंदौली सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बनाया गया है। बताते चलें पना काम इमानदारी से निर्वहन करने वाले बीडीओ श्री प्रकाश उपाध्याय की चंदौली जनपद के लिए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता के पद पर प्रोन्नति हुई है। वैसे तो श्रीप्रकाश उपाध्याय अपनी साफसुथरी छवि के लिए जाने जाते हैं। क्योंकि वह अपना काम पूर्णता ईमानदारी से करते हैं। कमालगंज ब्लॉक में श्रीप्रकाश उपाध्याय ने 8 सितंबर 2023 को चार्ज लिया था। बीडीओ के पद पर तब से अभी तक उन्होंने काफी मेहनत से अपना कार्य किया है। इससे पहले भी उन्होंने कायमगंज में भी लगभग 1 वर्ष खंड विकास अधिकारी के रूप में कार्य किया है। 10 महीना लगभग राजेपुर ब्लॉक में, मोहम्मदाबाद ब्लाक में खंड विकास अधिकारी के पद पर लगभग 3 महीने का कार्य किया।

### पीड़ित ने एसपी से की बाइक चोरी की शिकायत

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।** बुधवार दोपहर बनखण्डी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने पत्नी के साथ गये युवक की बाईक चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामला में जाँच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है। नगर में वाहन चोरी का सिलसिला जारी है। मंगलवार रात वन विभाग परिसर के पास स्थित पेट्रोल पम्प से ट्रेक्टर ट्राली चोरी हो गई थी तो वुधवार दोपहर बनखण्डी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने गए बलराम पुत्र दयाराम निवासी उदनपुरा कस्वा कालपी बाईक वन विभाग परिसर से गायब हो गई। युवक के मुताबिक बुधवार को वह अपनी पत्नी के साथ अपनी एच एफ डीलक्स बाईक संख्या यूपी 92 एएन 0836 से गया था जिसे उसने जाने से पहले वन विभाग की नर्सरी में खड़ा कर दिया था और वही से मंदिर चला गया था और महज 10 मिनट बाद लौटकर आया तो बाईक गायब थी जिसकी शिकायत उसने वुधवार को कोतवाली पुलिस के अलावा पुलिस अधीक्षक से भी की थी जिस पर पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया था। कोतवाली पुलिस के अनुसार शिकायत आई है जिसकी जांच की जा रही है अगर मामला सही है तो मामला दर्ज कर बाईक बरामद कर चोरों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# रस्तोगी इं.का. के शिक्षक गौरीशंकर को अध्यापकों ने दी विदाई



अध्यापक गौरीशंकर को विदाई देते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा अधिनियम व्यवस्था एवं शासनादेश के द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंटर कालेज के प्रवक्ता व अध्यापकों के आधार पर रिक्त पद के प्रति उन्हें निजी व्यय पर उनके नाम तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किये जाते है।

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक गौरी शंकर सैनी का स्थानांतरण पतेई अमरोहा के लिए किया गया है। गुरुवार को रस्तोगी इंटर कालेज में शिक्षकों ने सहायक अध्यापक गौरीशंकर को शाल ओढ़ाकर व फूल माला पहनाकर सम्मानित कर उन्हें विदाई दी। सभी ने गौरीशंकर के कार्य की सराहना की। गौरीशंकर ने नम आंखों के साथ सभी से गले मिलकर शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने गौरीशंकर के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गौरीशंकर ने पठन-पाठन को अहम मांगा और सभी शिक्षकों से मेलजोल के साथ विद्यालय में जो भी जिम्मेदारी दी गई। उसे निभाया। प्रधानाचार्य ने शाल ओढ़ाकर गौरी शंकर को सम्मानित किया और उन्हें विदाई दी। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेन्द्र सिंह सोलंकी, सुधाकर चतुर्वेदी, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, महाराज सिंह, देवेन्द्र कुमार, संजीव चौहान, डॉ. यशवंत सिंह, रामवीर सिंह, हिमांशु शुक्ला, विजेन्द्र मथुरिया, अनुराग मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, सुभाष चन्द्र शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## दो दिवसीय भगवान जगन्नाथ महोत्सव रथ यात्रा 6 व 7 जुलाई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** द्वि दिवसीय रथ यात्रा महामहोत्सव का आयोजन 6 व 7 जुलाई को होगा। 6 जुलाई को श्रीगुण्डिचा मार्जन सेवा द्वारा प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक नवयौवन दर्शन एवं श्रीराधारमण संकीर्तन रस वर्षा का आयोजन होगा। जिसमें किशोरी दास प्रवचन देगें। 7 जुलाई रविवार को रथयात्रा का शाम 4 बजे राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड से आयोजन होगा। कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल भाग लेगी। रथयात्रा लोहाई रोड से प्रारंभ होकर चौक, नेहरु रोड, घुमना, नितगंजा, स्टेट बैंक होती होती घमंडी कूंचा राधा माधव मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान जगन्नाथ का भात, कर्माबाई की खिचड़ी का प्रसाद वितरित होगा। कार्यक्रम की व्यवस्था राधा माधव संकीर्तन मण्डल देखेगी।

# मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगे, वेतन विसंगती, स्थानांतरण का लाभ गृह जनपद के समीप प्रदान किये जाने की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि संघ ने मांग की कि अधिकांश संविदा कर्मचारियों की तैनाती उनके गृह जनपद से 200 या 500 मीटर दूर हो। जिसमें अधिकांश महिलायें भी शामिल है। उन्हें यात्रा करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। दूर नौकरी करने से परिवार विखरा रहता है। जीवन यापन के लिए मजबूर होकर कार्य करना पड़ता है। इस बजह से स्थानांतरण का लाभ दिया जाये। 2016 से लंबित वेतन विसंगती है। एक ही पद पर विभिन्न कार्यक्रम में कार्यरत संविदा कर्मचारियों का वेतन एक समान नहीं है। वर्ष 2016 से भारत सरकार द्वारा बजट आमंत्रित किये जाने के बाद वेतन विसंगति दूर नहीं की गई है। ऐसे में उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। कार्यरत संविदा कर्मी एवं वेतन निर्धारण नीति बनाये जाने हेतु उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाये। जिससे वित्त एवं कर्मिक विभाग के साथ-साथ संघ का प्रतिनिधित्व को शामिल किया जाये। इन मांगों को गंभीरता से लिया जाये, आदि मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

# दबंगों के उत्पीड़न से परेशान पीड़ित परिवार ने लगाये जमीन व मकान बिकाऊ के पोस्टर




घटना के संदर्भ में जानकारी देती पीड़ित परिवार व लगा पोस्टर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मपुरी में दबंगों से परेशान पीड़ित परिवार पलायन करने को मजबूर है। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की है। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद है। जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के क्षेत्र ब्रह्मपुरी निवासी रामदास की जमीन पर गांव के ही दबंग महिपाल, रामकिशोर, रामस्वरूप ने दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि उसने जिलाधिकारी से दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। उसके बाद लेखपाल जांच के लिए आया और परिजनों को धमकी देकर चला गया। पीड़ित परिवार को न्याय न मिलने पर जमीन बिकाऊ के पोस्टर लगा दिये है। दबंगों से परेशान होकर पीड़ित परिवार सहित पलायन को मजबूर है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दावत खाने जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा गंभीर रुप से घायल हो गयी। उपचार के लिए लोहिया में भर्ती कराया गया। जहां इमरजेंसी में टांके के नाम पर वृद्धा से दो हजार रुपये ले लिये गये। थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी 60 वर्षीय कमला देवी पत्नी श्रीराम गांव में दावत खाने जा रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वृद्धा गंभीर रुप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों ने सीएचसी शमशाबाद में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया 108 एंबुलेंस से वृद्धा को लाया गया है हाथ में गंभीर चोट है। भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। वृद्धा के नाती रजनेश कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि दादी के हाथ में गंभीर चोट थी। हाथ में टांके लगाने के लिए इमरजेंसी में कुछ लोगों ने 2 हजार रुपये ले लिए। जानकारी होने पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत लोहिया पहुंच गयी। इस दौरान 2 हजार रुपयों में से 1700 रुपये वापस कर दिये गये। बताया गया कि 300 रुपये टांके के धागे के नाम पर काट लिये है। इस संबंध में सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि मामले की जांच करायी जायेगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# यूथ कांग्रेसियों ने हाथरस कांड में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



कैंडिल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सैय्यद अम्मार अली जैदी और विधानसभा अध्यक्ष पति शिवाशिष तिवारी के नेतृत्व हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ में मृत हुए लोगों श्रदांजलि दी गयी।

रोडवेज बस अड्डा फब्बारे के पास कैंडिल जलाकर शोक व्यक्त किया गया और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई।

इस मौके पर आरिफ खान, फैसल खान, जबार अली, शिवेंद्र दुबे, अनस खान, अभिषेक सिंह, आदित्य मिश्रा, जुनैद खान, मोनिस खान, अमर मिश्रा, सुजीत सिंह, सुमित सजय, सालिम, आरिफ, मोहित सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, अनुज वर्मा, हर्षित सिंह, सौरभ दुबे, गौरव दुबे आदि लोगो मौजूद रहे।

# भाकियू ने एनएच-730सी पर गुणवत्ता विहीन सीमेंटेड ईट को लगाने से रोका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कानपुर मंडल के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने सेंट्रल जेल चौकी के निकट हाईवे के किनारे पर बिछाई जा रही सिमेंटेड ब्रिक को गुणवत्ता विहीन बताते हुए ठेकेदार से कार्य को रोकने के लिए कहा।

जिस पर ठेकेदार ने वहां पर मौजूद एनएचएआई के अधिकारी को बताया। अधिकारी ने बताया कि हम यही ईट लगाएंगे। जिस पर प्रभाकांत मिश्रा नाराज होते हुए बोले कि हम यह ईट नहीं लगने देंगे। चाहे हमें यहां रोड को जाम कर धरना ही क्यों ना देना पड़े। इसके बाद एनएचएआई के अधिकारी ने एडीएम सुभाष प्रजापति से फोन पर बात की और प्रभाकांत मिश्रा की बात कराई। इसके बाद एडीएम ने तुरंत काम रोकने के लिए कहा और गुणवत्ता विहीन ईट को लगाने से मना कर दिया। एनएचएआई के अधिकारी ने कहा कि हम यही ईट लगाएंगे। हमको कोई नहीं रोक सकता। जिला विधिक सलाहकार/जिला प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि हम इस मामले को 12 जून को जहानगंज में हुई महापंचायत में ही एसडीएम सदर गजराज सिंह को ज्ञापन में पैरा (4) के माध्यम से बता चुके हैं। जिसकी उन्होंने जिसकी जांच उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। यदि इसके बाद भी गुणवत्ता विहीन ईट को लगाया जाता है तो हम गुणवत्ता विहीन ईट को किसी भी सूरत में हाईवे पर नहीं लगने देंगे। चाहे इसके लिए हमें मुख्यालय का ही घेराव क्यों न करना पड़े। इस अवसर पर इस अवसर पर विजय शाक्य, सुधीर कटियार, अभय यादव, अभिषेक कटियार आदि मौजूद रहे।



सड़क निर्माण का कार्य रुकवाते भाकियू नेता

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SAVITRI व जन्मतिथि 30.09.1947 दर्ज हो गयी है, जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम MALLO व जन्मतिथि 01.01.1945 है। MALLO M/O Army No-3007788N Rank Hav. Jogendra Singh Training Battalion R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill, Jatoli Ghana (Rural) Bharatpur, Rajasthan-321001

# रोहित, सूर्या, दुबे और जायसवाल को महाराष्ट्र विधान भवन में किया जाएगा सम्मानित

एजेंसी



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन में सम्मानित किया जाएगा। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक के सुझाव के जवाब में स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा, इन खिलाड़ियों को निमंत्रण भेजा गया है, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी मिलेंगे।

नार्वेकर ने सोशल मीडिया एक्स पर विधान भवन में इससे संबंधित चर्चा का वीडियो भी पोस्ट किया है। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों ने आईसीसी विश्व कप जीतने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई देने वाले प्रस्ताव पहले ही पारित कर दिए हैं। सरनाईक ने कहा कि वे सम्मान समारोह में सभी विधायकों की उपस्थिति के लिए अध्यक्ष से अनुरोध करेंगे। सरनाईक ने कहा कि शर्मा, यादव, दुबे और जायसवाल मुंबई से हैं और यह मुंबईवासियों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, ÷महाराष्ट्र सरकार को इन खिलाड़ियों को उसी तरह सम्मानित करने की जरूरत है, जिस तरह 2007 और 2011 में विश्व कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इन खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना चाहिए। सरनाईक के सुझाव को अध्यक्ष ने तुरंत स्वीकार कर लिया और तदनुसार शर्मा, यादव, दुबे और जायसवाल को शुक्रवार को विधान भवन में सम्मानित किया जाएगा।

# देश की सशस्त्र सेनाएं बदलाव स्वीकार करने के लिए रहें तैयार

## सीडीएस चौहान ने जूनियर कमीशंड ऑफिसर और 18 ग्रेनेडियर्स के सैनिकों की सभा को किया संबोधित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि तकनीकी प्रगति के कारण युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और देश की सशस्त्र सेनाओं को इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना होगा।

### तोलोलिंग और टाइगर हिल की लड़ाई के 25 साल पूरे

उन्होंने 1999 में करगिल युद्ध के दौरान तोलोलिंग और टाइगर हिल की लड़ाई के 25 साल पूरे होने के मौके पर सेना के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और '18 ग्रेनेडियर्स के सैनिकों की एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। भारतीय सेना ने 4 जुलाई 1999 को टाइगर हिल चोटी फतह की थी। करगिल युद्ध में 18 ग्रेनेडियर्स बटालियन ने अहम भूमिका निभायी थी। करगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए हर साल 26 जुलाई को 'विजय दिवस मनाया जाता है। जनरल चौहान ने कहा, ''देश के लोगों को हमारी क्षमताओं पर भरोसा है और उसी के कारण हमारी इतनी प्रतिष्ठा है। जो विरासत आपको दी गयी है, वह हमारे पूर्वजों द्वारा अर्जित की गयी है। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत रूप से और एक समुदाय के रूप में भी ''हमें जिम्मेदारियां सौंपता है। उन्होंने कहा कि एक सैनिक के रूप में कोई कभी गलती नहीं कर सकता और एक समुदाय के रूप में विश्वास कम नहीं किया जा सकता। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में कहा, ''हम परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं।

### हमें लचीला और कल्पनाशील बनना होगा

हम एक पेशेवर सशस्त्र बल और एक महाशक्ति बनना चाहते हैं। यह हमारी आकांक्षा है। अगर हम नयी ऊर्जा के साथ काम करें, तभी यह संभव हो सकता है। वैज्ञानिकों और दार्शनिकों का हवाला देते हुए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि केवल परिवर्तन ही स्थायी है और भारतीय सशस्त्र बल ''इस बदलाव से दूर नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा, ''त्वरित तकनीकी घटनाक्रम के कारण युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। पहले यह पाया गया कि युद्ध जीतने के लिए वीरता एक आवश्यक तत्व है। लेकिन भविष्य के युद्धों में केवल वीरता ही पर्याप्त नहीं है। हमें लचीला और कल्पनाशील बनना होगा तथा खुला दिमाग रखना होगा। जनरल चौहान ने कहा कि कई हथियारों के बेहतर प्रौद्योगिकी से उन्नत होने के साथ ही युक्तियां और रणनीतियां भी बदल गयी हैं तथा अब यह बहुत तेजी से हो रहा है।

# आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को अलग-थलग' व 'बेनकाब' करने की जरुरत : जयशंकर

एजेंसी



**अस्ताना।** भारत ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को 'अलग-थलग करने' और 'बेनकाब' करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है।

जयशंकर ने सम्मेलन में कहा, ''हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता।'' सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ''उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं''।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा, ''सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए।'' जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नयी दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने रेखांकित किया कि एससीओ 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सदियों पुराने सिद्धांत का पालन करते हुए लोगों को एकजुट करने, सहयोग करने, बढ़ने और समृद्ध होने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है जिसका अर्थ है पूरी दुनिया एक परिवार है। जयशंकर ने बाद में 'एक्स' पर लिखा, ''प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ओर से एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के शिखर सम्मेलन में भारत का वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं देने के लिए सम्मेलन में उपस्थित नेताओं को धन्यवाद।

### सीमा विवाद पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से गुरुवार को अस्ताना, कजाकिस्तान में एससीओ बैठक के दौरान मुलाकात की। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्ष से कहा कि भारत-चीन संबंध आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और हितों को ध्यान में रखकर ही बेहतर हो सकते हैं। ऐसे में वास्तविक नियंत्रण रेखा का सम्मान और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित की जानी चाहिए। विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की वापसी की दिशा में बाधाओं को दूर करने के लिए पूर्वी लद्दाख में शेष क्षेत्रों से सैन्य तनातनी कम करने और सीमा पर शांति बहाल करने के प्रयासों को दोगुना करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। दोनों मंत्री इस बात पर सहमत हुए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक बने रहना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने वैश्विक स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी को अगले वर्ष चीन की अध्यक्षता में एससीओ के लिए भारत का समर्थन दिया। द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने के लिए पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शेष मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ के महत्व को रेखांकित किया। दोनों मंत्री शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए अपनी चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों के राजनयिक और सैन्य अधिकारियों की बैठकें जारी रखने और बढ़ाने पर सहमत हुए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा, मैं स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनकी शिक्षाएं लाखों लोगों को शक्ति प्रदान करती हैं। उनका गहन ज्ञान और ज्ञान की निरंतर खोज भी बहुत प्रेरणादायी है। हम एक समृद्ध और प्रगतिशील समाज के उनके स्वप्न को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए नमन किया है। भाजपा ने एक्स हैंडल में स्वामी विवेकानंद के प्रमुख अनमोल वचन संघर्ष जितना कठिन होगा, जीत उतनी शानदार होगी को भी उद्धृत किया है। स्वामी विवेकानंद के विचार कालजयी हैं। उनके प्रमुख विचार हैं- जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे तो निर्बल और सबल मानोगे तो सबल ही बन जाओगे। किसी दिन जब आपके सामने कोई समस्या न आए, तो आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं। जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

# बंगाल के राज्यपाल के मानहानि मामले की सुनवाई 10 जुलाई तक स्थगित

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस द्वारा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई एक बार फिर स्थगित कर दी गई है। अब इस मामले में 10 जुलाई को अगली सुनवाई की तारीख तय की गई है। इससे पहले, बुधवार को यह मामला पहली बार न्यायमूर्ति कृष्णा राव की एकल-जज बेंच के सामने आया था, लेकिन तब इसे गुरुवार तक स्थगित कर दिया गया था। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने निर्देश दिया कि जिन मीडिया हाउसों की रिपोर्ट्स पर राज्यपाल का मानहानि मामला आधारित है, उन्हें भी मामले में पक्षकार बनाया जाए।

गुरुवार को जब मामला फिर से सुनवाई के लिए आया, तो राज्यपाल बोस के वकील धीरज त्रिवेदी ने अदालत का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि यह मामला अभी तक कलकत्ता हाईकोर्ट के रिकॉर्ड में सूचीबद्ध नहीं हुआ है। इसके बाद, न्यायमूर्ति राव ने कार्यवाही स्थगित कर दी और अगली सुनवाई की तारीख 10 जुलाई तय की। इस मामले में मुख्यमंत्री के अलावा, तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष और हाल ही में चुने गए दो विधायक सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैम सरकार को भी नामजद किया गया है।

राजभवन के सूत्रों ने बताया कि कुणाल घोष को राज्यपाल के बारे में एक मीडिया हाउस में की गई टिप्पणी के कारण पक्षकार बनाया गया है। इसी प्रकार, दो विधायकों के नाम उनकी शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राज्यपाल के बारे में की गई टिप्पणियों के कारण शामिल किए गए हैं। यह मामला मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में की गई टिप्पणियों पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कहा था कि हाल की घटनाओं के कारण महिलाएं राजभवन जाने में डर रही हैं। मुख्यमंत्री ने नव-निर्वाचित विधायकों के राजभवन न जाने के फैसले का समर्थन करते हुए यह बयान दिया था।

# विश्व कप टी-20 विजेता भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व कप टी20 विजेता भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। विजेता भारतीय खिलाड़ियों की यह मुलाकात प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में हुई। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व विजेता टीम से उनके अनुभवों को सुना।

सोशल मीडिया पर जारी फोटो में प्रधानमंत्री मोदी ट्रॉफी पकड़ने की बजाय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ का हाथ थामे नजर आए। वहीं बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को टीम इंडिया के रंग वाली 'नमो 1' जर्सी भी भेंट की मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खिलाड़ियों के साथ बातचीत की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, हमारे चैंपियंस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात।

लोक कल्याण मार्ग में विश्व कप विजेता टीम की मेज़बानी की और टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुभवों पर एक यादगार बातचीत की। बीती 29 जून को दक्षिण अफ्रीका के बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद टीम इंडिया आज सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंची। इसके बाद खिलाड़ियों का आईजीआई एयरपोर्ट, आईटीसी मौर्य होटल और होटल के रास्ते में जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद टीम इंडिया मुंबई के लिए रवाना हो गई। वहां शाम को टीम वानखेड़े स्टेडियम में बीसीसीआई के सम्मान समारोह में भाग लेगी।

### 5,696 अमरनाथ यात्रियों का जत्था जम्मू से कश्मीर रवाना

**जम्मू।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा 2024 पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है क्योंकि पांच दिनों में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की है, जबकि 5,696 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था वीरवार को जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। 5696 यात्रियों का एक और जत्था आज जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में घाटी के लिए रवाना हुआ।

इनमें से 2028 यात्री 97 वाहनों के सुरक्षा काफिले में सुबह 3.13 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए जबकि 3.668 यात्री 122 वाहनों के एक अन्य सुरक्षा काफिले में सुबह 3.40 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान, पहलगाम बेस कैंप के लिए रवाना हुए। पिछले साल यात्रा के पहले पांच दिनों में करीब 50,000 तीर्थयात्री पवित्र गुफा पहुंचे थे। मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर बादल छाए रहने और दिन में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

# अंतरिक्ष में जाने से पहले नॉन ऑर्गेनिक पीएम को मणिपुर जाना चाहिए : जयराम

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अंतरिक्ष में जाने से पहले गैर-जैविक प्रधानमंत्री को मणिपुर जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन के लिए उम्मीदवार हो सकते हैं।

एक्स पर रमेश ने 4 जुलाई को लिखा, अंतरिक्ष में जाने से पहले, गैर-जैविक प्रधानमंत्री को मणिपुर जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट में इसरो प्रमुख एस सोमनाथ के हवाले से कहा गया है कि पीएम मोदी भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए उम्मीदवार हो सकते हैं, जिसे 2025 में लॉन्च किया जाना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एस सोमनाथ ने कहा, हालांकि उनके (पीएम मोदी) पास निश्चित रूप से कई अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं, लेकिन मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम विकसित करना एक ऐसी क्षमता है जिसे हम विकसित करना चाहेंगे और गगनयान अंतरिक्ष कार्यक्रम, विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगदान देना चाहेंगे।ष् सोमनाथ ने कहा, हम सभी को बहुत-बहुत गर्व होगा यदि हमारे पास राष्ट्राध्यक्ष को आत्मविश्वास के साथ अंतरिक्ष में भेजने की क्षमता है। इस बीच, केंद्र सरकार को पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में मई 2023 में शुरू हुई जातीय हिंसा को लेकर भारतीय ब्लॉक के विपक्षी सांसदों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को राज्यसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर में स्थिति सामान्य करने के लिए प्रयास कर रही है।

# शिक्षकों के तबादलों में लाखों-करोड़ों की धांधली हुई : आतिशी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के तबादलों को लेकर विवाद गरमाता जा रहा है। दिल्ली सरकार अपने ही सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश दे चुकी है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने अंदेशा जताया है कि इस ट्रांसफर में लाखों-करोड़ों रुपए की रिश्वत का लेनदेन भी हुआ है। इसकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आतिशी के मुताबिक पिछले दिनों दिल्ली के शिक्षा विभाग ने आदेश निकाला कि एक स्कूल में 10 साल से पढ़ा रहे शिक्षकों का ट्रांसफर होगा। यह आदेश बिलकुल गलत और शिक्षा विरोधी है। इस आदेश को निरस्त करने के लिए मैंने शिक्षा विभाग के सचिव और डायरेक्टर को आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों की मेहनत से दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था बदली है। जिनकी मेहनत से दिल्ली के सरकारी स्कूल बदले हैं। सरकारी स्कूलों के बच्चे आईआईटी-जेईई की परीक्षाएं पास कर रहे हैं। इस ट्रांसफर के आदेश को निरस्त करने के मेरे निर्देशों के बावजूद 2 जुलाई को देर रात 5,000 अध्यापकों के तबादले का आदेश निकल जाता है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस ट्रांसफर प्रक्रिया के दौरान भारी भ्रष्टाचार हुआ है। ट्रांसफर रुकवाने के लिए भारी रिश्वत दी गई है। क्या अब दिल्ली के अधिकारी ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों को बर्बाद करने में जुटे हुए हैं? उन्होंने कहा कि मैंने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि ट्रांसफर के इस आदेश को तुरंत रोका जाए। इस दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ एक्शन लिया जाए। आतिशी ने कहा है कि क्या अब दिल्ली सरकार के अधिकारी ही बच्चों का भविष्य बर्बाद कर देंगे। उनके आदेश के बावजूद अगर ट्रांसफर का आदेश पारित किया गया है तो ये एक बड़े भ्रष्टाचार की तरफइशारा कर रहा है।

### मंत्री सिंधिया ने स्पाइस पार्क के पुनरुत्थान के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा क्षेत्र गुना (मध्यप्रदेश) में 2013 के दौरान बनाए गए एक 'स्पाइस पार्क' के पुनरुत्थान के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सिंधिया ने पत्र में गुना क्षेत्र के मावन गांव में 100 एकड़ में बने राज्य के उस एक मात्र 'स्पाइस पार्क' का जिक्र किया है, जिसकी स्थापना 16 मार्च 2013 को की गई थी। केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को लिखा है कि गुना क्षेत्र को उद्योग व्यापार से जोड़ने के लिए स्थापित किए गए इस 'स्पाइस पार्क' की मसाला इकाइयों से मसालों का निर्यात होता है। इसके लिए ट्रकों की आवाजाही लगी रहती है। ये ट्रक सिंगवासा रेल ब्रिज से होकर गुजरते हैं। उन्होंने आगे लिखा है कि अंडरपास के कारण माल से लदे ट्रकों का आर-पार होना सम्भव नहीं हो रहा है।

# डाबर ग्लुकोज ने लॉन्च किया 'एनर्जाइज इंडिया'

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज़ ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन 'एनर्जाइज़ इंडिया का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज़ ने आज लखनऊ की टाउन कराटे अकादमी, विष्णुपुरी कालोनी, निकट चुंगी, कानपुर रोड में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया।

इस मौके पर दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, जसपाल सिंह, सेक्रेटरी, कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश व प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा खालसा इंटर कालेज आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर विवान आहूजा व ईशिता को सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान जसपाल सिंह ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत ज़रूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं, जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। डाबर इंडिया लिमिटेड में हेल्थ सप्लीमेन्ट्स के मार्केटिंग हैड श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा 'हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम 'एनर्जाइज़ इंडिया' कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा। डाबर एथलीट्स, खेल प्रशंसकों और उन लोगों के लिए परफेक्ट ब्राण्ड है जो एक्टिव लाईफस्टाईल जीना चाहते हैं। डाबर ग्लुकोज़ इंस्टेन्ट एनर्जी देता है, ऐस में यह खासतौर पर उन एथलीट्स के लिए बेहतरीन है जो फिज़िकल एक्टीविटीज़ करते हैं।' श्री अग्रवाल ने कहा कि 'डाबर ग्लुकोज़ हमेशा से युवाओं को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली जीने के लिए प्रेरित करता रहा है। युवा एथलीट्स के साथ यह साझेदारी इसी लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है। अपने ताज़गी से भरे स्वाद और इंस्टेन्ट एनर्जी के साथ डाबर ग्लुकोज़ युवा एथलीट्स की एनर्जी बनाए रखने के लिए बेहतरीन विकल्प है।

## खबरें एक नजर में

### शालिनी मिश्रा पर श्रेया ग्रुप ने दर्ज कराया एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ पुलिस ने धोखाधड़ी और ब्लेकमेलिंग के गंभीर आरोपों में शालिनी मिश्रा के खिलाफ हजरतगंज थाणे में एफआईआर दर्ज की है। यह शिकायत श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय द्वारा की गई है, जिसने शालिनी मिश्रा पर कंपनी के आंतरिक दस्तावेजों और संवेदनशील जानकारी का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से दर्ज एफआईआर के अनुसार, शालिनी मिश्रा, जो कंपनी में एक महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत थीं, ने धोखे से कई महत्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज हासिल किए और इसके आधार पर कंपनी से बड़ी रकम की मांग की। जब कंपनी ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया, तो उन्होंने ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। वही कंपनी के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने बताया शालिनी मिश्रा, उनके पिता राम शरण मिश्रा के अलावा गुलिसता (मुस्कान), सुनील कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार और अखिलेश कुमार तिवारी करोड़ों रुपए कंपनी से लिए हुए हैं, जिसे कंपनी को देना ना हो इसलिए खड्यंत्र रच रहे हैं। इसमें कई लोग और शामिल है जो पुलिस जांच के दौरांन सामने आएंगे और अन्य अन्य कई लोगों की संलिपतता सामने आएगी। वहीं, श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से कहा गया है कि, हमारी कंपनी में किसी भी प्रकार की अनैतिक और अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने इस मामले को कानून के समक्ष रखा है और हमें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में शिकायत दर्ज कर आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### मां वैष्णो देवी की यात्रा पर आए श्रद्धालु की मौत

**कटरा।** मां वैष्णो देवी की यात्रा पर आए एक श्रद्धालु की बैटरी कार मार्ग पर देवी द्वार क्षेत्र में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई। श्रद्धालु की पहचान शिवांशु त्रिपाठी (20) पुत्र अविनाश त्रिपाठी निवासी अतिराजपुर, छिबरामन, कन्नौज, उत्तर प्रदेश के रूम में हुई है। जानकारी के मुताबिक श्रद्धालु शिवांशु त्रिपाठी अपने स्वजनों के साथ बुधवार को मां वैष्णो देवी के भवन की ओर रवाना हुआ तभी मां वैष्णो देवी के बैटरी कार मार्ग पर देवी द्वार क्षेत्र में अचानक पहाड़ी से गिरा पत्थर श्रद्धालु की जान ले गया। वहीं मौके पर मौजूद श्राइन बोर्ड अधिकारियों व कर्मियों के साथ ही पुलिस के जवानों ने तुरंत राहत व बचाव कार्य कर गंभीर रूप से घायल श्रद्धालु को इलाज के लिए अर्धक्वारी स्थित डिस्पेंसरी लाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही शव को पोस्टपार्टम के लिए कटड़ा के सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखा गया है।

### द एशिया ग्रुप के अध्यक्ष ने केंद्रीय वित्त मंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** द एशिया ग्रुप के पार्टनर और अध्यक्ष अशोक मलिक ने गुरुवार को यहां केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात की विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि द एशिया ग्रुप के पार्टनर और अध्यक्ष अशोक मलिक ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान क्या बात हुई, इसकी विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिली है।

### अल फशर पर अर्धसैनिक बलों के हमले में 15 की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर के एक बाजार में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के तोपखाने हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खतिर ने बुधवार को 'शिन्हुआ' को बताया, 卐सभी मृत और घायल नागरिक थे। उन्हें एल फशर में अल-मवाशी (पशुधन) बाजार को निशाना बनाया गया था।

### सोनिया से मिले मुकेश अंबानी, बेटे के शादी में किया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने गुरुवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से उनके 10 जनपथ स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने सोनिया को अपने बेटे अनंत अंबानी की शादी के लिए निमंत्रण दिया। उद्योगपति मुकेश अंबानी सोनिया गांधी से मिले और उन्हें शादी का निमंत्रण पत्र दिया। करीब एक घंटे तक वे उनके आवास पर रहे और फिर वहां से रवाना हो गए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उद्योगपति मुकेश और अनिल अंबानी तथा गौतम अडानी के प्रति राजनीतिक बयान दे चुके हैं।

### उपराष्ट्रपति छह से केरल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 6 और 7 जुलाई को केरल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया कि अपनी यात्रा के पहले दिन उपराष्ट्रपति धनखड़ भारतीय अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के 12वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे और मेधावी छात्रों को संस्थान का उत्कृष्टता पदक प्रदान करेंगे।